www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार,16 सितम्बर, 2023 | वर्ष-16 | अंक -161 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



कमरतोड़ महंगाई की सबसे ज्यादा मार झेल रहे ... 02
■ दिल्ली में अब दोगुना तेजी से होगा कूड़े के पहाड़ों का निस्तारण
■ 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन की उत्साहपूर्ण शुरुआत 03
■ चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड
■ अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को बढ़ावा... 07
टेरेंस लुईस ने उन्हें कंटेम्परेरी डांस स्टाइल ... 10

## सार संक्षेप

### श्री गुरु ग्रंथ साहिब प्रकाश पर्व आज



**अमृतसर।** श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व आज मनाया जाएगा। स्वर्ण मंदिर में इस दिन डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं के दरबार साहिब में माथा टेकने की संभावना है। सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव जी ने 1604 में दरबार साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था। तब से लेकर अब तक हर साल श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव जी ने 1604 में दरबार साहिब में पहली बार गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया था।

### मप्र-उप्र समेत सात सात राज्यों में ऑरेंज अलर्ट



**नई दिल्ली।** मानूसन ने वापस जाते-जाते पूरे देश को एक बार फिर से भिगो दिया है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के कुछ जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उप्र में अगले तीन दिन यानी 17 सितम्बर तक तेज बारिश होने की संभावना है।

### सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई सत्र न्यायालय ने तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी की न्यायिक हिरासत 14 दिनों के लिए बढ़ा दी है। सेंथिल बालाजी को पुझल जेल से



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया गया था। इससे पहले चेन्नई की एक कोर्ट ने जून में धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम के नेता सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। फैसला 20 सितम्बर तक के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### आंध्र प्रदेश में सड़क दुर्घटना में पांच की मौत

**कडपा।** आंध प्रदेश में अन्नामय्या जिले के पास मातमपल्ली गांव में पेलुरु-कालक्का राजमार्ग पर शुक्रवार को वैन और लॉरी




की भिंड़त में पांच लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। उपनिरीक्षक लोकेश ने बताया कि हादसा उस वक्त हुआ जब कर्नाटक राज्य के बेलगाम के लोगों का एक समूह वैन से श्रीशैलम और तिरुमाला पर पहाड़ी मंदिर के दर्शन करने के बाद बेलगाम वापस जा रहे थे। उसी दौरान वैन एक लॉरी से टकरा गई। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए।

### नूंह हिंसा में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को हिंसा फैलाने के आरोप में देर रात फिरोजपुर झिरका से कांग्रेस विधायक मामन खान को गिरफ्तार कर लिया है। विधायक मामन खान को राजस्थान के जयपुर से गिरफ्तार किया गया है।

# हैदराबाद में जुटेंगे कांग्रेस नेता

## सीडब्ल्यूसी की बैठक आज, मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे अध्यक्षता

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की पहली बैठक शनिवार को हैदराबाद में होगी। इसमें भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण सहित आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की आगे की रणनीति, विपक्षी गठबंधन इंडिया की एकजुटता और साल के आखिर में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सीडब्ल्यूसी बैठक की जानकारी दी।

बता दें कि बीते 20 अगस्त को कांग्रेस पार्टी ने अपनी शीर्ष नीति निर्माता संस्था कार्य समिति का पुनर्गठन किया था। इसमें खड़गे के अलावा पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी,पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह सहित 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल हैं। समिति की बैठक का एजेंडा भले ही बाहर नहीं आया है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के मद्देनजर राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण सहित मोदी सरकार को घेरने की रणनीति,इंडिया गठबंधन को मजबूत करने और इसके आगे ले जाने को लेकर चर्चा होगी।सूत्रों के मुताबिक, कार्य समिति की इस बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, चीन के साथ सीमा पर तनाव और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। कल एक दिन की कांग्रेस कार्यमिति की बैठक होगी। जबकि अगले दिन 17 सितम्बर को विस्तारित कार्यसमिति की बैठक होगी। इसमें सभी राज्यों के प्रमुख व मुख्यमंत्री भी हिस्सा लेंगे।



■ सोनिया, मनमोहन सिंह व राहुल गांधी समेत कई वरिष्ठ नेता होंगे शामिल
■ लोकसभा व विधानसभा चुनावों की रणनीति पर होगा जोर
■ बेरोजगारी, मणिपुर हिंसा व जम्मू कश्मीर के हालात पर मोदी सरकार को घेरा विपक्ष

### विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर होगा मंथन

सूत्रों का कहना है कि कार्य समिति की बैठक में 'इंडिया' गठबंधन को और मजबूत करने को लेकर चर्चा हो सकती है। कार्य समिति की इस बैठक में कुछ महीने बाद पांच राज्यों-मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर भी मंथन होगा। कांग्रेस की कोशिश है कि इन राज्यों के विधानसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करके लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत किया जाए। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस कार्य समिति की इस बैठक में महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, चीन के साथ सीमा पर तनाव और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों पर सरकार को घेरने की रणनीति पर भी चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि 'भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण को लेकर भी इस कार्य समिति में चर्चा हो सकती है।

माना जा रहा है कि कार्य समिति की बैठक, जनसभा और मार्च के जरिए कांग्रेस तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज करेगी। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक ऐसे समय होने जा रही है जब उसने और दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने मिलकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का गठन किया है। 'इंडिया' के घटक दलों ने फैसला किया है कि वे अगला लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ेंगे और जहां तक संभव हो सकेगा सीटों पर तालमेल करेंगे। बैठक के बाद हैदराबाद के पास कांग्रेस की एक विशाल रैली होगी, जहां तेलंगाना के लिए पांच गारंटी की भी घोषणा की जाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सीडब्ल्यूसी सदस्यों, पीसीसी अध्यक्षों और सीएलपी नेताओं के काफिले को भी हरी झंडी दिखाएंगे जो तेलंगाना के 119 विधानसभा क्षेत्रों में से प्रत्येक का दौरा करेंगे। 18 सितम्बर को कांग्रेस कार्यकर्ता बीआरएस सरकार के खिलाफ अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में घर-घर अभियान चलाएंगे।

### इन विषयों पर होगी चर्चा

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार को घेरने की रणनीति, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की एकजुटता को आगे ले जाने, संगठन को मजबूत करने तथा कई अन्य विषयों पर चर्चा होगी। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक के अगले दिन विस्तारित कार्य समिति की बैठक होगी। विस्तारित कार्य समिति की बैठक में कार्य समिति के सभी सदस्यों के अलावा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कई अन्य वरिष्ठ नेता भाग लेंगे। कार्य समिति की बैठक के बाद 17 सितम्बर को हैदराबाद के निकट एक जनसभा भी होगी जिसे पार्टी के शीर्ष नेता संबोधित करेंगे।

## प्रियंका गांधी का प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह

# हिमाचल को किया जाए राष्ट्रीय आपदा घोषित

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिख कर हिमाचल की प्राकृतिक त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने का आग्रह किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि प्राकृतिक आपदा से हिमाचल में भारी नुकसान हुआ है। बादल फटने व भूस्खलन की एक के बाद एक घटनाओं से समूचा प्रदेश प्रभावित है। कई बेशकीनती जिंदगियां जा चुकी हैं। लोगों के आशियाने ताश के पत्तों की तरह ढह गए। उल्लेखनीय है कि प्रियंका गांधी बीते 12 सितम्बर को प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का जायजा लेने पहुंची थी।

हिमाचल प्रवास के पहले दिन उन्होंने कुल्ल, मनाली तथा मंडी में आपदा प्रभावितों से मुलाकात करने के साथ साथ राहत व पुनर्वास कार्यों का जायजा लिया। 13 सितम्बर को कांग्रेस महासचिव ने शिमला में आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। वह समरहिल के नजदीक शिव बावड़ी पहुंची, इसके बाद उन्होंने कृष्णा नगर व कनलोग में नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते



प्राकृतिक आपदा से हिमाचल में हुआ भारी नुकसान : प्रियंका गांधी

हुए भी प्रियंका गांधी ने कहा था कि पीएम मोदी को हिमाचल की तरफ भी देखना चाहिए। उन्होंने शिमला व मंडी दोनों जगहों से हिमाचल की त्रासदी को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग केंद्र से की थी। बीते रोज प्रियंका गांधी शिमला से दिल्ली पहुंची तथा आज शुक्रवार को उन्होंने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में मानसून ने बीते 24 जून को दस्तक दी थी, इसके बाद से बादल फटने , बाढ़ व भूस्खलन के साथ साथ अन्य हादसों में 429 लोगों की जान जा चुकी है। 2500 से अधिक घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। 10 हजार से अधिक घरों को आंशिक तौर पर नुकसान पहुंचा है।

## ग्रेटा नोएडा में बड़ा हादसा

# निर्माणाधीन इमारत की लिफ्ट गिरी, चार की मौत

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट ग्रेनो वेस्ट में शुक्रवार को सुबह निर्माणाधीन बिल्डिंग में पैसेन्जर लिफ्ट गिरने से उसमें फंसे 9 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिनमें से चार मजदूरों की उपचार के दौरान मौत हो,जबकि पांच व्यक्तियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। मरने वालों में इस्ताक अली पुत्र इरशाद अली निवासी ग्राम फतेहजोर बिसरोलिया थाना बलरामपुरजिला बलरामपुर बिहार उम्र 23 वर्ष, अरुण तांती मंडल पुत्र रुदल मंडल निवासी हुश्यारी थाना खौसी जिला बांका बिहार उम्र 40 वर्ष, विपोत मंडल पुत्र दीनू मंडल निवासी ग्राम भागूडीह थाना अहमदाबाद जिला कटिहार बिहार उम्र 45 वर्ष और आरिस खान निवासी गांव सियाली जागीर थाना हसनपुर जिला अमरोहा उम्र 22 वर्ष। घायल होने वालों में असुल मुस्तकीम निवासी बिहार, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल पुत्र जसरथ पाल निवासी ग्राम दीपकपुर जिला थाना छिबरामऊ कन्नौज उम्र 20 वर्ष, कैफनिवासी गांव अजराना जिला मेरठ, अरबाज अली निवासी गांव सियाली थाना हसनपुर जिला अमरोहा।



■ 80 फीट की ऊंचाई से गिरी लिफ्ट

### योगी ने घटना पर जताया दुख

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शौक जताया और जिलाधिकारी मनीष वर्मा को आदेश दिए हैं की मामले की जांच करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# अनंतनाग में एक और शहादत

■ गडूल कोकेरनाग में आतंकियों की तलाश में घेराबंदी ■ धमाकों से गूंजे कोकेरनाग के जंगल

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में चौथे दिन शुक्रवार को भी आतंकियों से मुठभेड़ जारी रही। बुधवार को आतंकियों की गोली लगने से एक घायल जवान की भी मौत हो गई है। तीन दिनों से जारी जंग का खास पहलू यह है कि ऊंची पहाड़ियों पर काबिज आतंकियों से निपटने को सेना को पहली बार मध्यम रेंज के तोपखाने के साथ ही सबसे अधिक शक्तिशाली हेरोन मार्क दो ड्रोन का भी इस्तेमाल आतंकियों पर बम बरसाने में किया जा रहा है। कश्मीर में आतंकवाद के खत्म होने के दावों के बीच हुई इस मुठभेड़ में पहली बारी इतने बड़े रैंक के अफसरों के मारे जाने के बाद सुरक्षाबलों के दावों पर भी शक पैदा होता था। अभी तक यह भी कहा जा रहा था कि घुसपैठ पर पूरी तरह से रोक लगा दी है, पर कश्मीर में पिछले एक साल के भीतर मारे गए 40 के करीब विदेशी



आतंकियों की संख्या इसकी पुष्टि करती थी कि घुसपैठ पर रोक नहीं लग पाई है और आतंकी कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि आतंकवादी छिपे हो सकते हैं। दो से तीन आतंकी राजौरी तक फैले पीर पंजाल के घने जंगल में छिपे हैं। इनमें एक लश्कर-ए-तैय्यबा का कमांडर उजैर खान है। इन्हीं आतंकियों के हमले में बुधवार को सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धौंचक और जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट शहीद हुए थे। एक जवान भी शहीद हुआ है। सेना के कमांडोज, स्निफर डॉग्स, ड्रोन, हेलिकॉप्टर आतंकियों को खोज रहे हैं। राकेट लॉन्चर का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। सैन्य अफसरों का कहना है कि आतंकियों को 4 किमी के दायरे में घेर लिया गया है। इन्हें कभी भी ढेर कर दिया जाएगा। ड्रोन से बमबारी की जा रही है।

आतंकियों ने मंगलवार को उस वक्त हमला किया था, जब सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस तलाशी अभियान चला रही थी।

### कर्नल मनप्रीत व मेजर आशीष का किया अंतिम संस्कार

मोहाली के रहने वाले कर्नल मनप्रीत का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पानीपत के मेजर आशीष धौंचक के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव बिंझौल ले जाया गया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के शहीद डीएसपी हुमांयू भट को गुरुवार को उनके पैतृक गांव बडगाम में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था।

# राहुल नवीन ईडी के कार्यवाहक निदेशक नियुक्त

## ईडी के नए निदेशक की नियुक्ति तक संभालेंगे पद

**नई दिल्ली,**15 सितम्बर (एजेंसियां)। राहुल नवीन होंगे प्रवर्तन निदेशालय के कार्यवाहक निदेशक। ईडी के नए निदेशक की नियुक्ति तक राहुल नवीन पद संभालेंगे। सबसे वरिष्ठ अधिकारी के तौर पर आईआरएस अधिकारी राहुल नवीन हैं। इनकम टैक्स कैडर से हैं और 1993 बैच के भारतीय राजस्व सेवा यानी आईआरएस अधिकारी हैं।



इसके साथ ये स्पेशल डायरेक्टर मुख्यालय के साथ-साथ ईडी के चीफ सतर्कता अधिकारी पद भी कार्यरत हैं। राहुल नवीन को ईडी निदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी है। बता दें कि ईडी के वर्तमान निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितम्बर को खत्म हो रहा है। संजय कुमार मिश्रा ने 2018 में ईडी निदेशक का पद संभाला था। इसके बाद से उन्हें विस्तार दिया गया था। संजय मिश्रा 1984 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं और उनका कार्यकाल 18 नवंबर 2023 तक निर्धारित था। उनके तीसरे सेवा विस्तार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई को केंद्र को फटकार लगाते हुए अवैध करार दिया था और उन्हें 31 जुलाई तक पद छोड़ने का निर्देश दिया था, लेकिन केंद्र ने एक्स्टेंशन देकर उनका कार्यकाल बढ़ा दिया था।

### बिहार के रहने वाले हैं राहुल नवीन

राहुल नवीन मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं। वे अपने कुशल और शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं. इनके बारे में तो जांच एजेंसी में ऐसा बोला जाता है कि ये खुद बहुत कम बोलते हैं, लेकिन कलम चलाने में माहिर बताए जाते हैं। कानूनी तरीके से काम करने के साथ ही बहुत सुलझे हुए हैं। वे बेहद तेज-तर्रार अधिकारी मानें जाते हैं।

# केरल में निपाह का एक और मामला मिला

**तिरुवनंतपुर,**15 सितम्बर (एजेंसियां)। केरल में निपाह वायरस का एक और केस सामने आया है। कोझिकोड में 39 साल का व्यक्ति वायरस से संक्रमित पाया गया है। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक एक्टिव केस बढ़कर 4 हो गए हैं। केरल में अब तक निपाह के कुल 6 केस आ चुके हैं, जिसमें 2 लोगों की मौत हो चुकी है। केरल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मरने वाले व्यक्ति को अभी कोझिकोड के अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। राज्य सरकार ने संक्रमण फैलने से रोकने के लिए तैयारियां मजबूत कर ली हैं। कोझिकोड में संक्रमण मिलने वाली ग्राम पंचायतों को क्वारंटीन जोन घोषित कर दिया गया है।



■ संक्रमित मामले बढ़कर चार हुए, दो की मौत
■ कर्नाटक ने सीमा से जुड़े जिलों में बढ़ाई निगरानी

### निपाह से मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत : आईसीएमआर

**नई दिल्ली।** इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च ने कहा है कि निपाह वायरस से मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत है। यह कोरोना वायरस से होने वाली मृत्यु दर की तुलना में काफी ज्यादा है। कोरोना से मृत्यु दर 2-3 प्रतिशत है। आईसीएमआर ने ये भी कहा कि केरल में निपाह वायरस क्यों फैलता है, इसकी वजह साफ नहीं है।

# कॉलेजियम के पास नियुक्ति का डेटा नहीं यह गलत : सीजेआई

## 50 जजों का मूल्यांकन किया, ऑप्शनल पैरामीटर्स बना रहे

**नई दिल्ली,**15 सितम्बर (एजेंसियां)। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि यह कहना गलत है कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के पास अपॉइंटमेंट के लिए विचार किए जा रहे जजों के मूल्यांकन करने का डेटा नहीं है। हमने एक प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जजों के रूप में नियुक्त किए जाने वाले देश के 50 जजों का मूल्यांकन किया गया है।



हमारा उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों के चयन के लिए ऑप्शनल पैरामीटर्स तैयार कर रहे हैं। इसीलिए यह कहना गलत है कि इसमें कोई फैक्चुअल डेटा नहीं है। सीजेआई ने शुक्रवार को दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में राम जेठमलानी मेमोरियल लेक्चर के दौरान यह बातें कहीं।

**दावा** — *चंद्रयान-1 के आंकड़ों का अध्ययन कर वैज्ञानिकों का दावा*

# चंद्रमा पर पानी बना रहे पृथ्वी के उच्च ऊर्जा वाले इलेक्ट्रॉन

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन,15 सितम्बर ( एजेंसियां )। चंद्रयान-1 के डेटा की स्टडी कर रहे अमेरिका की हवाई यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने दावा किया है कि पृथ्वी के हाई एनर्जी इलेक्ट्रॉन चांद पर पानी बना रहे हैं। ये इलेक्ट्रॉन पृथ्वी की प्लाज्मा शीट में हैं, जो मौसमी प्रक्रिया के लिए जिम्मेदार है, यानी इनके होने से ही पृथ्वी के मौसम में बदलाव होता है। साइंटिस्ट्स का दावा है कि ये इलेक्ट्रॉन चांद पर मौजूद चट्टानों और खनिजों को तोड़ या घोल रहे हैं।**

इससे चांद के मौसम में भी बदलाव आ रहा है। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में पब्लिश स्टडी में कहा गया कि इन इलेक्ट्रॉन्स ने चांद पर पानी बनाने में मदद की होगी। इससे पहले 2008 में लॉन्चिंग के बाद चंद्रयान-1 मिशन ने चंद्रमा की सतह पर पानी की मौजूदगी का संकेत दिया था। उस मिशन की एक रिसर्च के आधार पर चांद पर बर्फ होने का दावा किया गया था। इसके बाद साइंटिस्ट्स ने अनुमान लगाया कि चांद के पोलर रीजन में सूरज की रोशनी नहीं पहुंचने से वहां का तापमान -200 डिग्री सेल्सियस से नीचे हो सकता है, जो बर्फ के फॉर्म में पानी की मौजूदगी की ओर इशारा करता है। इसलिए पानी की खोज के लिए 14 जुलाई 2023 को चंद्रयान-3 लॉन्च किया गया।

शोध के अनुसार सौर हवा जो प्रोटॉन जैसे उच्च ऊर्जा कणों से बनी है, चंद्रमा की सतह पर बमबार्डिंग करती है और इसे चंद्रमा पर पानी का प्रारंभिक कारण माना जा सकता है।



### चंद्रयान-3 का लक्ष्य भी पानी खोजना

### 2008 में लॉन्च हुआ था चंद्रयान-1 मिशन

इसरो ने 22 अक्टूबर 2008 को चंद्रयान-1 की कामयाब लॉन्चिंग की थी। ऐसा करने वाला भारत दुनिया का चौथा देश बना था। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किए गए चंद्रयान-1 में भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, स्वीडन और बुल्गारिया में बने 11 साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट्स लगे थे। वैसे तो यह मिशन दो साल का था, लेकिन जब इसने अपने उद्देश्य पूरे कर लिए तो चांद के गुरुत्वाकर्षण बल से जुड़ा डेटा जुटाने के लिए सतह से इसकी ऊंचाई 100 किमी से बढ़ाकर 200 किमी की गई थी।

# देश

उवाच “ प्रेस की स्वतंत्रता के साथ प्रेस का ज़िम्मेदार होना भी महत्वपूर्ण है। सकारात्मक समाचार को तरजीह देना आवश्यक है। इससे समाज में हो रहे सकारात्मक बदलाव को गति प्राप्त होती है:-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.6 | 27.8 |
| मुंबई | 31.7 | 25.0 |
| कोलकाता | 28.5 | 26.7 |
| चेन्नई | 35.9 | 23.5 |

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का महंगाई के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर कटाक्ष, कहा

# कमरतोड़ महंगाई की सबसे ज्यादा मार झेल रहे 20 फीसदी गरीब : खड़गे

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को महंगाई के मुद्दे पर भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और कहा कि सबसे गरीब 20 फीसदी आबादी कमरतोड़ महंगाई की मार झेल रही है। हिंदी में एक ट्वीट में, कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, 'मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महंगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। उन्होंने कहा, 'मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाज़ा 20 फीसदी सबसे ग़रीब लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खान-पान की चीज़ों के दाम आसमान छू रहें हैं और देश अब ये जान गया है कि उनकी तकलीफ़ों का एकमात्र कारण भाजपा ही है।' आने वाले चुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाकर, इस महालूट का बदला जरूर लेगी।



**'मोदी जी, इधर-उधर की बातें कर के जनता का ध्यान, 'महंगाई द्वारा महालूट', से हटाना चाहतें हैं। 'मोदी सरकार की महालूट के चलते, कमरतोड़ महँगाई का सबसे अधिक खामियाज़ा 20 फीसदी सबसे ग़रीब लोगों को भुगतना पड़ रहा:-मल्लिकार्जुन खड़गे**

## मध्य प्रदेश में सर्वे से तय होंगे कांग्रेस के टिकट : कमलनाथ



**■ राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वे के आधार पर ही तय होंगे, पैराशूट वाला कोई नहीं होगा:- कमलनाथ**

**अशोक नगर।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने एक बार फिर दोहराया है कि राज्य में कांग्रेस के उम्मीदवार सर्वे के आधार पर ही तय होंगे, पैराशूट वाला कोई नहीं होगा। मध्य प्रदेश के अशोक नगर जिले में पहुंचे कमलनाथ से संवाददाताओं ने कांग्रेस की उम्मीदवारी को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा, कोई पैराशूट नहीं होगा, जो दूसरी पार्टियों से कांग्रेस में आ रहे हैं, जब तक स्थानीय संगठन उन्हें स्वीकार नहीं करता है, तब तक कोई भी नहीं आता है। अभी जिन्होंने ज्वाइन किया, उनके साथ मंच पर हमारा स्थानीय संगठन भी बैठा था। स्थानीय संगठन को सबसे पहले उन्हें स्वीकार करना है। टिकट कोई पैराशूट से नहीं मिलेगा। टिकट के लिए हमने सर्वे कराया है। अभी कांग्रेस कमेटी ने सर्वे कराया है, उसी हिसाब से टिकट दिए जाएंगे। राज्य की वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कमलनाथ ने कहा, हमारे सामने प्रदेश की तस्वीर है, ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं है कि भ्रष्टाचार की क्या सीमा है। आज भ्रष्टाचार का क्या रिकॉर्ड है।

## कर्नाटक में भाजपा, जेडीएस के 15 से ज्यादा नेता कांग्रेस में शामिल हुए

बेंगलुरु। भाजपा और जेडीएस के 15 से अधिक प्रमुख नेता और पूर्व पार्षद शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की मौजूदगी में बेंगलुरु में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल हो गए। यह समारोह यहां पार्टी कार्यालय के भारत जोड़ो सभागार में आयोजित किया गया। कांग्रेस में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व उप महापौर एल. श्रीनिवास, प्रसाद बाबू और पूर्व तालुक पंचायत सदस्य अंजिनप्पा थे। शिवकुमार ने उन्हें कांग्रेस के झंडे दिए और पार्टी में उनका स्वागत किया। बेंगलुरु में यशवंतपुर और आरआर नगर निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा और जद-एस नेताओं को शामिल करने के बाद, कांग्रेस द्वारा किया गया यह तीसरा बड़ा ऑपरेशन है। कांग्रेस में शामिल होने के बाद श्रीनिवास ने कहा कि उन्होंने 33 साल तक बीजेपी के लिए काम किया।



# देश में बने 45,000 करोड़ रुपए के विमान, अस्त्र-शस्त्र खरीदने के नौ प्रस्ताव मंजूर

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सेनाओं के लिए अस्त्र-शस्त्र खरीदने के प्रस्तावों पर निर्णय करने वाली रक्षा खरीद परिषद (डीएसी) ने रक्षा आपूर्ति क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले एक निर्णय के अंतर्गत वायु सेना के लिए 12 सुखोई-30 एमकेआई विमान और ध्रुवास्त्र प्रक्षेपास्त्र सहित सेना के तीनों अंगों के लिए कुल लगभग 45000 करोड़ रुपए की हथियार प्रणालियों की खरीद के प्रस्तावों को शुक्रवार को मंजूरी दी। रक्षा मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक में सेनाओं के लिए 45,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत पूंजीगत अधिग्रहण की 'आवश्यकता की स्वीकृति'(एओएन) के नौ प्रस्तावों में को मंजूरी दी।' मंत्रालय ने कहा है, यह सभी खरीद भारतीय आपूर्तिकर्ताओं से की जाएगी।' ये सामान भारत में ही डिजाइन किए गए, देश में ही विकसित और विनिर्मित किए गए रक्षा साजो-सामान की खरीद की नीति के तहत की जाएगी। इससे रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। डीएसी ने थल सेना के लिए हल्के बख्तरबंद बहुउद्देश्यीय वाहनों (एलएएमवी) और एकीकृत निगरानी तथा लक्ष्य धारण,



**■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में खरीद के प्रस्तावों को मंजूरी दी**

**■ ये सामान देश में ही विकसित और विनिर्मित किए गए रक्षा साजो-सामान की खरीद की नीति के तहत की जाएगी**

आर्टिलरी गन और रडार को तीव्रता से मार्चे पर स्थापित करने के काम में आने वाले हाई मोबिलिटी व्हीकल (एचएमवी) तथा तोपों को खींच कर ले जाने वाले गन टोइंग वाहनों की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी है। डीएसी की बैठक में नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के सर्वेक्षण जहाजों की खरीद को भी मंजूरी दी गयी है जिससे नौसेना की हाइड्रोग्राफिक कार्यों की क्षमताओं में वृद्धि होगी।

### इनकी होगी खरीदारी

डीएसी ने वायु सेना के लिए पूंजीगत खरीद के लिए मंजूर एओएन के अंतर्गत डोर्नियर विमानों की वैमानिक प्रणाली में सुधार, स्वदेशी उन्नत हल्के हेलीकाप्टर (एएचएच एमके-4) के लिए आकाश से जमीन पर प्रहार करने वाली कम दूरी की निर्देशित ध्रुवस्त्र मिसाइल, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 12 सुखोई -30 एमकेआई अैर उनके लिए जरूरी उपकरों की खरीद के लिए एओएन की भी मंजूरी दी है।

### स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य: राजनाथ

बैठक में श्री सिंह ने कहा कि अब स्वदेशीकरण की दिशा में महत्वाकांक्षाओं को उन्नत करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा, आईडीडीएम परियोजनाओं के लिए 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री की सीमा के बजाय, हमें न्यूनतम 60-65 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का लक्ष्य रखना चाहिए। रक्षा मंत्री ने साथ ही चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुखों, रक्षा सचिव और रक्षा अधिग्रहण महानिदेशक को भारतीय विनिर्माताओं से बातचीत कर के देश में विनिर्मित की जाने वाली हथियार प्रणालियों में न्यूनतम स्वदेशी सामग्री की सीमा को और ऊंचा करने की दिशा में कार्य करने को कहा है ।

## सार संक्षेप

### विश्वकर्मा योजना की रविवार को शुरुआत करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के लिए 'पीएम विश्वकर्मा' योजना की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की घोषणा इस वर्ष 15 अगस्त को श्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से अपने राष्ट्र संबोधन के दौरान की थी। यह योजना पूरी तरह से केंद्र सरकार की होगी और इसके लिए 13 हजार करोड़ रुपए निर्धारित किये गये हैं। यह योजना पूरे देश में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कारीगरों और शिल्पकारों को सहायता प्रदान करेगी। पीएम विश्वकर्मा के अंतर्गत अठारह पारंपरिक शिल्पों को शामिल किया जाएगा।

### दाहोद-आनंद ट्रेन के कोच में लगी आग

दाहोद। गुजरात के दाहोद जिले के जकोट स्टेशन पर शुक्रवार को दाहोद-आनंद मेमू ट्रेन के एक डिब्बे में आग लग गई, जिससे यात्रियों में दहशत फैल गई। यह घटना तब हुई जब छोटी और मध्यम दूरी के मार्गों के लिए डिज़ाइन की गई मेमू ट्रेन गोधरा जा रही थी। वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों के साथ दाहोद के सहायक पुलिस अधीक्षक के. सिद्धांत घटना स्थल पर आग की सूचना के बाद पहुंचे। एएसपी सिद्धांत के अनुसार, आग मेमू ट्रेन के आखिरी डिब्बे में लगी और उस पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया, जिससे बाकी डिब्बों तक फैलने से रोक दिया गया। एक डिब्बे में अचानक आग लगने से यात्रियों में दहशत फैल गई, जिससे उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यात्रियों को बाहर निकलना पड़ा।

### नूंह हिंसा : कांग्रेस विधायक मम्मन खान 2 दिन की पुलिस रिमांड में

गुरुग्राम। कांग्रेस विधायक मम्मन खान को शुक्रवार को नूंह की एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें दो दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। खान पर 31 जुलाई को हिंदू समूहों के जुलूस के दौरान हरियाणा के नूंह में सांप्रदायिक दंगे भड़काने का आरोप है, जिसमें छह लोग मारे गए थे। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका खारिज होने के बाद कांग्रेस विधायक को हरियाणा पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गुरुवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों के अनुसार, हरियाणा सरकार ने गुरुवार को हाई कोर्ट को सूचित किया था कि, 'एफआईआर संख्या 149 दिनांक 1 अगस्त, 2023 में आईपीसी, 1860 की धारा 148, 149, 153-ए, 379-ए, 436, 506 के तहत दर्ज की गई है।' 52 आरोपी हैं, जिनमें से 42 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# चार धाम यात्रा में स्वास्थ्य प्रणाली होगी मजबूतः डॉ. धन सिंह

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। सूबे में चार धाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं विश फाउण्डेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस अनुबंध के अनुसार विशेषकर चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं उपलब्ध कराई जायेंगी। सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़करण एवं विस्तार को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग एवं विश फाउंडेशन के मध्य राज्य में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत एवं गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस अनुबंध के अनुसार नवीन मॉडलों का उपयोग करत हुये सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित कर चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों एवं आस-पास के लोगों को आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगी। इसके अलावा चार धाम यात्रा में तैनात चिकित्सकों, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्थिति से निपटने के लिये प्रशिक्षित किया जायेगा। चार यात्रा काल के लिये सम्बंधित संस्था विभागीय अधिकारियों से विचार-विमर्श कर विस्तृत रोड मैप तैयार करेगी, जिसकी आगामी चार धाम यात्रा में लागू किया जायेगा। द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ. विनीता शाह एवं विश फाउण्डेश।



**■ विश फाउण्डेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच हुआ अनुबंध**

**■ आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों का होगा उपयोग**

# मुख्यमंत्री केसीआर ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण देने की मांग की

**हैदराबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बीआरएस संसदीय दल की शुक्रवार को संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल के साथ 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण बिल को विधानसभाओं में पेश करने का संकल्प लिया गया और केंद्र सरकार से संसद में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और 33 प्रतिशत बीसी आरक्षण देने की मांग की गई। बीआरएस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की अध्यक्षता में शुक्रवार को बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक हुई। इस मौके पर संसदीय दल ने बीसी (ओबीसी) बिल और महिला बिल से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीआरएस पार्टी महिलाओं के कल्याण और बीसी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और बीआरएस देश भर में उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समय-समय पर केंद्र तक अपनी आवाज उठाएगी। इस दिशा में केसीआर ने सुझाव दिया कि सांसदों को संसद के विशेष सत्र में पार्टी की मांगों को राज्यसभा और लोकसभा में उठाना चाहिए। उन्हें संसद में अपनी आवाज उठाने का निर्देश दिया गया। बीआरएस प्रमुख और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बैठक में चर्चा किए गए निर्णय के अनुसार बीसी आरक्षण विधेयक पेश करने की मांग की है। बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक ने सर्वसम्मति से इस महीने की 18 तारीख से शुरू होने वाले विशेष संसदीय सत्र में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए प्रधान मंत्री से एक विधेयक पेश करने के लिए आग्रह किया है।



बीआरएस संसदीय दल की संयुक्त बैठक में बीसी के लिए विधान सभा में उचित प्राथमिकता पर विस्तार से चर्चा की गई, जो पीढ़ियों से अपने संबंधित व्यवसायों को बनाए रखते हुए देश निर्माण में प्रमुख भागीदार हैं। इस दिशा में इस संसद ने केंद्र से विशेष सत्र में विधेयक पेश कर अपनी ईमानदारी साबित करने की मांग की है। बैठक में यह विचार व्यक्त किया गया कि केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बीसी (ओबीसी) जातियों को सामाजिक शिक्षा और अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में उत्पादन में भाग लेकर और सदस्य समाज की सेवा करके नेतृत्व प्रदान करे। . बैठक में विश्लेषण किया गया कि तेलंगाना सरकार द्वारा बीसी के विकास और कल्याण के लिए लागू की गई योजनाएं चालू हैं और उन्होंने देश के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है।

बीआरएस संसदीय दल ने दोहराया कि राजनीतिक सत्ता में बीसी की भागीदारी बढ़ाने से ही उनका सर्वांगीण विकास संभव है। बीआरएस संसदीय दल ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि बीसी (ओबीसी) के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाना चाहिए।

**■ केसीआर ने संसद के विशेष सत्र में विधेयक पेश कर केन्द्र से अपनी ईमानदारी साबित करने की मांग की**

# सुप्रीम कोर्ट का उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार को उसके मंत्री उदयनिधि स्टालिन और 'सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन' के आयोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता दामा शेषाद्री नायडू द्वारा किए गए असूचीबद्ध उल्लेख को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। वकील जी बालाजी के माध्यम से दायर याचिका में यह घोषणा करने की मांग की गई कि 2 सितंबर को आयोजित सनातन धर्म उन्मूलन सम्मेलन में राज्य के मंत्रियों की भागीदारी असंवैधानिक थी और यह भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन है। इसके अलावा, इसने यह जानने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की कि क्या सीमा पार और भारत के बाहर, खासकर श्रीलंका तमिल लिट्टे फंड से आतंकी फंडिंग का कोई तत्व इसमें शामिल है। साथ ही याचिका में मांग की गई है कि हिजाब मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक राज्य के माध्यमिक स्कूलों में किसी भी हिंदू धर्म के खिलाफ ये सम्मेलन नहीं होने चाहिए। इस याचिका पर 22 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है।



इससे पहले, स्टालिन जूनियर के खिलाफ उनके विवादास्पद बयानों को लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की मांग करने वाला एक समान आवेदन दिल्ली स्थित एक वकील द्वारा दायर किया गया था। उस याचिका में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के बेटे द्वारा दिए गए 'घृणास्पद भाषण' के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में दायर शिकायत पर कार्रवाई न करके शीर्ष अदालत के दिशानिर्देशों को लागू नहीं करने के लिए दिल्ली पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की भी मांग की गई थी।

## दिल्ली आबकारी नीति मामला

### ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 10 दिन तक कविता की पेशी पर जोर नहीं देंगे

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि वह दिल्ली आबकारी नीति मामले में चल रही जांच के सिलसिले में बीआरएस की विधान परिषद सदस्?य के. कविता पर 26 सितंबर तक यहां एजेंसी के राष्ट्रीय राजधानी स्थित कार्यालय में पेश होने के लिए जोर नहीं डालेगी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ के समक्ष उपरोक्त आशय का एक मौखिक वचन दिया। राजू ने कहा, 'वह दो बार आई हैं। अगर वह व्यस्त हैं, तो हम तारीख 10 दिन और बढ़ा देंगे। अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई 26 सितंबर के लिए टालने का फैसला किया।

# लोकतंत्र की जननी भारत ने दुनियां में लोकतांत्रिक आदर्शों को किया सशक्त : ओम बिरला



**'राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं, लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है:-ओम बिरला, अध्यक्ष, लोक सभा**

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के अवसर पर आने वाली पीढ़ी को सशक्त बनाने की वकालत करते हुए कहा है कि लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी सक्रिय और रचनात्मकता भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए यह भी कहा कि आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों। बिरला ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस की सभी को शुभकामनाएं। लोकतंत्र की जननी भारत ने सम्पूर्ण विश्व में लोकतांत्रिक आदर्शों को सशक्त किया है। आज जब हम आने वाली पीढ़ी का सशक्तिकरण के ध्येय के साथ यह दिन मना रहे हैं। मेरा विश्वास है कि यह सशक्तिकरण ज्ञान, कर्तव्य बोध और समर्पण से हो।'

उन्होंने राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं से अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह करते हुए आगे यह भी कहा, 'राष्ट्र-निर्माण की प्रक्रिया में युवा अपनी भूमिका निभाएं। रचनात्मकता और ऊर्जा से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाएं। बड़े लक्ष्य प्राप्त करने का युवाओं का संकल्प भारत की प्रगति की उत्प्रेरक शक्ति है। आज के दिन युवा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय सहभागी बनने को संकल्पित हों।

आंकड़े *शहादत देने में भी सबसे आगे है जम्मू कश्मीर पुलिस*

# 1989 से लेकर अब तक 1610 अफसरों-जवानों को गंवा चुकी है कश्मीर पुलिस

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 15 सितम्बर (देशबन्धु)। देश में जब शहादत देने की बात आती है तो जम्मू कश्मीर पुलिस को भूला नहीं जा सकता। पिछले साल देशभर में 287 पुलिस के जवानों और अफसरों की शहादत में जम्मू कश्मीर का नाम सबसे आगे था क्योंकि इनमें 37 प्रदेश से ही थे।**

यही नहीं वर्ष 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में 1610 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके हैं। गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1780 से ज्यादा है।

**■ 1989 से लेकर अभी तक प्रदेश में 1610 पुलिसकर्मी मारे भी जा चुके**

**■ गैर सरकारी तौर पर मरने वाले पुलिसकर्मियों की संख्या 1780 से ज्यादा**



आधिकारिक आंकड़ों के बकौल, कश्मीर में आतंकी हिंसा में मृत पुलिसकर्मियों में सबसे अधिक कांस्टेबल हैं जिनकी संख्या 565 है तो उसके बाद दूसरा स्थान एसपीओ अर्थात विशेष पुलिस अधिकारियों का आता है। आंकड़ों के मुताबिक, 518 एसपीओ इस अवधि में जान गंवा चुके हैं।

कश्मीर में 34 सालों से फैले आतंकवाद के दौर में जम्मू कश्मीर पुलिस एक डीआईजी, एक एसपी, 23 डीएसपी, 28 इंस्पेक्टर, 39 सब इंस्पेक्टर और 69 एएसआई रैंक के अधिकारियों को भी खो चुकी है। यही नहीं 150 हेड कांस्टेबल, 189 सीनियर ग्रेड कांस्टेबल तथा 26 फालोअर्स भी आतंकी हिंसा में शहादत पा चुके हैं।

जम्मू कश्मीर पुलिस की शहादत की शोर्यगाथाएं भी अपना एक मुकाम रखती हैं। तभी तो इन शहादतों के लिए वे कई बार कई पदकों से नवाजी जा चुकी है। इन शहादतों के लिए उसे अभी तक एक अशोक चक्र, दो कीर्ति चक्र, 18 शौर्य चक्र, 1672 प्रेसिडेंट पुलिस गैलेंटरी अवार्ड तथा 1822 जम्मू कश्मीर पुलिस मेडल फार गैलेंटरी भी प्राप्त हुए हैं।

कश्मीर में फैले आतंकवाद की तस्वीर का एक पहलू यह है कि जम्मू कश्मीर पुलिस कभी सिर्फ लाशें गिनने वाली फोर्स बन रह गई थी पर अब वह सबसे आगे रहकर आतंकवाद का खात्मा करने की ओर अग्रसर है। आतंकी हमलों, चेतावनियों और धमकियों के बावजूद कश्मीर में मारे जाने वाले हजारों आतंकियों में से आधे की मौत में जम्मू कश्मीर पुलिस की प्रमुख भूमिका रही है।

उल्टा पुल्टा

चिंटू रोटी का एक निवाला खुद खा रहा था
और दूसरा निवाला मुर्गे को खिला रहा था
तभी पास बैठा आदमी बोला - ये क्या कर रहे हो भाई ?
चिंटू - दिखाई नहीं देता चिकन के साथ रोटी खा रहा हूं।

# दिल्ली में अब दोगुना तेजी से होगा कूड़े के पहाड़ों का निस्तारण

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ों का तेजी से निस्तारण होगा। दिल्ली नगर निगम की 'आप' सरकार ने नई अतिरिक्त एजेंसियां नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ओखला और गाजीपुर लैंडफिल साइट पर एजेंसी नियुक्त करने के लिए टेंडर खुल गए हैं। दोनों लैंडफिल साइट पर अतिरिक्त एजेंसी जल्द कार्य करना शुरू करेंगी। वहीं भलस्वा लैंडफिल साइट के लिए अगले माह टेंडर निकाला जाएगा। भलस्वा लैंडफिल साइट पर अतिरिक्त एजेंसी द्वारा नवंबर तक कार्य शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तीनों लैंडफिल साइट पर नई एजेंसी नियुक्त होने से दो साल के भीतर 90 लाख टन अतिरिक्त कूड़े का निस्तारण हो सकेगा।



एमसीडी ने कूड़ा निस्तारण की क्षमता को दोगुना करने का प्लान तैयार किया है। अभी प्रत्येक कूड़े के पहाड़ पर एक-एक एजेंसी निस्तारण का कार्य कर रही है। दो साल के भीतर उनको 30-30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करना है। लेकिन अब कूड़ा निस्तारण की क्षमता को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया गया है, ताकि कूड़े के पहाड़ों का समय से पहले निस्तारण हो सके।

दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने बताया कि दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों को जल्द से जल्द खत्म करने के लिए सीएम अरविंद केजरीवाल खुद एक-एक काम की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल के निर्देश पर कूड़ा निस्तारण की क्षमता को दोगुना करने का प्लान तैयार किया गया है। तीनों कूड़े के पहाड़ों पर अभी एक-एक एजेंसी काम कर रही है। लेकिन अब जल्द एक-एक और अतिरिक्त एजेंसी वहां काम करेंगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

योजना के तहत प्रत्येक कूड़े के पहाड़ के लिए एक-एक अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त की जाएगी। इस तरह प्रत्येक कूड़े के पहाड़ पर दो-दो एजेंसी निस्तारण का काम करेंगी। प्रत्येक एजेंसी को दो साल के भीतर 30-30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करना होगा। इस तरह प्रत्येक कूड़े के पहाड़ पर दो साल में 60-60 लाख टन कूड़े का निस्तारण होगा।

ओखला, गाजीपुर और भलस्वा लैंडफिल साइट पर अतिरिक्त एजेंसी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। दिल्ली नगर निगम की ओर से ओखला और गाजीपुर के लिए टेंडर जारी करने के बाद खोल भी दिए गए हैं। अब जल्द टेंडर एजेंसियों को अवार्ड किए जाएंगे। इसके तुरंत बाद नई एजेंसी कूड़ा निस्तारण का काम शुरू कर देंगी। वहीं भलस्वा लैंडफिल साइट के लिए टेंडर अगले माह अक्टूबर में निकाला जाएगा। इसके बाद एजेंसी नवंबर तक कार्य करना शुरू कर देगी। योजना के मुताबिक सबसे पहले कूड़ा निस्तारण का काम गाजीपुर लैंडफिल साइट पर शुरू होगा। इसके बाद ओखला लैंडफिल साइट पर नई एजेंसी कार्य करना शुरू करेगी। आखिर में नवंबर से भलस्वा लैंडफिल साइट पर काम शुरू हो जाएगा।

### कूड़ा निस्तारण समय से पहले करने का मिलेगा इनाम

अगर एजेंसी तेजी से कूड़ा निस्तारण का कार्य करती है तो उसे इनाम भी दिया जाएगा। योजना के मुताबिक 2 साल से पहले जो भी एजेंसी 30 लाख टन कूड़े का निस्तारण करेगी उसे अतिरिक्त 15 लाख टन कूड़ा निस्तारण का काम दिया जाएगा। इसकी जानकारी सभी एजेंसी को दे दी गई है, ताकि एजेंसी तेजी से काम करें। इसकी शर्तें भी टेंडर प्रक्रिया में शामिल की गई हैं।

# भारतीय खाद्य निगम देश की खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक: श्रद्धा शर्मा

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) दिल्ली क्षेत्र की महाप्रबंधक श्रद्धा शर्मा व उपमहाप्रबंधक संजय शर्मा के तत्वावधान में खाद्य संग्रह भंडारण डिपो, घेवरा स्थित कार्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय खाद्य निगम का परिचय देते हुए श्रद्धा शर्मा ने बताया की खाद्य संग्रह भंडारण, घेवरा भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली के अंतर्गत सबसे बड़ा डिपो है, जिसकी क्षमता 1,41,426 मीट्रिक टन और क्षेत्रफल 52 एकड़ है। उन्होंने एफसीआई और उसके कार्यों के बारे में बताते हुए बताया कि भारतीय खाद्य निगम देश की खाद्य सुरक्षा के लिए कैसे आवश्यक है, क्योंकि यह सार्वजनिक हित में विभिन्न सरकारी योजनाओं को क्रियान्वित करती है। एनएफएसए लाभार्थियों के लिए सामर्थ्यानुसार खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दिनांक 01 जनवरी 2023 से, पीएमजीकेएवाई के तहत मुफ्त खाद्यान्न देने का निर्णय लिया है, जिससे गरीबों के लिए खाद्यान्न का अधिकार और एनएफएसए अधिनियम 2013 के प्रावधानों को मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि कैसे भारतीय खाद्य निगम ने खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर बदलाव किया। शर्मा ने बताया कि कैसे फोर्टिफाइड चावल की शुरूआत ने देश के पोषण भाग को बढ़ाने में मदद की है क्योंकि फोर्टिफाइड चावल में आयरन, फोलिक एसिड, विटामिन बी 12 आदि जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं और यह कुपोषण से लड़ने में भी सहायक है। उन्होंने मूल्य स्थिरीकरण के लिए दिल्ली क्षेत्र में वर्तमान में चल रही ओएमएसएस (डी) योजना की उपयोगिता पर भी जोर दिया। शर्मा ने एफसीआई के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे परिवर्तन प्रयासों के बारे में भी जानकारी दी। बाद में संजय शर्मा ने बताया कि कैसे भारतीय खाद्य निगम की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है क्योंकि हम 2023 को अंतरराष्ट्रीय बाजरा वर्ष के रूप में मना रहे हैं और भविष्य मे विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत एफसीआई द्वारा बाजरा वितरण की योजना के बारे मे भी अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि बाजरा एक लोकप्रिय पोषक अनाज है, क्योंकि यह मानव शरीर के सामान्य कामकाज के लिए आवश्यक अधिकांश पोषक तत्व प्रदान करते हैं। बाजरा सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर होता है और इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं।



## सार संक्षेप

### पर्वतारोही लक्ष्मी झा को अवसर ट्रस्ट ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** अवसर ट्रस्ट की ओर से पर्वतारोही लक्ष्मी झा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 18 अगस्त को तुर्की की सबसे ऊंची माउंट अरारत चोटी 5,137 मीटर को फतह करके वहां तिरंगा लहराने के लिए दिया गया। 12 अगस्त 2023 को अवसर ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा से फ्लैग ऑफ लेकर तुर्की के सबसे ऊंची चोटी 16854 फिट अरारत पर अपने देश के तिरंगा को फराने के लिए दिल्ली से इस्तांमबुल से दोगुबेयाजित सिटी पहुंची थीं। अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद आर. के. सिन्हा ने कहा कि पर्वतारोहन एक साहसिक खेल है। लेकिन इसके लिए बाकी खेलों की तरह कोई खास प्रोत्साहन नहीं मिलता। बिहार की बेटी लक्ष्मी ने भीषण विपत्ति के बावजूद अपने सपने को पूरा किया है। इससे पहले उन्होंने विश्व की चौथी और अफ्रीका की सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला किलिमंजारो 5895 मीटर पर भी भारतीय ध्वज फहराया है। पर्वतारोही लक्ष्मी ने अपनी यात्रा के बारे में बताया कि तुर्की के सबसे ऊंची चोटी 5,137 मीटर अरारत पर्वत पर अपने देश के तिरंगा लहराकर बहुत गर्व हो रहा है। लेकिन यह बहुत मुश्किल भरा लक्ष्य था। उन्हें यह उपलब्धि 41 घंटे में चढ़ाई करके पूरी की। लक्ष्मी झा बिहार के सहरसा जिले के बनगांव की रहने वाली है।

### केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने किया यूपीईएस ऑन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** यूपीईएस देहरादून के ऑनलाइन डिविजन यूपीईएस सीसीई का नई ब्रांड यूपीईएस ऑन के रूप में उद्घाटन किया गया। देहरादून में स्थित यूपीएस भारत की टॉप यूजीसी मान्यता प्राप्त निजी यूनिवर्सिटी है यूपीईएस ऑन का उद्घाटन भारत सरकार में शिक्षा एवं कौशल उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा उत्तराखंड सरकार में उच्च शिक्षा एवं मंत्री धन सिंह रावत द्वारा किया गया। नई पहचान और प्रोग्रामों के लिए यूपीईएस ऑन टीम को बधाई देते हुए, धर्मेंद्र प्रधान ने कहा आधार और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल पहलों की सफलता इस बात की ओर संकेत करती है कि हमारा भविष्य डिजिटल होने वाला है अब सभी छात्रों के सर्टिफिकेट डिजिलॉकर पर होंगे, जिसमें पारंपरिक पेपर वर्क जैसे अटेस्टेशन आदि की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। मेरा मानना है कि भारत आज टेक्नोलॉजी में अग्रणी स्थिति में है टेक्नोलॉजी एवं शिक्षा में 20 साल से अधिक के अनुभव के साथ यूपीईएस जैसे संस्थान इसमें महत्वपूर्ण साझेदारी की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा जब मैं पेट्रोलियम मंत्रालय में था तभी से मैंने इस यूनिवर्सिटी को विकसित होते देखा है और आज यह ऑनलाइन शिक्षा प्रदान कर रही है। आप सभी को इस सफलता के लिए मेरी शुभकामनाएं इस अवसर पर धन सिंह रावत ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा की यूपीइएस ना केवल भारत के मेधावी छात्रों को बल्कि 17 विदेश के छात्रों को भी शिक्षा प्रदान कर रही है राज्य में 23 निजी यूनिवर्सिटी है जिसमें से यूपीईएस उत्तराखंड में विकास गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# उषा केबल ने रेलवे एवं मेट्रो के लिए सिगनलिंग केबल को इंट्रोड्यूस किया

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। उषा केबल इंडस्ट्रीज ने अपने ब्रांड उषा केबल रेलवे मेट्रो के लिए सिगनलिंग केवल मैं सुधार करते हुए मार्केट में उतारा।



कंपनी के निदेशक अमन गुप्ता ने कहा की कंपनी इस केबल का निर्माण काफी समय से करती आ रही है जिसकी भारी डिमांड को देखते हो कंपनी ने इसमें और अच्छी क्वालिटी मैं सिगनलिंग केबल को बाजार में उपलब्ध कर दिया है। साथ ही कंपनी ने टेंट डेकोरेटर केबल कॉपर रबराइस पीवीसी केबल को भी बाजार में उतारा है यह केबल एलएसी पर भी कार्य करता है उषा की अल्युमिनियम एवं कॉपर केबल- 30 डिग्री टेंपरेचर को भी सहन कर सकता है यह केबल एफ आर एस में आती है। उन्होंने कहा की एरियल बच केबल और हाउस वायरिंग केबल की डिमांड विगत वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष अच्छी बढ़ोतरी हुई है।

# 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन की उत्साहपूर्ण शुरूआत




**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख, संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कृपाल बाग दिल्ली में 27वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन का उद्घाटन किया। पिछले तीन दशकों से सभी धर्मों के नेताओं को एक मंच पर बिठाने वाला यह विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन शांति, आध्यात्मिकता और मानव एकता का प्रतीक है। इस वर्ष भी आध्यात्मिक रूप से विकास करने वाले इस सम्मेलन को भारी प्रशंसा मिली क्योंकि संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कई गणमान्य अतिथियों के समक्ष विनम्रता और दिव्य-प्रेम के विषय पर अपने विचार रखते हुए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए सभी को सच्चाई और आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। 13 सितम्बर को सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर एक आध्यात्मिक 'तरही मुशायरे' का आयोजन किया गया। जिसमें पूजनीय माता रीटा जी ने संत दर्शन सिंह जी महाराज द्वारा लिखित एक सुंदर गज़ल अपने मधुर कंठ से गाकर मुशायरे की शुरूआत की। इस अवसर पर कई प्रसिद्ध ऊर्दू शायरों ने अपनी कलाम के द्वारा लोगों को आध्यात्मिकता और मानवता का संदेश दिया। 14 सितंबर को संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने महान ऊर्दू शायर संत दर्शन सिंह जी महाराज के 102वें जन्मोत्सव के अवसर पर उनके उदाहरण स्वरूप जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। 'दर्शन-विनम्रता के प्रतीक' विषय पर सेमिनार में अपने विचार रखते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज विनम्रता और प्रभु-प्रेम के सच्चे सागर थे।

# योगी आदित्यनाथ पर लिखी पुस्तक का दिल्ली में विमोचन



**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। बेस्ट-सेलर ग्राफिक उपन्यास 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' 26 शहरों व 70 विमोचनों का लम्बा सफ़र तय करके राजधानी दिल्ली पहुंची। इस पुस्तक के हिंदी संस्करण का नाम है अजय से योगी आदित्यनाथ तक। ये किताब एशिया बुक ओफ रेकर्ड व ऐमज़ान बेस्ट्सेलर जैसे कई रिकॉर्ड बना चुकी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जनरल वी के सिंह, दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी, भाजपा प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला, इन्वेस्ट इंडिया के सीईओ दीपक बागला, चिनमया मिशन के स्वामी प्रकाशनंद जी व दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के बच्चों के साथ ये हिंदी संस्करण का लॉन्च हुआ। इसके पहले 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' का भव्य विमोचन लखनऊ, ग़ाज़ियाबाद, बेंगलुरु और प्रयागराज जैसे 26 शहरों में हो चुका है। इन शहरों में 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' के 70 से अधिक विमोचन व बुक साइनिंग हो चुकी हैं। जून में उत्तर प्रदेश के 51 से अधिक स्कूलों में ग्राफिक उपन्यास लॉन्च किया गया था।

# गठिया रोगियों के लिए रामबाण है फिजियोथेरेपी चिकित्सा : विशेषज्ञ

## इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स ने फिजियोथेरेपी के जरिए जागरुकता अभियान आयोजित किया। इस दौरान फिजियोथेरेपी और पुनर्वास विभाग की प्रमुख डॉ. सीमा ग्रोवर ने फिजियोथेरेपी के बारे में अहम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि सूजन संबंधी गठिया से जूझ रहे रोगियों के जीवन में फिजियोथेरेपी की भूमिका काफी अहम है। इसके जरिए रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सूजन संबंधी गठिया, जोड़ों में सूजन पैदा करने वाले ऑटोइम्यून रोगों का एक समूह है जो एक महत्वपूर्ण वैश्विक आबादी को प्रभावित कर रहा है। 2019 में, दुनिया भर में लगभग 18 मिलियन लोगों को रुमेटीइड गठिया था, जिनमें से अधिकांश महिलाएं 70 प्रतिशत और उनमें से सबसे अधिक 55 वर्ष से अधिक उम्र 55 प्रतिशत वाली थीं। भारत की बात करें तो आबादी के लगभग 0.92 प्रतिशत वयस्क इस स्थिति से प्रभावित हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य उपस्थित लोगों को गठिया के प्रकारों की गहरी समझ प्रदान करना, मिथकों को दूर करना और सूजन संबंधी गठिया के प्रबंधन में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देना था। अपोलो हॉस्पिटल्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. प्रताप सी रेड्डी ने कहा कि हमारा मानना है कि स्वास्थ्य सेवा को केवल बीमारियों का इलाज नहीं करना चाहिए बल्कि व्यक्तियों को अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाना चाहिए।



G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा उत्तर रेलवे नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 06.10.2023 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| कार्य का नाम | |
|---|---|
| | ए सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डीकेजेड-II के कार्य क्षेत्र में डीकेजेड-II रेलवे कॉलोनी में ब्लॉक नं. 158 से 169 तक प्लास्टर, वर्षा जल पाइप लाइन, क्षतिग्रस्त दरवाजे, खिड़कियां, टपकती छतों आदि की मरम्मत सहित बाहरी सतह की फिनिशिंग के कार्य हेतु। |
| | बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डीकेजेड-II के कार्य क्षेत्र में डीकेजेड-II कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 77 से 85 तक प्लास्टर, वर्षा जल पाइप की मरम्मत सहित बाहरी सतह की फिनिशिंग के कार्य हेतु। |
| | सी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-IV के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डीकेजेड-I के कार्य क्षेत्र में डीकेजेड-I कॉलोनी में ब्लॉक नंबर 01 से 11 तक प्लास्टर, वर्षा जल पाइप लाइन, क्षतिग्रस्त दरवाजे, खिड़कियां, टपकती छतों आदि की मरम्मत सहित बाहरी सतह की फिनिशिंग के कार्य हेतु। |
| | डी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में आनंद विहार रेलवे कॉलोनी की चारदीवारी की मरम्मत, पावर हाउस की मरम्मत, ब्लॉक नंबर 102 में जलापूर्ति के ढेरों की मरम्मत के कार्य हेतु। |
| | ई) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में कड़कड़डूमा आरक्षण केंद्र में शौचालय, चारदीवारी, गेट आदि की मरम्मत के कार्य हेतु। |

**अनुमानित लागत:** ए) रुपये 8999995.27, बी) रुपये 8999997.56, सी) रुपये 11499437.96, डी) रुपये 9999916.92, ई) रुपये 3999754.54

**धरोहर राशि:** ए) रुपये 180000.00, बी) रुपये 180000.00, सी) रुपये 207500.00, डी) रुपये 200000.00, ई) रुपये 80000.00

**समापन अवधि:** ए) 06 महीने, बी) 06 महीने, सी) 06 महीने, डी) 06 महीने, ई) 06 महीने

1. निविदा दिनांक 06.10.2023 को 15.00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

पत्र संख्या:- 128-डब्लयू/269/निविदा सूचना/23-24/डब्लयू-ई/टेंडर नं 30-(ए,बी,सी,डी,ई) दिनांक : 14.09.2023 2859/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**न्यायालय-श्रीमान प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश देपालपुर, जिला इंदौर (म.प्र.)**

प्रो न..../23 देपालपुर दिनांक 31.08.2023
प्र.क्र. आरसीएसएचएम/38/2022
श्रवण पिता प्रहलाद परमार विरूद्ध श्रीमती सपना पति श्रवण
पेशी दिनांक 05.10.2023
1. श्रवण पिता प्रहलाद परमार---------------------प्रार्थी
वि.
1. श्रीमती सपना पति श्रवण------------------- प्रतिप्रार्थी

प्रेषिती 1- श्रीमती सपना पति श्रवण परमार हाल मुकाम- टी-202/ए. गली नंबर 01 गौतमपुरी, न्यु उस्मानपुर, दिल्ली- 110053

सर्वसाधारण हेतु सूचित हो कि उपरोक्त प्रार्थी ने आपके विरूद्ध हिन्दु विवाह अधिनियम धारा 13-क के तहत प्रकरण संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में नियत दिनांक 05.10.2023 को प्रात: 11:00 बजे हिन्दु विवाह अधिनियम धारा 13-क में प्रकरण के उत्तर के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर के द्वारा उपसंजात हो सकते हो जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो, और इस वाद पत्र में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ कोई व्यक्ति हो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके।

आपको यह निर्देशित भी किया जाता है, कि आप इस समन जानकारी के 30 दिवस के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे में या शक्ति में हो पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा का पर दावा या प्रतिदावा आधारित है। यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में ना हो अपनी प्रतिरक्षा के दावें या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपाबध करने वाली सूची प्रविष्टी करें।

आपको सूचित किया जाता है, कि यदि आप ऊपर बताई गयी नियत दिनांक को उपसंजात नही होगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यह आज तारीख 31.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

नोट- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

(नीलेश यादव)
जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश
देपालपुर जिला इंदौर (म.प्र.)

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | लाइन नंबर की पूर्ण लंबाई सीएसएल के प्रावधान के साथ यार्ड रीमॉडलिंग के प्रावधान के लिए मौजूदा ओएचई व्यवस्था में परिवर्धन/परिवर्तन। 6 एवं 7 दिल्ली किशनगंज में रनिंग लाइन में परिवर्तन के साथ। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 2,50,54,485.39/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 2,75,300/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 28.09.2023 (10.30 बजे) से 12.10.2023 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 12.10.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | Capital (20166203) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या : 21A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 12.10.2023 2864/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

**रेलगाड़ी सं. 20501/20502 अगरतला – आनंद विहार (ट) – अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (साप्ताहिक) का मार्ग परिवर्तन**

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 20501/20502 अगरतला–आनंद विहार (ट)–अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (साप्ताहिक) रेलगाड़ी को नीचे दर्शाई गई समय–सारणी के अनुसार निम्नलिखित तिथियों से मालदा टाउन, भागलपुर, जमालपुर जं. एवं पटना जं. के रास्ते संचालित करने का निर्णय लिया गया है:–

**20501/20502 अगरतला – आनंद विहार (ट) – अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 20501 15.01.2024 से | | स्टेशन | गाड़ी सं. 20502 17.01.2024 से | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 15:10 | अगरतला | 15:40 | --- |
| 16:24 | 16:26 | आमबासा | 14:35 | 14:37 |
| 17:55 | 17:57 | धर्मनगर | 13:10 | 13:12 |
| 19:10 | 19:12 | न्यु करिमगंज | 11:55 | 11:57 |
| 19:50 | 20:00 | बदरपुर | 11:25 | 11:35 |
| 01:28 | 01:30 | होजाई | 05:35 | 05:37 |
| 03:50 | 04:05 | गुवाहाटी | 03:20 | 03:35 |
| 05:03 | 05:05 | रंगिया | 02:00 | 02:02 |
| 06:00 | 06:02 | बरपेटा रोड | 01:00 | 01:02 |
| 10:30 | 10:40 | न्यु जलपाईगुड़ी | 20:05 | 20:15 |
| 15:00 | 15:10 | मालदा टाउन | 16:25 | 16:35 |
| 18:25 | 18:30 | भागलपुर | 12:35 | 12:40 |
| 19:25 | 19:27 | जमालपुर | 11:35 | 11:37 |
| 22:10 | 22:20 | पटना जं. | 07:55 | 08:05 |
| 01:25 | 01:35 | पं० दीन दयाल उपाध्याय जं. | 04:42 | 04:52 |
| 05:30 | 05:35 | कानपुर सेंट्रल | 00:35 | 00:40 |
| 10:50 | --- | आनंद विहार (ट) | --- | 19:50 |

परिवर्तित मार्ग पर चलने की तिथियाँ : रेलगाड़ी सं. 20501 अगरतला से दिनांक 15.01.2024 से तथा रेलगाड़ी सं. 20502 आनंद विहार (ट) से दिनांक 17.01.2024 से।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. **139**

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें 2875/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "हिंदी भवन में आज नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। आज कुल छह करोड़ रुपए की संपत्ति नीलामी के जरिए बेची गई। इसमें कुछ 6 ही संपत्तियों की बिक्री हुई हैं। जिसमें चार सम्पत्ति व्यवसायिक, एक आवासीय तथा एक दुकान शामिल है।

सीपी त्रिपाठी, जीडीए अपर सचिव

# जीडीए ने नीलामी के जरिये बेची छह करोड़ की छह संपत्तियां

**गाजियाबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में नीलामी के माध्यम से कुल छह करोड़

■ **हिंदी भवन हुई नीलामी, खरीदारों में दिखा भारी उत्साह**

रुपए की संपत्ति की बिक्री की। नीलामी में आज कुल पांच प्रॉपर्टी की नीलामी हुई। इस दौरान काफी संख्या में बोली दाता शामिल रहे। जिस तरह जीडीए की प्रॉपर्टी खरीदने के लिए लोगों का रुझान है उससे लगता है कि आने वाले कुछ दिनों में जीडीए की प्रॉपर्टी की बिक्री में और तेजी आ सकती है।

आपको बता दें कि जीडीए ने हाल ही में 260 संपत्तियां को नीलामी के जरिए बिक्री करने का निर्णय लिया था। जिसके लिए जीडीए ने 2000 से कम वर्ग मीटर क्षेत्रफल के औद्योगिक भूखंड, व्यवसायिक भूखंड, दुकानों के भूखंड, आवासीय भूखंड, पेट्रोल पंप के भूखंड, एजुकेशनल भूखंड को शामिल किया गया है। इसके अलावा 2000 वर्ग मीटर से अधिक के मल्टीप्लेक्स,



व्यवसायिक, ओल्ड एज होम सामुदायिक केंद्र भूखंड, कन्वेनिएंट शॉपिंग भूखंड, ग्रुप हाउसिंग भूखंड, नर्सिंग होम के भूखंड भी शामिल हैं। जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि हिंदी भवन में आज नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। आज कुल छह करोड़ रुपए की संपत्ति नीलामी के जरिए बेची गई। इसमें कुछ 6 ही संपत्तियों की बिक्री हुई हैं। जिसमें चार सम्पत्ति व्यवसायिक, एक आवासीय तथा एक दुकान शामिल है। उन्होंने कहा कि जीडीए की संपत्ति खरीदने के लिए यह लोगों के पास अच्छा मौका है और वाजिब दामों में वह खरीद कर अपना व्यवसाय चला सकते हैं।

## नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश



**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बरसात के दौरान निगम अधिकारियों को हाई अलर्ट रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को विशेष रूप से नालों की सफाई व्यवस्था पर बने रहने के लिए निर्देश दिए महाप्रबंधक जल को ऐसे स्थान जहां जल भराव रहता है वहां टीम भेजने के लिए कहा शहर वासियों को किसी प्रकार की तकलीफ आवागमन में ना हो उपकरणों को मौके पर भेजा गया जल निकासी कराई गई। वहीं आज तेज बारिश होने पर निगम अधिकारी टीम सहित मैदान में दिखाई दिए जहां-जहां जल भराव की स्थिति रहती है वहां पर पहले से ही उपकरण भी लगे दिखे, मेरठ रोड तिराहा, मोहन नगर चौक, साई मंदिर अंडरपास, अर्थला रोड, कालका गड़ी, लाल कुआं, पुराना बस अड्डा, बामेटा चौक, गौशाला फाटक, वह अन्य ऐसे स्थान जहां पर जल भराव की स्थिति किसी कारण से रहती है वहां पर पूरा ध्यान दिया गया जल भराव स्थिति पर उसको प्रवाहित किया गया। अपर नगर अरुण कुमार यादव, महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी, डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को विशेष कार्रवाई करने के निर्देश गए। जिस पर तत्काल टीम को मौके पर भेज कर जल प्रवाहित स्थिति करने का कार्य किया गया। डी वाटरिंग पंप, सक्शन तथा अन्य उपकरणों के माध्यम से तेज बारिश के दौरान भी जल भराव पर काबू बनाए रखा गया।

# हैदराबाद नगर निगम ने शहरी प्रबंधन की कार्यशाला में नगर आयुक्त भी हुए शामिल

**गाजियाबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन तेलंगाना सरकार ने शहरी प्रबंधन के विभिन्न तकनीकी आयाम में किए गए कार्यों से ज्ञान अर्जित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया है। जिसमें नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त शामिल हुए। उन्होंने ज्ञान अर्जित करने के लिए एक्स्पोजर भ्रमण में भी हिस्सा लिया।

तेलंगाना सरकार ने शहरी बाढ़ प्रबंधन, आपातकालीन संचालन केंद्र, इंटरनेट आफ थिंग्स तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि के क्षेत्र में कई विभिन्न कार्य किए हैं। जो की शहरी प्रबंधन हेतु भविष्य में आवश्यक होंगे कार्यक्रम में वाराणसी लखनऊ गोरखपुर गाजियाबाद के वरिष्ठ अधिकारी गणों ने प्रतिभाग किया, जिसमें जिलाधिकारी महोदय के आदेश अनुसार नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा प्रतिभाग किया गया। शहर हित में शहरी बाढ़ प्रबंधन को लेकर विशेष रूप से चर्चा भी की।



आपातकालीन संचालन केंद्र पर भी ज्ञान अर्जित किया साथ ही गाजियाबाद नगर निगम की योजनाओं को भी साझा किया।

गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में जहां बेहतर कार्य कर रहा है वहीं अन्य प्रदेशों में आयोजित कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग कर नई-नई योजनाओं पर कार्य करने हेतु प्रयास कर रहा है, अन्य प्रदेशों में शहर हित में किया जा रहे कार्यों से प्रेरित हो अपने शहर को भी विकास की ओर अग्रसारित करने के लिए योजना बध तरीके से कार्य करने का प्रयास चल रहा है, प्रदेश में बढ़ते शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न तकनीकी नवाचार को अमल मे लाना अति आवश्यक है जिस हेतु शहरी बाढ़ प्रबंधन, आपातकालीन संचालन, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिकल्स इंटेलिजेंस आदि पर तकनीकी आयामो पर किए गए कार्यों पर एक्स्पोज़र भ्रमण आयोजित किया गया जो कि शहर हित में लाभदायक सिद्ध होगा।

## सार संक्षेप

### अनियंत्रित ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने विद्युत लाइन तोड़ी

**बुलंदशहर।** ईंटों से भरी अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के खंबों में टक्कर मार दी। जिससे दोनों खंबे टूट गए तथा ट्रांसफार्मर नीचे गिर पड़ा। शुक्रवार को ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली बुलंदशहर की तरफ से आ रही थी। जगतपुर सुल्तानपुर गांव के पास सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर के खंबों को टक्कर मारने से खंबे टूट गए। जिससे बड़ा हादसा टल गया। चोला बिजलीघर के अवर अभियंता पंकज कुमार ने बताया कि आरोपी ट्रैक्टर चालक की पहचान कर ली गई है। तहरीर देकर कार्रवाई कराई जाएगी।

### सेक्टर में सांप निकलने से लोगों में दहशत

**नोएडा।** सेक्टर-122 के बी-ब्लॉक में शुक्रवार सांप निकलने से लोगों में दहशत है। निवासियों ने बताया कि पार्कों में सफाई नहीं होने से आए दिन सांप निकल रहे हैं। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने बताया कि एक साल में यह तीसरा मामला है। सांप निकलने का मुख्य कारण कम्पलीशन के प्लॉट्स, ग्रीन बेल्ट और पार्क में सफाई न होना है। शुक्रवार को करीब छह फीट लंबा सांप देखा गया। इससे लोग बच्चों को घरों से बाहर नहीं निकलने दे रहे। फेडरेशन ऑफ आरडब्ल्यूए ने बताया कि प्राधिकरण के पास ऐसी व्यवस्था नहीं है, जहां सांप निकलने के बाद संपर्क कर सकें। प्राधिकरण को एक नंबर जारी करना चाहिए।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में घर से सरकारी अस्पताल दवाई लेने जा रहे एक युवक को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ग्राम सुल्तानपुर निवासी मिलन ने बताया कि उसका बेटा शिवम 13 सितम्बर को अपने घर से सेक्टर-128 स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दवाई लेने के लिए जा रहा था। सेक्टर-39 के गेट नंबर 1 के पास वह सड़क पार कर रहा था। इस दौरान तेज गति में आ रहे बाइक सवार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शिवम गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। आस-पडोस के लोगों ने शिवम को उपचार के लिए नियो अस्पताल में भर्ती कराया। शिवम की बिगड़ती हालत को देखकर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान शिवम की मौत हो गई।

### सेना ब्रिगेडियर के घर से लाखों की चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-37 में ही चोरों ने सेना के ब्रिगेडियर के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। चोर घर से जेवरात और कीमती सामानों सहित कमरों की लाइट, फिटिंग व बाथरूम तथा किचन में लगे अन्य सामान चुरा कर ले गए। ब्रिगेडियर के समधी ने थाना सेक्टर-39 में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## कश्मीर में शहीद हुए सेना के अधिकारियों को कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। महानगर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को शहीद स्थल पहुंच कर कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए सेना के 1 कर्नल, 1 मेजर, 1 डीएसपी रैंक के अधिकारी और 2 सेना के जवानों की शहादत पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अध्यक्ष लोकेश चौधरी के नेतृत्व में अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शहीद स्थल पर पहुंचे और वहां पर शहीद जवानों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर उन्होंने कैंडल जलाई और 2 मिनट का मन भी रखा।


इस मौके पर पूर्व मेयर प्रत्याशी श्रीमती पुष्पा रावत, ओम दत्त गुप्ता महासचिव, आशुतोष गुप्ता, महेंद्र गौतम महासचिव, विक्रांत चौधरी महासचिव कुलभूषण मोनू, बलराज सिंह चावड़ा, राजू गुप्ता, किशन लाल गांधी, निजामुद्दीन, मनीष सिंगल, सविता जैसवाल, ललिता देवी, रिजवान मलिक, अनिल बढ़ाना, आरएस रावत जी, राजपाल आदि लोग उपस्थित थे।

# डेटिंग ऐप का प्रयोग कर हनीट्रैप करने के मामले में दो महिला समेत तीन गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। इन्दिरापुरम पुलिस टीम ने डेटिंग ऐप का प्रयोग कर हनीट्रैप कर फ्लैट पर बुलाकर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमैल करने के मामले दो महिलाओं व एक पुरुष को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि 14 सितम्बर को दिल्ली के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना इन्दिरापुरम पर टेगड नामक डेटिंग ऐप के माध्यम से एक महिला से बातचीत करने तथा उस महिला द्वारा उसे वसुन्धरा स्थित फ्लैट पर बुलाकर अपने साथियो के साथ मारपीट करते हुए व्यक्ति की अश्लील वीडियो बना लिया। उन्होंने ब्लैकमैल कर करीब 50 हजार रुपए हड़प लिए। इस सम्बन्ध मे एक अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

उन्होंने बताया कि विवेचना के क्रम मे नामजद अभियुक्ता दीपांशी को आज को समय उसके फ्लैट से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्ता से पूछताछ के आधार पर घटना में शामिल उसकी साथी अभियुक्ता शाहीन परवीन व अभियुक्त अंकित को गिरफ्तार किया गया।



■ **दिल्ली एनसीआर में चलते हैं गैंग**

अभियुक्त गणो से पूछताछ की गई तो यह तथ्य प्रकाश में आये की शाहीन परवीन, अंकित, दीपांशी व रोबिन का एक गैंग है। ये लोग टेगड नामक डेटिंग ऐप के जरिये लोगो से संपर्क करते है और दीपांशी व शाहीन परवीन इनको अशलील बाते कर फ्लैट पर बुलाती है।

जब व्यक्ति फ्लैट पर आ जाता है तो उसको बातों में फंसाकर उनके कपडे उतरवाते है। इसी दौरान योजना के मुताबिक रोबिन व अंकित वहां पर आ जाते है और मारपीट कर न्यूड वीडियो बनाते है और डरा धमकाकर उससे लाखो रुपए की डिमांड करते है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस गैंग में अन्य सदस्य भी संभावित है जिनके सम्बन्ध में रोबिन की गिरफ्तारी के बाद और अधिक जानकारी प्राप्त होगी।



■ **कॉलेज के छात्राओं ने स्वागत गान से आगुंतकों का किया सम्मान**

## विज्ञान, हिंदी, गणित, अंग्रेजी के साथ नैतिक शिक्षा भी है जरूरी : शिवकुमार

**बुलंदशहर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर स्थित शुक्रवार को शंभू नाथ इंटर कॉलेज में नवनिर्मित दो कक्षाओं का उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि, जिला विद्यालय निरीक्षक शिवकुमार ओझा ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर, कलश पूजन किया। उसके बाद एन सी सी के छात्रों द्वारा देश भक्ति धुनों के बीच गणमान्यों के साथ चलते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक शिवकुमार ओझा ने कक्षों का फीता काटकर लोकार्पण किया, कॉलिज के बाबूजी किशन पाल सिंह सभागार में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गान, में किस तरहा नमन करूं मैं आपका, स्वागतम -स्वागतम- स्वागतम, की सुन्दर प्रस्तुति की। कॉलेज के प्रबंधक एडवोकेट लोकेंद्र कुमार सिंह व गणमान्यों ने बुके देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य राम सेवक त्रिपाठी, डॉ. मंगलदेव शर्मा, डॉ. नरेश कुमार अरोड़ा, अवनीश कुमार अरोड़ा, मुमताज हैदर, संगीत डायरेक्टर विश्वकर्मा, फूलवती राणा, रन सिंह पवार, शिवाजी सिंह, डॉ. परवेज सहित सभी शिक्षक गण व स्टाफ कर्मी उपस्थित रहे।

## 21 किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने की प्राधिकरण सीईओ के साथ बैठक

**नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिलाध्यक्ष अशोक भाटी के नेतृत्व में 21 किसानों का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को सेक्टर-6 स्थित नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में एसीईओ संजय खत्री से मिला। इस मौके पर आबादी निस्तारण, प्राधिकरण की ओर से गांव में ध्वस्तीकरण, 10 प्रतिशत विकसित भूखंड स्कीम अन्य क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। जिसमें प्राधिकरण की ओर से आबादी निस्तारण पर कहा गया हम एक-एक करके सभी गांव का निस्तारण शुरू कर रहे हैं। जब तक आबादी निस्तारण नहीं होगा, कहीं भी ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। 10 प्रतिशत पर शासन से जल्द मंजूरी मिलनी है। 5 प्रतिशत विकसित भूखंड के लिए सेक्टर-146 में अगले दो माह में भूखंड लगाने का काम शुरू कर दिया जाएग। वर्ष 2011 की स्कीम में कोर्ट के आदेश पर आवासीय विभाग द्वारा जल्द किसान को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। बाकी अन्य क्षेत्रीय समस्याओं पर सभी दस डिवीजन के अधिकारियों ने सभी समस्याओं के निवारण के लिए तत्काल कार्य करने को कहा। जिसमें एसीईओ संजय खत्री व प्रभाष कुमार, ओएसडी अविनाश त्रिपाठी व देवेंद्र प्रताप सिंह, उपमहाप्रबंधक सिविल, श्रीपाल भाटी, यूनियन से राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुभाष चौधरी, एनसीआर अध्यक्ष परविंदर अवाना, जिलाध्यक्ष अशोक भाटी, रविंद्र भगत, सुंदर बाबा, सुमित तंवर, भरत प्रधान, रविंद्र भाटी, जोगिंदर कसाना, आनंद अवाना, फिरे राम तोंगड़, सिंह राज गुर्जर, कृष्ण भाटी, अनिल अवाना, नवल प्रधान, लीलू राम, सचिन अवाना, शैलेश बसोया सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# छापेमारी के दौरान जीएसटी टीम से बहस होने पर व्यापारी को पड़ा दिल का दौरा

**जेवर,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कस्बा स्थित नई अनाज मंडी में शुक्रवार को बुलंदशहर व जिले की संयुक्त जीएसटी टीम अचानक एक व्यापारी की दुकान में छापेमारी करने पहुंच गई। जिससे घबराकर खाना खा रहे व्यापारी को हार्ट अटैक आ गया। व्यापारी को आनन फानन में कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर अवस्था में उसका आईसीयू में उपचार जारी है। आक्रोशित व्यापारियों ने जीएसटी टीम का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा होने पर जीएसटी टीम को बेरंग वापस लौटने के लिए बाध्य होना पड़ा। व्यापारियों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर को अचानक ही गौतमबुद्धनगर की जीएसटी विभाग की टीम बुलंदशहर के जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर महेंद्र बहादुर के नेतृत्व में संयुक्त रूप से करीब आधा दर्जन गाड़ियों में सवार होकर जेवर की



■ **आक्रोशित व्यापारियों ने किया हंगामा, उल्टे पांव लौटी टीम**

नई अनाज मंडी पहुंची। टीम में करीब 15 अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। इतनी गाड़ियों के एक साथ आने और अधिकारियो को देख मंडी के सभी दुकानदार इकट्ठा होने शुरु हो गए। जीएसटी टीम सीधा मंडी स्थित खाद बीज की दुकान गोयल फर्टिलाइजर मे अंदर जा पहुंचे। उस समय दुकान के मलिक नरेंद्र गोयल ऊर्फ अल्लू दुकान में बैठे खाना खा रहे थे। आरोप है की जीएसटी टीम ने उनको घेर लिया और उनसे किसी कागज पर सिग्नेचर करने के लिए कहा कि जिस पर व्यापारी ने अधिकारियों से कहा कि वह पहले खाना खा ले। आरोप है की अधिकारी नहीं माने और इसी पर व्यापारी से बहस होने लगी, इसी बीच अचानक व्यापारी को हार्ट अटैक आ गया और वह वहीं बेहोश होकर गिर पड़े। मौके पर मौजूद अन्य व्यापारियों ने नरेंद्र गोयल को कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सको ने उन्हें आईसीयू में भर्ती किया है। साथी की हालत गंभीर होने पर अन्य व्यापारी भड़क ऊठे और जीएसटी टीम से उनकी तीखी बहस शुरू हो गई। जिसपर जमकर हंगामा हुए और हालात को देखते हुए जीएसटी टीम के अधिकारी बेरंग लौट गए।

# यमुना क्लीन ड्राइव के साथ शुरू हुआ भारतीय स्वच्छता लीग

**नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में शहर को अव्वल स्थान दिलाने के लिए प्राधिकरण ने कमर कस ली है। इसके तहत शुक्रवार को नोएडा प्राधिकरण ने आवासीय एवं शहरी विकास मंत्रालय (महुआ) के निर्देश पर भारतीय स्वच्छता लीग का आयोजन कराया। इसमें सुबह सात बजे सेक्टर-94 के पास यमुना क्लीनिंग ड्राइव, दोपहर तीन बजे पंचशील बालक इंटर कालेज में सेनिटेशन स्टाफ पर वर्कशाप, विभिन्न बाजारों में क्लीन ग्रीन ड्राइव का संचालन गाईडेड फार्च्यून समिति के सहयोग से किया गया।

यमुना के किनारे कचरा एकत्र करने के बाद जनस्वास्थ्य विभाग उपमहाप्रबंधक एसपी सिंह ने लोगों से अपील कर कहा कि प्रत्येक वर्ष स्वच्छ सर्वेक्षण में नोएडा की ओर से प्रतिभाग किया जाता है। इस वर्ष भी नोएडा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण में प्रतिभाग किया जा रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण में नोएडा को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिना जन भागीदारी के शहर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में अव्वल स्थान दिला पाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत कुछ वर्षों में नोएडा ने बेस्ट सस्टेनेबल सिटी, गार्बेज फ्री शहरों की रैंकिंग में पांच स्टार रैंकिंग जैसी कई उपलब्धियां हासिल की है। यह सबकुछ शहरवासियों के सहयोग से ही संभव हो सका है। अब नोएडा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए एक प्रयास शुरू किया है, जिसमें आपका सहयोग आवश्क है। इस मौके पर परियोजना अभियंता आरके शर्मा, सफाई निरीक्षक, गाईडेड फार्च्यून समिति सदस्यों ने मिलकर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

### फीड बैक के लिए बाजार पहुंचे अधिकारी कर्मचारी

स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को लेकर प्राधिकरण अधिकारी कर्मचारी गाइडेट फार्च्यून समिति सदस्यों के साथ शाम पांच बजे शहर की विभिन्न बाजार पहुंचे। यहां पर युद्ध स्तर पर किए जाने वाले क्लीन ग्रीन अभियान को लेकर लोगों से फीड बैक लिया गया। जिसमें लोगों द्वारा स्वच्छता के प्रति प्राधिकरण के कार्यों की प्रशंसा की गई। इस दौरान सभी से भारतीय स्वच्छता लीग में नोएडा की टीम नोएडा नाइट्स के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। अपील की गई कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नंबर एक बनाने में अपना सहयोग दे।

### कर्मचारियों को सरकारी योजनाओं के उपयोग के बारे में शिक्षित किया

सेक्टर-91 स्थित पंचशील बालक इंटर कालेज के आडिटोरियम में सफाई कर्मचारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें प्राधिकरण कर्मचारियों को गाईडेड फार्च्यून समिति की प्रोजेक्ट मैनेजर पारूल रौथाण की ओर से उनके सुरक्षा लाभ एवं कार्य करते समय आवश्यक सावधानी के बारे में बताया गया, साथ ही कर्मचारियों को सरकारी योजनाओं के उपयोग के बारे में शिक्षित किया गया, इनके लाभ के बारे में जानकारी दी गई।

कर्मचारियों को मशीनरी के आधुनिक उपयोग, अपनी सुरक्षा और स्वच्छता के लिए सुरक्षा सामग्री की अनिवार्यता के बारे में भी अवगत कराया गया। परियोजना अभियंता आके शर्मा द्वारा सभी कर्मचारियों से अपील की गई कि वह इंडियन स्वच्छता लीग में नोएडा की टीम नोएडा नाइट्स के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़े।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के 8 सदस्य गिरफ्तार

**नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-20 और थाना फेस वन पुलिस ने संयुक्त प्रयास से अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया ऑन डिमांड वाहन चोरी कर बेचता था। गिरोह दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद से फॉर्च्यूनर, स्कार्पियो, इनोवा, क्रेटा, बलेनो जैसी लग्जरी कार चोरी करता था। वाहन चोर गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से 9 एक्सयूवी वाहन और 1 पिस्टल बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

■ **आरोपियों के कब्जे से करोड़ों रुपए की 9 कार बरामद**

एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान उर्फ टट्टी, मोनू उर्फ जमशेद, फरनाम, राशिद उर्फ काला, शाहिवजादा, साकिब उर्फ गद्दू, रोहित मित्तल और रंजीत सिंह के रूप में हुई है। इसका मास्टरमाइंड साकिब उर्फ गद्दू है। गिरोह दिल्ली-एनसीआर और गाजियाबाद से फॉर्च्यूनर, स्कार्पियो, इनोवा, क्रेटा, बलेनो जैसी लग्जरी कार चोरी करता था। पहले गिरोह के सदस्य गाड़ियों की डिमांड के अनुसार रेकी करते थे। इसके बाद गाड़ी के शीशे को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जाता था। यदि कार पुश बटन स्टार्ट होती है तो मो. फरमान और राशिद उर्फ काला की प्रोग्रामिंग डिवाइस को एक कार से कनेक्ट कर प्रोग्रामिंग के जरिए रिमोट की तैयार करके कार स्टार्ट करते थे।

### 3 से 4 मिनट में करते थे कार चोरी

कार चोरी में 3 से 4 मिनट लगते थे। इस दौरान गिरोह के अन्य लोग आसपास नजर भी रखते थे। कार स्टार्ट होते ही बताए गए जगह पर बुलाया जाता था। एक दिन में कम से कम दो से तीन गाड़ियां चुराई जाती थी। गिरोह फार्च्यूनर को 8-10 लाख, स्कॉर्पियो को 5-6 लाख, क्रेटा को 3-4 लाख, ब्रेजा और स्विफ्ट को 1-2 लाख रूपए में ऑन डिमांड फर्जी दस्तावेज तैयार कर रोहित मित्तल, रंजीत, बप्पा को बेचकर पंजाब, जयपुर, हैदराबाद जैसी जगहों पर भेज देते थे।

उवाच

हम मोटोजीपी भारत के लिए अपने टाइटल स्पांसर के रूप में इंडियन ऑयल का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। देश के लिए सबसे बड़े रेसिंग इवेंट में, भारत के ऊर्जा दिग्गजों में से एक के साथ यह सहयोग इसमें उत्साह की एक नई परत जोड़ता है।

**पुष्कर नाथ श्रीवास्तव, मोटोजीपी भारत प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट संस्थापक और मुख्य परिचालन**

# कैपिटल ज़ोन

## हिंडन नदी के डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर



■ चालीस बीघा जमीन पर चल रही थी अवैध प्लाटिंग, कार्रवाई रहेगी जारी

**ग्रेटर नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। हिंडन नदी डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर लगाम लगाने को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी उप जिलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में कार्रवाई शुरु कर दिया है। इसी श्रृंखला में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार तहसील सदर के ग्राम सफीपुर में गाटा संख्या-13, 14म,15 की लगभग 3.5 हेक्टेयर भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग को बुलडोजर से ध्वस्त कराने की बड़ी कार्रवाई की। उप जिलाधिकारी सदर ने बताया कि यह जमीन हिंडन नदी का डूब क्षेत्र है और जिस पर रविंद्र टाइगर व शैलेश गर्ग ने अवैध रूप से प्लॉटिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह 40 बीघा जमीन थी, जोकि लगभग 20 करोड़ रुपए की है। उन्होंने बताया कि बिल्डिंग मटेरियल को हटाने की कार्रवाई 2 दिन में पूर्ण कर ली जाएगी साथ ही उन्होंने बताया कि कॉलोनाइजर पर भूमाफिया डिक्लेयर करने की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में डूब क्षेत्र में हो रही अवैध प्लॉटिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आगे भी इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी।

## नोएडा एयरपोर्ट के पास विकसित होगा एयरोट्रोपोलिस सिटी

**ग्रेटर नोएडा,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के पास 6,554 हेक्टेयर में एयरोट्रोपोलिस सिटी विकसित की जाएगी। इसमें घर, आफिस, उद्योग, स्कूल, शॉपिंग कांप्लेक्स सब कुछ मिलेगा। यह सिटी एयरपोर्ट के नजदीक होगी।

■ मास्टर प्लान में एयरपोट्रोपोलिस सिटी के लिए 6,554 हेक्टेयर जमीन आरक्षित

■ एयरोट्रोपोलिस सिटी में होंगे घर, ऑफिस, उद्योग, स्कूल, शॉपिंग कांप्लेक्स

यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने मास्टर प्लान 2041 को मंजूरी दे दी है। मास्टर प्लान में नोएडा एयरपोर्ट के पास एयरोट्रोपोलिस सिटी विकसित करने का प्रावधान किया गया है। दिल्ली के एयरोसिटी की तर्ज पर इसका विकास होगा, लेकिन उससे काफी बड़ा होगा। एयरोट्रोपोलिस सिटी में आवासीय, औद्योगिक, कामर्शियल और संस्थागत गतिविधियां एकसाथ होंगी। यह शहर एयरपोर्ट के नजदीक होगा। इसलिए यहां भूतल पर अधिक विकास की अनुमति मिलने की उम्मीद है। एयरपोर्ट से नजदीकी के चलते इस शहर में ऊंची बिल्डिंग नहीं बनेंगी। इस शहर में इनोवेशन सेंटर, टेक आफिस, साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क, आरएनडी सेंटर, शॉपिंग सेंटर, एग्जिबिशन सेंटर, वेयर हाउस, होटल, सिविल अपार्टमेंट, रिक्रेशनल ग्रीन, एंटरटेनमेंट हब आदि होगा। एयरपोर्ट के शहर के किनारे के विकास में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं के लिए एक क्षेत्र होगा। ये एयरोट्रोपोलिस के लिए प्रस्तावित व्यापक गतिविधियां हैं। हालांकि प्राधिकरण भविष्य में उत्पन्न होने वाली मांग को देखते हुए इसी तरह की अन्य गतिविधियों को जोड़ने का निर्णय ले सकता है।

**मास्टर प्लान 2041 में नोएडा एयरपोर्ट के पास एयरोट्रोपोलिस सिटी के लिए 6,554 हेक्टेयर जमीन आरक्षित किया गया है। मास्टर प्लान 2041 बोर्ड से मंजूर हो चुका, शासन से मास्टर प्लान को अनुमोदन मिलने के बाद एयरोट्रोपोलिस सिटी विकसित करने पर काम शुरू कर दिया जाएगा।**

**डॉ. अरूणवीर सिंह**
**मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

## ई ऑक्शन के जरिए 38 कामर्शियल भूखंड आवंटित करेगा यमुना प्राधिकरण

■ 4 फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, 3 कियोस्क, 25 कामर्शियल शॉप्स व 6 कामर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के आवंटन प्रक्रिया को अक्टूबर तक होगी पूरा

■ यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की वेबसाइट के जरिए होगी नीलामी प्रक्रिया, ऑक्शन में शामिल होने के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा दे रही योगी सरकार की मंशा के अनरूप सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरण अपने संबंधित क्षेत्रों के समेकित विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर्स के निर्माण के साथ ही क्षेत्र में कामर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी प्राधिकरणों का विशेष फोकस है। इसी कड़ी में यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा अक्टूबर में मेगा ई ऑक्शन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें कामर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन के लिए करोड़ों की बोली लगेगी। सीएम योगी की मंशा अनुरूप, यीडा अपनी वेबसाइट के जरिए 4 फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, 3 कामर्शियल कियोस्क, 25 कामर्शियल शॉप्स व 6 कामर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के आवंटन को ई ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए अंजाम देगी।

**अलग-अलग कामर्शियल भूखंड के आवंटन का रास्ता होगा साफ**

यीडा द्वारा अक्टूबर में किए जा रहे मेगा ऑक्शन के जरिए अलग-अलग कॉमर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन का रास्ता साफ होगा। यीडा द्वारा इस ई ऑक्शन को अपनी वेबसाइट के जरिए शाम 5 बजे तक कंडक्ट किया जाएगा। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है और बिड्स सबमिट करने का आखिरी दिन 16 अक्टूबर निर्धारित किया गया है। वहीं, ईएमडी सबमिशन के लिए 12 अक्टूबर को आखिरी दिन निर्धारित किया गया है। इस ऑक्शन के जरिए फ्यूल फिलिंग स्टेशंस, कामर्शियल कियोस्क, कामर्शियल शॉप्स व कामर्शियल फुटप्रिंट प्लॉट्स के रूप में कुल 38 कामर्शियल प्रॉपर्टीज के आवंटन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाएगा जिसके लिए 11,800 रुपए बतौर डॉक्यूमेंट फीस निर्धारित की गई है।

## सार संक्षेप

### एनएटी परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक छात्र शामिल



**जेवर।** जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों शुक्रवार को हुई एनएटी परीक्षा में जेवर कस्बे के विद्यार्थियों की 90.2 प्रतिशत उपस्थिति रही। जिससे अध्यापकों में खुशी की माहौल है। इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मद राशिद ने कहा कि इस उपलब्धि में सभी प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक संकुल, बीआरसी स्टाफ व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का सहयोग रहा है तथा सभी अध्यापकों की मेहनत व लगन से परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी, डाइट मेंटर्स, एसआरजी, एआरपी द्वारा शिक्षकों के साथ एनएटी परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने पर ऑनलाइन मीटिंग भी की गई।

### गमगीन माहौल में नाबालिग छात्रा का अंतिम संस्कार

**जेवर।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जहांगीरपुर की रहने वाली नाबालिग छात्रा का शव पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को घर पहुंचने पंर स्वजनों में कोहराम मच गया। जिसके बाद गमगीन माहौल में छात्रा का अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि जहांगीरपुर कस्बे की रहने वाली 14वर्षीय नाबालिग किशोरी कस्बे के एक स्कूल में कक्षा 8वीं की छात्रा थी। स्वजनों ने कोतवाली पुलिस से शिकायत करते हुए कस्बे के बादल नामक युवक पर स्कूल आते जाते वक्त छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। पीड़ित स्वजनों की शिकायत पर पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। गुरुवार दोपहर को नाबालिक छात्रा ने पंखे से दुप्पटे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। कोतवाली प्रभारी मनोज सिंह चौहान ने बताया कि मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए बाधित करने की धाराओं की वृद्धि की है तथा आरोपित बादल की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई हैं।

## यमुना प्राधिकरण ने 287 आवेदकों को आवंटित किया फ्लैट

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बहुमंजिला इमारतों की फ्लैट योजना का ड्रा शुक्रवार को कर दिया गया। 287 आवेदन को लॉटरी के जरिए भवन संख्या एवं ब्लॉक आवंटित किया गया। जल्द ही सभी को आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। यमुना प्राधिकरण ने सेक्टर 22डी में 462 फ्लैटों की योजना निकाली थी। यह फ्लैट 99.86 वर्ग मीटर के हैं। इन फ्लैटों का आवंटन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया गया।

योजना में आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त थी। इस योजना में 308 आवेदन आए। इसमें से 21 आवेदकों ने अपनी पंजीयन धनराशि को रिफंड करने के लिए आवेदन कर दिया। इसके बाद 287 आवेदकों को ड्रा में शामिल किया गया।





सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने शुक्रवार को ड्रा कराने की तिथि नियत की थी। शुक्रवार को एसीईओ कपिल सिंह की अध्यक्षता में ड्रा किया गया। इसमें ओएसडी शैलेंद्र भाटिया, जीएम वित्त विशंभर बाबू, जीएम परियोजना एके सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। सभी 287 आवेदकों फ्लैट संख्या और ब्लॉक आवंटित किया गया। एसीईओ कपिल सिंह ने बताया कि जल्द ही सभी को आवंटन पत्र जारी किए जाएंगे। ग्रेटर नोएडा यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर- 22 डी में 287 आवेदकों को फ्लैट।

■ सेक्टर-22 डी ने निकाली थी 462 बहुमंजिला फ्लैटों की योजना

■ योजना में 462 फ्लैटों के लिए 287 लोगों ने किया था आवेदन

■ लॉटरी से किया गया भवन संख्या एवं ब्लॉक आवंटित

## मोटोजीपी भारत ने टाइटल स्पांसर के रूप में इंडियनऑयल को किया ऑनबोर्ड

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। मोटोजीपी भारत ने 22 से 24 सितम्बर के बीच बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में होने वाले भारत के पहले मोटोजीपी ग्रैंड प्रिक्स के लिए टाइटल स्पांसर के रूप में इंडियनऑयल को आनबोर्ड किया है। इस रेस में 41 टीमें और 82 राइडर्स मोटोजीपी, मोटो2 और मोटो3 श्रेणियों में भाग ले रहे हैं। इनमें फ्रांसेस्को बैगनिया, मार्क मार्केज, मार्को बेजेची, ब्रैड बाइंडर, जैक मिलर और जॉर्ज मार्टिन जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं। इंडियनऑयल के टाइटल स्पांसर बनने के साथ, यह रेस और भी अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए तैयार है, जिससे पूरे देश में मोटरस्पोर्ट्स के लिए जुनून और विकास को बढ़ावा मिलेगा। मोटोजीपी भारत के प्रमोटर फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट के संस्थापक और मुख्य परिचालन पुष्कर नाथ श्रीवास्तव ने कहा कि हम मोटोजीपी भारत के लिए अपने टाइटल स्पांसर के रूप में इंडियन ऑयल का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। देश के लिए सबसे बड़े रेसिंग इवेंट में, भारत के ऊर्जा दिग्गजों में से एक के साथ यह सहयोग इसमें उत्साह की एक नई परत जोड़ता है। यह सहयोग भारत में खेल उत्कृष्टता का समर्थन करने के लिए इंडियनऑयल की प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है और हमारा मानना है कि यह देश में मोटरसाइकिल रेसिंग के विकास को गति देगा।

■ इंडियन ऑयल रेसिंग महाकुंभ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के साथ, मोटरस्पोर्ट्स के विकास में भी देगा योगदान

## निर्माणाधीन साइटों की सुरक्षा की होगी जांच, लेबर ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई





आम्रपाली ड्रीम वैली की प्रोजेक्ट साइट होगी सील, लेबर को बाहर निकालने के आदेश, एनबीसी समेत सभी लेबर ठेकेदारों पर होगी एफआईआर, दोषियों को नहीं बक्शा जाएगा।

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट ग्रेनो वेस्ट में निर्माणाधीन बिल्डिंग में पैसेन्जर लिफ्ट मामले में पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बताया कि चार मजदूरों की मौत हो गई है, घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, दुर्घटना के कारण की जांच की जा रही है। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि बिसरख क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन बिल्डिंग में लिफ्ट के अचानक गिर जाने से हुए हादसे को देखते हुए 15 दिवसीय सघन अभियान चलाकर निर्माणाधीन बिल्डिंग प्रोजेक्टों में लिफ्ट सेफ्टी व लिफ्ट की संख्या एवं कार्य करते समय मजदूरों की सुरक्षा के लिए क्या सावधानियां है का सर्वे कर चार्ट बनाकर सीएफओ गौतमबुद्धनगर को आवश्यक कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया है।

**बिल्डर के जेल में जाने के बाद एनबीबीसीसी ने किया था टेकओवर**

आम्रपाली ड्रीम वैली सोसाएटी में लिफ्ट हादसे के पीछे जिम्मेदार लोगों को योगी सरकार ने जेल भेजने की तैयारी शुरू कर दी है। सोसाएटी को सील करने के बाद बिसरख थाने पर मुकदमा लिखा जा रहा है। दुर्घटना के बाद निर्माण कंपनी के निदेशक फरार हो गए है। आम्रपाली के मालिक डॉक्टर अनिल कुमार शर्मा के जेल जाने के बाद इस बिल्डिंग की जिम्मेदारी एनबीसीसी यानी नेशनल बिल्डिंग्स कॉरपोरेशन लिमिटेड की थी। सरकारी संस्था अपनी निगरानी में गिरधारी लाल एंड संस प्राइवेट लिमिटेड से काम करा रही है। शुक्रवार को इसी कंपनी के लोग काम कर रहे थे।

## यूपीसीडा साइट-5 के उद्यमियों को जल्द मिलेगी राहत

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्र सूरजपुर साइट-5 के उद्यमियों को जल्द राहत मिलेगी। उनके आवागमन को आसान बनाने के लिए ईपीआईपी स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री के पास 30 मीटर सड़क व सावित्री बाई फूले बालिका विद्यालय के सामने की सड़क पर तीन लेन पुल बनाया जाएगा। इससे कासना के जाम से मुक्ति मिलेगी और साइट-5 नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएगा।

यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) एनके जैन ने बताया कि सूरजपुर साइट-5 व ईपीआईपी में आने के लिए दो मुख्य मार्ग हैं। इन पर अक्सर जाम लगा रहता है। इससे आवागमन में असुविधा होती है। उद्यमियों का समय भी खराब होता है। इस समस्या के समाधान के लिए ईपीआईपी स्थित फ्लैटेड फैक्ट्री के पास 30 मीटर सड़क को सावित्री बाई फूले बालिका विद्यालय के सामने वाली 30 मीटर रोड से पुल से जोड़ा जाएगा। पुल निर्माण के लिए करीब 18.90 लाख रुपए के खर्च होंगे। पुल का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम करेगा।

## पंचायत में मारपीट, वीडियो वायरल

**रबूपुरा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वृद्ध के खाते से रुपए निकालने के मामले को सुलझाने के लिए हो रही पंचायत में मारपीट हो गई। जिसमें जमकर लात घूंसे चले। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं मामले में समझौता होने का दावा किया जा रहा है। जानकारी अनुसार गांव नगला चांदन निवासी बुजुर्ग इंद्रजीत का कस्बा स्थित एक बैंक में खाता है। जिसमें 16 लाख रुपए जमा थे। बताया जाता है कि उक्त रकम पोती की शादी के लिए जमा की गई थी। आरोप है कक्षा 10 में पढ़ने वाले नाबालिक पौत्र ने धोखे से दादा का मोबाइल फोन खाते से लिंक करके पेटीएम के माध्यम से 16 लख रुपए निकाल लिए और दोस्तों के साथ मिलकर करीब 11 लाख रुपए खर्च कर दिए जबकि 5 लाख अपने दोस्तों को उधार दे दिए हैं। इसी के चलते मामले को सुलझाने के लिए गांव में पंचायत का आयोजन किया गया था। बताया



जाता है परिवार के सदस्यों में गाली गलौज के बाद जमकर हाथापाई हुई। समूचे मामले की पुलिस से शिकायत की गई है हालांकि दोनों पक्षों के बीच समझौता होने का दावा किया जा रहा है।

## कॉलेज में घुसकर बदमाशों ने की लूट, चौकीदार को पीटकर किया घायल

**दनकौर,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के चीती गांव के नजदीक बने पंडित दीनदयाल राजकीय मॉडल इंटर कालेज में गुरुवार की रात अज्ञात बदमाश घुस कर करीब चार घंटे तक कालेज में तांडव मचाते रहे। चौकीदार द्वारा विरोध करने पर जमकर पिटाई की गई। बदमाशों द्वारा कालेज में रखे कई लेपटॉप, टेबलेट और कम्प्यूटर समेत अन्य कीमती सामान लूट लिया गया। पुलिस का कहना है कि कालेज की प्रिंसिपल की तहरीर के आधार पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। गुरुवार की रात करीब पांच अज्ञात बदमाश दीवार कूदकर कालेज में घुस गए। बदमाशों ने चेहरे पर कपड़ा बांधा हुआ था। आरोपियों ने कालेज के एक कमरे का ताला तोड़ा जा रहा था जिसकी आवाज सुनकर चौकीदार विकल वहां पहुंचा जिसके द्वारा विरोध करने पर बदमाशों ने उसे



अपने कब्जे में ले लिया गया। इस दौरान चौकीदार की जमकर पिटाई की गई। बाद में बदमाशों द्वारा कालेज में रखे कई लैपटॉप, टेबलेट्स, सीपीयू, मॉनिटर, पंचिंग मशीन, सीसीटीवी कैमरे और उनकी डोरी समेत वहां रखा अन्य कीमती सामान ले लिया गया। कालेज में बदमाश करीब चार घंटे तक रहे और सभी सामान को लूट लिया गया। बाद में चौकीदार को घायल अवस्था में वहीं छोड़कर फरार हो गए। शुक्रवार की सुबह जब कुछ अध्यापक वहां पहुंचे तो चौकीदार घायल अवस्था में लेटा हुआ था साथ ही सभी कीमती सामान गायब था।

इसकी सूचना प्रधानाचार्य अल्पना प्रसाद को दी गई। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल की जांच की और घायल को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि कॉलेज की प्रधानाचार्य द्वारा चोरी होने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## गौतमबुद्धनगर जिले में युवा गजेंद्र मावी को मिली भाजपा जिलाध्यक्ष की कमान

**ग्रेटर नोएडा,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन को मजबूत करने के लिए प्रदेश के 63 जिला और महानगर इकाइयों में नये अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। जिलाध्यक्ष और महानगरों के अध्यक्ष की नियुक्ति में भाजपा हाईकमान ने जातीय समीकरण को साधने का प्रयास किया है। खासतौर से इस बार युवा चेहरों को जिला एवं महानगर की कमान सौंपी गई है।

गौतमबुद्धनगर जिले में भाजपा ने इस बार भी गुर्जर बिरादरी से गजेंद्र मावी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। महानगर नोएडा से मनोज गुप्ता पर फिर से भरोसा जताया है। जिला और महानगर अध्यक्ष दोनों पर पदों पर युवा चेहरे को उतारा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की तरफ से शुक्रवार को प्रदेश के 63 जिला और महानगर इकाईयों के अध्यक्ष



नियुक्ति का आदेश जारी किया गया। गौतमबुद्धनगर में बिरौंडी गांव के रहने वाले गजेंद्र मावी को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। गजेंद्र मावी भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रह चुके है। इससे पहले कई साल तक विजय भाटी के हाथ में जिलाध्यक्ष की कमान थी। विजय भाटी सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री डाक्टर महेश शर्मा के करीबी माने जाते है। जिले में विजय भाटी का पूरा कार्यकाल एक मोहरे के तौर पर जाना जाता है। उसके अपेक्षा गजेंद्र मावी युवा होने के साथ तेजतर्रार नेता की छवि रही है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रहते हुए उन्होंने युवाओं को पार्टी से जोड़ा था। गजेंद्र मावी को जिलाध्यक्ष बनाने में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसौदिया की अहम भूमिका बताई जा रही है। जिले में भाजपा संगठन को लेकर पहले ही गुटबाजी चल रही है। संगठन के पदाधिकारी दो गुटों में बंटे हुए है। ऐसे में गजेंद्र मावी एक तटस्थ छवि रही है। महानगर से पार्टी ने मनोज गुप्ता को दोबारा अध्यक्ष की कमान सौंपी है। मनोज गुप्ता को सांसद महेश शर्मा का करीबी माना जाता है।


**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–के0पी0–4, ग्रेटर नोएडा
जिला–गौतमबुद्धनगर उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि AML-02 आवसीय भवनों की योजना के अन्तर्गत भवन संख्या A-51, Area-280, Sqmt. Sector-Sigma-04, Allotment No.-AML0267252, Greater Noida, Sh. Dilip Aima & Smt. Anita Aima & Smt. Uma Aima के पक्ष में सयुंक्त रूप से आवंटित/पंजीकृत है। इनमें से सह आवंटी Smt. Uma Aima की मृत्यु दिनांक 19.05.2019 को हो गयी है। मृतक आवंटी Smt. Uma Aima के पुत्र एवं मूल आवंटी Sh. Dilip Aima द्वारा उपरोक्त वर्णित भवन को प्रस्तुत प्रपत्रों/शपथ पत्रों/मृत्यु प्रमाण पत्र/वारिसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो मे स्वर्गीय Late Smt. Uma Aima के स्थान पर उनके पुत्र एव मूल आवंटी Sh. Dilip Aima R/o A-14 A, SFS HIG DDA Flats Mayur Vihar, Phase-3, Delhi-110096 के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा
जिला–गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A-1303, 13th Floor, Tower-A, Area-173.73 Sqm. Hawelia Valenova Park, Sector- Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Nikhil Mehta निवासी C-200A, Second Floor, Hari Nagar, West Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक–11.12.2020 को पंजीकृत है। Sh. Nikhil Mehta की मृत्यु के उपरान्त पत्नी व पुत्री Mrs. Meenakshi Mehta & Ms. Purva Mehta (Minor 15 Year) ने उक्त भूखण्ड/भवन का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों Mrs. Meenakshi Mehta & W/o Late Sh. Nikhil Mehta & Ms. Purva Mehta (Minor 15 Year) D/o Late Sh. Nikhil Mehta का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा
जिला–गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 2101, 21st Floor, Tower-2(B), Area-156.820 Sqm. Casa Woodstock, Sector -16C, Greater Noida जो कि Sh. Rameshwar Rai & Mrs. Babita Rai निवासी Flat No. 08056, Teakwood Tower-22, Mahagun Mywoods, Gh-04, Near Mahagun Mart, Sector-16C, Greater Noida West, G.B. Nagar के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक 19.10.2020 को पंजीकृत है। Sh. Rameshwar Rai की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी Mrs. Babita Rai ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत वारिसान के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Babita Rai W/o Late Sh. Rameshwar Rai का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नौएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009



देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655




Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

# अभिमत

बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर हैं। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो।

## जनता के सवालों के लिए शाहरुख ने बॉलीवुड में बनाई नई राह



जगदीश रत्तनानी

हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

किंग खान और एसआरके के नामों से भी मशहूर शाहरुख खान अपनी फिल्म 'जवान' के साथ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रहे हैं। पिछले हफ्ते रिलीज़ हुई इस फिल्म ने कथित तौर पर सप्ताहांत तक 350 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की जिसे बॉलीवुड फिल्म इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग कहा जा रहा है। कुछ लोग जो सोचते थे कि शाहरुख का करियर गिरावट पर है वे देख सकते हैं कि वह एक बड़े धमाके के साथ लौट आया है। शाहरुख के जादू में इस बार दक्षिण भारतीय फिल्मों की नायिका नयनतारा, दक्षिण के ही कलाकार विजय सेतुपति और निर्देशक एटली कुमार जैसे तमिल सिनेमा के सितारों ने उत्तर और दक्षिण की प्रतिभाओं को एक पैकेज में जोड़ा है जिसे पूरे देश के दर्शकों द्वारा पसंद किया जा रहा है। पौने तीन घंटे लंबी फिल्म का वर्णन निर्माता कंपनी रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट इन शब्दों में करती है- 'एक हाई-ऑक्टेन एक्शन थ्रिलर, एक ऐसे व्यक्ति की भावनात्मक यात्रा को रेखांकित करती है जो समाज में गलतियों को सुधारने के लिए तैयार है।'

कहने की जरूरत नहीं है, इसमें से बहुत कुछ ठेठ बॉलीवुड बड़बोलापन है। लेकिन इसमें 'समाज में हुई गलतियों' को रेखांकित किया गया है जो 'जवान' को अलग-अलग राजनीतिक रंग के साथ एक साहसिक कदम बनाता है। इसे कई लोग इस समय के विशेष राजनीतिक माहौल में बड़े जोखिम के रूप में देखेंगे जो आगामी चुनावों से और गर्म हो जाएगा। यह फिल्म एक सार्वजनिक अस्पताल में ऑक्सीजन सिलेंडर की कमी के कारण मरीजों की मौत, किसानों की आत्महत्या, घटिया उपकरणों के खराब सौदे जो हमारे सैनिकों की जान को खतरे में डालते हैं, पानी और हवा को प्रदूषित करने वाले हमारे कारखानों या चुनिंदा व्यवसायियों, व्हीलर-डीलरों की सुरक्षा पर प्रकाश डालती है।

इसमें, फिल्म समाज की बुराइयों के खिलाफ सामान्य निंदा से परे जाती है क्योंकि वे अपना हक पाने के लिए संघर्ष करते हैं जिसे आम तौर पर दुष्ट बिचौलिए, भ्रष्ट राजनेता या रोजमर्रा के लोगों की परेशानियों की रूढ़ियों में चित्रित किया जाता है। यह सही है कि 'जवान' में अभी भी बहुत सारी सामान्य बातें हैं लेकिन उचित विषयों को भी उछाला गया है। इस लिहाज से शाहरुख और उनकी टीम ने बेहिचक वास्तविक मुद्दों को खोला है और पलायनवादी मसाला इस्तेमाल करते हुए उन ज्वलंत राजनीतिक सवालों को उभारा है जिन्हें कई लोग देख सकते हैं लेकिन वर्तमान राजनीतिक माहौल में बॉलीवुड के कुछ ही लोग ऐसे सवाल पूछने की हिम्मत करेंगे।

बहुत पहले यह माना जाता था कि बॉलीवुड इसलिए काम करता है क्योंकि हल्के- फुल्के गानों और नृत्यों से मिला मनोरंजन लाखों लोगों के लिए रोजमर्रा की जिंदगी के दुख से मुक्ति दिलाता है। पिछले कुछ दशकों में यह बदल गया। शुरुआती दौर की रोमांटिक कहानियों और अमीर-गरीब टिप्पणी से लेकर एंग्री-यंग-मैन, बोल्ड रोमांस वाली फिल्मों और फिर उदारीकरण के बाद कम लागत वाली फिल्मों का आगमन हुआ जिन्होंने नए विषयों के साथ प्रयोग किया। बदलते समय ने बड़े पर्दे पर आधुनिक समय के मुद्दों को और अधिक मुखर किया जैसे लिव-इन रिलेशनशिप, एलजीबीटीक्यू+अधिकार और उनके वैवाहिक संबंध, जातीय संघर्ष, 'मुठभेड़' हत्याएं, ग्रामीण-शहरी विभाजन, ऑटिज़्म, अकेलापन, मानसिक स्वास्थ्य आदि। पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्मों में राजनीतिक संदेश भी रहे हैं और इस अर्थ में बॉलीवुड हमेशा राजनीतिक था लेकिन अप्रत्यक्ष तरीके से। यह ज्यादातर सुरक्षित क्षेत्र में खेला जाता था- बहुत से लोगों ने प्रतिष्ठान की आंखों में नहीं देखा लेकिन विषय पर झुकाव के साथ अपनी बात कही।

बॉलीवुड एक ऐसी जगह है जो गीत और नृत्य के लिए जानी जाती है जिसका घोषवाक्य मनोरंजन और ग्लैमर हैं। बॉलीवुड हमेशा एक जीतने वाला फॉर्मूला पसंद करता है, खासकर बड़े बजट की फिल्मों में जो मोटी फीस लेने वाले रॉकिंग सितारों से भरी होती हैं। क्या 'जवान' की सफलता के साथ यहां से यह बदल जाएगा? हमारे पास बॉलीवुड के लिए एक नए रास्ते का प्रस्ताव है, एक ऐसा रास्ता जो अपनी विशाल और बेजोड़ सॉफ्ट पावर का उपयोग करके इस तरह के कुछ महत्वपूर्ण संदेशों को घर-घर तक पहुंचा सकता है और एक तरह से बड़े बजट के असाधारण आयोजन में इस तरह का संदेश पहुंचाने का शायद ही कभी ऐसा प्रयास किया गया हो। इन अर्थों में, फिल्म सभी को सतर्क रखती है और नई कल्पनाओं तथा संभावनाओं को खोलती है कि खतरनाक राजनीतिक स्थानों में घुसने के बाद बॉलीवुड क्या कर सकता है।

फिल्म का मुख्य आकर्षण एक भाषण है जिसमें शाहरुख खान प्रत्याशी से पूछता है- 'प्रिय उम्मीदवार, आप अगले पांच वर्षों में हमारे लिए क्या करेंगे? अगर परिवार में कोई बीमार पड़ता है, तो आप उनके इलाज के लिए क्या करेंगे? मुझे नौकरी दिलाने के लिए आप क्या करेंगे? और यह सवाल उठाने के बाद नागरिकों से यह चुनने के लिए कहता है कि वे किसे वोट देंगे?'

फिल्म का संदेश स्वास्थ्य, शिक्षा, नौकरियों के क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन और सेवा के वितरण की मांग करना है। धर्म, नस्ल या जाति के नाम पर ध्यान भंग नहीं करना है। ये बिल्कुल ऐसे सवाल और मुद्दे हैं जो आज के भारत में फोकस में नहीं हैं। फिल्म में इन सवालों और मुद्दों को एक सफल मसाला प्रारूप में प्रस्तुत कर उन्हें किसी भी अन्य माध्यम की तुलना में जनता तक ले जाया गया है। इन ज्वलंत मुद्दों में से किसी पर गहराई से टिप्पणी नहीं की गई है। गहराई में न जाकर मुद्दों को उठाने का यह वही खेल है जो सत्तापक्ष ने किया है। इस रूप में 'जवान' की टक्कर वही रास्ता अपनाकर, उछल-कूद करके जनता के सामने दूसरा पक्ष रख रही है।

जनता तक इस संदेश की सुपुर्दगी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की पृष्ठभूमि में आती है जो 2024 के चुनावों के बहुत ही जीवंत संदर्भ में है।

इनमें से कोई भी प्रगतिशील संदेश नहीं है या हमारे समय के जटिल राजनीतिक मुद्दों की एक महत्वपूर्ण परीक्षा नहीं है। यह एक आधारभूत शैली है लेकिन इसका महत्व यह है कि इसे वितरित किया गया था और इसकी सफलता- इसकी व्यापक पहुंच, इसके स्लीक पैकेज और इसके बड़े सवालों में है।

यह विडंबना पूर्ण है कि यह उन लोगों के अपरिष्कृत दृष्टिकोण से मेल खाता है जिन्होंने राष्ट्रीय एजेंडे को तोड़-मरोड़ कर पेश किया है, राजनीतिक विमर्श को बदल दिया है और अब जो लोग सभी प्रकार के कनेक्शन खींचकर फिल्म का बहिष्कार करने के बेताब आह्वान के साथ सामने आए हैं- सनातन धर्म पर टिप्पणी के वर्तमान विवाद से लेकर शाहरुख खान की हालिया तिरुपति मंदिर की यात्रा तक।

हिंदी फिल्म उद्योग एक ऐसी जगह है जहां का चलन, काम की गुणवत्ता और दर्शकों द्वारा स्वीकृति है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के नाम पर क्या कहा गया है। हिंदू, मुस्लिम और अन्य सभी धर्मों के कलाकार और टेक्निशियन दर्शकों को सपनों की दुनिया में ले जाने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

बॉलीवुड एक कुशल व्यवसाय मशीन है जहां आप चाहे किसी भी विभाग से जुड़े हों, जो आपको हर दिन खुद को साबित करने के लिए चुनौती देती है। पैसा कमाने और सफलता की सीढ़ियां चढ़ने का आनंद लेना खुद को चुनौती देना है, न कि राजनीतिक प्रतिष्ठान को चुनौती देना। शाहरुख की 'जवान' ने बात कहने के लिए उस जगह का विस्तार किया है। इस प्रयास को संरक्षित और पोषित किया जाना चाहिए और बढ़ने का अवसर दिया जाना चाहिए। इसलिए फिल्म की सफलता अच्छी खबर है लेकिन यह देखा जाना बाकी है कि आगे क्या होगा और बॉलीवुड इस नई राह को कैसे अपना सकता है या कैसे इसका अनुसरण करेगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस)*

### बीता सप्ताह

**9 सितंबर**
- जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक तथा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा सहित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष दिल्ली पहुंचे।
- टाइम पत्रिका की पहली शीर्ष सौ एआई सूची में अमेरिकी स्नेहा रेवनूर सबसे युवा रहीं।
- हांगकांग में 140 साल के इतिहास में सबसे ज्यादा बारिश हुई।
- 107 अल शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने आत्मसमर्पण किया।

**10 सितंबर**
- जी-20 नई दिल्ली घोषणा पत्र आम सहमति से पारित हुआ।
- आंध्रप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले गिरफ्तार किए गए।
- मोरक्को में बीती रात 6.8 तीव्रता वाले भूकंप आने से 1 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।
- दक्षिण अफ्रीकी के कद्दावर नेता मुखर राजनीतिज्ञ जुलु प्रमुख मैगो बुथेलेजी का निधन हो गया।

**11 सितंबर**
- शांति के संदेश के साथ जी-20 सम्मेलन का समापन हुआ।
- आदित्य मिशन एल-1 ने तीसरी कक्षा में प्रवेश किया।
- बलूचिस्तान के डेटा बुगती जिले में छ: फुटबॉल खिलाड़ियों का अपहरण कर लिया गया।
- शोधकर्ता तुर्की के तीन हजार फीट नीचे गुफा में फंसे।

**12 सितंबर**
- एशिया कप-2023 के वन डे मैच में पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की।
- बॉलीवुड के जाने माने लेखक, गीतकार और कवि जावेद अख्तर को लंदन यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज की ओर से डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।
- नाइजीरिया में नाव पलटने से 26 लोगों की मौत हो गई।
- केंद्र सरकार ने धान खरीदी के लिए बायोमीट्रिक प्रणाली को अनिवार्य किया।

**13 सितंबर**
- संसद भवन कर्मचारियों को नई ड्रेस की घोषणा की गई जिसमें कमल के फूल और खाकी रंग को जगह दी गई और गुलाबी रंग की नेहरू जैकेट।
- जम्मू-कश्मीर में राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया।
- नूंह हिंसा के भड़काऊ पोस्ट के लिए मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर लिया गया।
- टीएमसी सांसद नुसरत जहां फ्लैट घोटाला मामले में ईडी के सामने पेश हुईं।
- एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ भारत ने 213 रन बनाए।

**14 सितंबर**
- जम्मू-कश्मीर के अनंत नाग में आतंकियों और सेना के बीच मुठभेड़ में कर्नल मेजर व डीएसपी शहीद हो गए।
- श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल वागले को आस्ट्रेलिया में नये भारतीय उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है।
- द्वितीय विश्वयुद्ध के समय ब्रिटेन के प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल के कार्यालय को हिंदूजा समूह द्वारा लग्जरी होटल बनाया गया जिसका शुभारंभ 20 सितंबर को होगा।
- फेटएक्स कार्पोरेशन के भारतीय अध्यक्ष व सीईओ राज सुब्रमण्यम को 2023 का पिनेकल अर्वाड दिया जाएगा। जो 2023 आउसोर्सिंग 50 एशियन अमेरिकन्स इन बिजनेस अर्वाड में दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

**15 सितंबर**
- छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी ने एक कार्यक्रम के भाषण में कहा- छत्तीसगढ़ पावर हाउस के समान, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास करेंगे।
- इंडिया गठबंधन ने 10 चैनल्स के 14 एंकर्स का बहिष्कार करने का फैसला लिया।
- बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का निधन हो गया।
- बिहार में बागमती नदी में छात्रों से भरी नाव पलटने से 12 छात्र लापता हो गए।

## क्या है इंडिया गठबंधन साझेदारों के बीच सीट बंटवारे का सबसे अच्छा तरीका?

■ नित्य चक्रवर्ती

28 विपक्षी दलों के इंडिया ब्लॉक की पहली समन्वय समिति ने आखिरकार साल के अंत में होने वाले दोनों राज्यों के विधानसभा चुनावों और 2024 की शुरुआत में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। प्रवक्ता केसी वेणुगोपाल ने बाद में यह स्पष्ट किया 13 सितंबर को समन्वय समिति की बैठक में कहा गया कि राज्य स्तरीय चर्चा को 30अक्टूबर तक पूरा करने का भरसक प्रयास किया जायेगा। प्रक्रिया इतनी जटिल है कि अगर 30अक्टूबर तक सीट बंटवारे की बातचीत पूरी नहीं भी हो तो भी कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने के लिए पर्याप्त समय है।

भाजपा खेमे से जुड़े कई टिप्पणीकार विपक्षी दलों की एकता और 543 लोकसभा सीटों में से प्रत्येक पर भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ गठबंधन से संयुक्त उम्मीदवार खड़ा करने के उनके दृढ़ संकल्प की सफलता पर संदेह करते हैं। उनका तर्क है कि ये अलग-अलग दल अपने परस्पर विरोधी राजनीतिक हितों के कारण कभी भी सीटों के बंटवारे पर सहमत नहीं हो पायेंगे।

हां, मतभेद हैं क्योंकि राजनीतिक दलों के अलग-अलग दृष्टिकोण हैं, लेकिन वे एकजुट हैं तथा भाजपा के खिलाफ वन ऑन वन सीट शेयरिंग फॉर्मूले पर राजी हैं। एक बार जब यह भावना आ गई, तो सीट बंटवारे पर बातचीत निश्चित रूप से आसान हो जायेगी। 543 लोकसभा सीटों पर गौर करने पर पता चलता है कि लगभग 400 लोकसभा सीटों पर, भारत के साझेदार पहले से ही एक ब्लॉक के रूप में काम कर रहे हैं और केवल अन्य 143सीटों पर दावों पर मतभेदों को कम करने के लिए व्यापक बातचीत की आवश्यकता होगी।

कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा।

गठबंधन की बातचीत की बड़ी समस्या गुजरात, पंजाब, दिल्ली, असम और देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश को लेकर होगी। इन सभी राज्यों में कुल मिलाकर 140 सीटें हैं। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में 6 सीटें हैं जिन पर भारत के तीन शक्तिशाली सहयोगियों कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के बीच बातचीत होनी है। दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर ज्यादातर सीटों पर भाजपा को हराने की क्षमता रखती हैं। आप भले ही इन दोनों राज्यों में खुद को कांग्रेस के मुकाबले बड़ी राजनीतिक पार्टी समझ रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को फायदा मिलेगा और आप को इस बारे में सोचना होगा।

गुजरात में कांग्रेस के पास शून्य और भाजपा के पास सभी 26 सीटें हैं। इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद सत्तारूढ़ भाजपा के मुकाबले कांग्रेस अपने समर्थन आधार में उल्लेखनीय सुधार कर पाई है, जबकि आपने गुजरात के कई शहरों में अपना आधार बढ़ाया है। भाजपा के खिलाफ कांग्रेस और आप का गठबंधन भाजपा की झोली में सीटों की कमी सुनिश्चित कर सकता है।

80सीटों वाला उत्तर प्रदेश भारत के लिए असली समस्या है। समाजवादी पार्टी और आरएलडी दोनों इंडिया गठबंधन के सक्रिय सदस्य हैं और लोकसभा चुनाव में भाजपा से लड़ने के लिए कांग्रेस के साथ पूर्ण गठबंधन करना अच्छी राजनीतिक समझ है। इस महीने की शुरुआत में घोसी उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की जीत इस बात की पुष्टि है कि अगर इंडिया गठबंधन के सहयोगी एकजुट हो जायें तो वे उत्तर प्रदेश में भी बड़ी संख्या में सीटों पर भाजपा को हरा सकते हैं।

चार राज्य हैं, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र जहां पहले से ही गठबंधन की पार्टियां मिलकर काम कर रही हैं। पहले तीन सत्तारूढ़ गठबंधन हैं। इन चारों राज्यों में 141 सीटें हैं। मानदंड तय है और इसे केवल बेहतर करने की आवश्यकता होगी।

त्रिपुरा को छोड़कर मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, हिमाचल, हरियाणा, उत्तराखंड और उत्तर पूर्वी राज्यों में सीट बंटवारे के संबंध में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कुछ राज्यों में जहां कांग्रेस निर्णायक है, वहां सपा, सीपीआई और सीपीआई (एम) हैं जिनके पास कुछ समर्थन आधार है। कांग्रेस को इस बात पर विचार करना होगा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में और यदि संभव हो तो विधानसभा चुनावों में भी भाजपा के खिलाफ विपक्ष की कुल लामबंदी सुनिश्चित करने के लिए इन इंडिया साझेदारों के समर्थन का उपयोग कैसे करे।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा में भी कांग्रेस अपने दम पर भाजपा और क्षेत्रीय पार्टियों से मुकाबला करेगी। इन तीन राज्यों में सीपीआई और सीपीआई (एम) दोनों का प्रभाव है। आंध्र प्रदेश में वाईएसआरसीपी और ओडिशा में बीजेडीएनडीए या भारत के किसी भी मोर्चे से जुड़े नहीं हैं, लेकिन बीआरएस के नेतृत्व वाला तेलंगाना एक अलग श्रेणी का है। पश्चिम बंगाल और केरल एक अलग श्रेणी के हैं। केरल में, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ बनाम सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ का वर्तमान पैटर्न जारी रहेगा क्योंकि केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाजपा के पास कोई सीट नहीं है। जो भी यूडीएफ या एलडीएफ से जीतता है वह इंडिया गठबंधन का है।

बंगाल में, सीपीआई (एम) के पास राज्य से कोई लोकसभा सीट नहीं है, जबकि कांग्रेस के पास दो सीटें हैं। इस बात की पूरी संभावना है कि ममता बनर्जी कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर राष्ट्रीय समझौते पर बातचीत करेंगी। इसके तहत, तृणमूल कांग्रेस को कुल 42सीटों में से चार या पांच सीटों की पेशकश करेगी, जबकि केंद्रीय स्तर पर कांग्रेस को असम में टीएमसी को एक सीट, मेघालय में एक सीट और मणिपुर में एक सीट पर सहमत होना होगा।

त्रिपुरा में, लोकसभा चुनाव में सीपीआई (एम) के पास अभी भी कुछ संभावनाएं हैं और कांग्रेस और टिपरामोथा के साथ स्थिर मोर्चा बन सकता है। हाल के विधानसभा उपचुनाव में, सीपीआई (एम) दोनों सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों से हार गई। राज्य पार्टी ने भाजपा द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली की शिकायत की और मतगणना का बहिष्कार किया। पार्टी के पास सुनहरा मौका था क्योंकि आदिवासियों की पार्टी टिपरामोथा ने सीपीआई (एम) उम्मीदवारों का समर्थन किया था। प्रचार के आखिरी दिनों में कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई (एम) के बीच बहुत कम समन्वय था।

कांग्रेस और टीएम दोनों के नेता राज्य सीपीआई (एम) की संगठनात्मक विफलता से चिंतित हैं। इसे ठीक करना होगा। त्रिपुरा में लोकसभा की दो सीटें हैं। यदि कांग्रेस और टीएम के साथ सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे का मजबूत गठबंधन होता है, तो भारत की लोकसभा सीटें जीतने की संभावना उज्ज्वल है।

पूर्वोत्तर भारत में असम की 14सीटों सहित 25 सीटें हैं। असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस निर्णायक पार्टी होगी। कांग्रेस को भाजपा विरोधी क्षेत्रीय दलों, एआईडीयूएफ, तृणमूल कांग्रेस के साथ-साथ सीपीआई और सीपीआई (एम) के साथ मिलकर एक स्थिर मोर्चा बनाना होगा, जिनके कुछ प्रभाव क्षेत्र हैं। इसी तरह कांग्रेस को उन गैर-एनडीए दलों से भी संवाद करना होगा जो राज्यों में सक्रिय हैं। मणिपुर घटनाक्रम के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा विरोधी भावना है।

कुल मिलाकर, लगभग 140 से 150 सीटों पर सीट बंटवारे की प्रक्रिया काफी समय लेने वाली होगी, लेकिन धैर्य और दृढ़ संकल्प से एक साथ लड़ने के लिए, इसे सफलता पूर्वक सम्पन्न करना होगा। केंद्रीय नेताओं को मुख्यालय में एक तंत्र बनाना होगा। यदि राज्य स्तर पर बातचीत रुक जाती है, तो केंद्र के पास इस मुद्दे को सुलझाने में मदद करने की शक्तियां होंगी। सीट बंटवारे की प्रक्रिया में यह एक बड़ा सूत्रधार होगा। समय बीत रहा है। लोकसभा चुनाव समय से पहले हो सकते हैं। इंडिया गठबंधन के साझेदारों को भाजपा और उसके सहयोगियों से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## जोशीमठ के जख्म

■ श्रुति जैन

जोशीमठ में भू-धंसाव की खबर ने सबका ध्यान खींचा था। इससे उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों के अलावा, दूसरे हिमालयी राज्यों में भी भय और चिंता पैदा हो गई थी कि कहीं उनका भी ऐसा ही हश्र न हो जाए। अधिकांश हिमालयी इलाके जोशीमठ क्षेत्र की तरह एक ऐसे 'विकास' के शिकार हैं, जिसने पहाड़ को खुर्द-बुर्द, खोखला और तबाह कर रखा है। यही वजह है कि इन इलाकों में आपदाओं की आशंका हमेशा बनी रहती है।

जोशीमठ का धंसना अभी रुका नहीं है। घरों और खेतों में नई दरारें आ रही हैं और पुरानी दरारें चौड़ी होती जा रही हैं। यहां के लोगों को डर है कि भारी बारिश में ज़मीन के बड़े-बड़े हिस्से नीचे खिसक सकते हैं। पुनर्वास की मांग को लेकर उनका धरना जनवरी से अप्रैल की शुरुआत तक जारी रहा। तब उन्हें त्वरित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए धरना बंद करने के लिए कहा गया।

इसकी एक बड़ी वजह सरकार की तरफ से बद्रीनाथ यात्रा को बिना किसी झंझट के शुरू करना था। स्थानीय लोग विरोध प्रदर्शन फिर से शुरू करने की तैयारी में हैं क्योंकि उचित पुनर्वास योजना के अभाव में उनके पास अपने क्षतिग्रस्त घरों में रहने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। यह स्थिति ऐसे प्रश्न उठाती है जो अधिकांश हिमालयी क्षेत्रों के लिए प्रासंगिक हैं।

विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं।

पहला सवाल ये है कि ऐसी आपदाओं के लिए कोई जवाबदेही तय क्यूं नहीं होती? हिमालयी क्षेत्र के पारिस्थितिक, भू-वैज्ञानिक रूप से संवेदनशील और भूकंप की दृष्टि से अत्यधिक सक्रिय होने के बावजूद हिमालयी राज्यों में जलविद्युत परियोजनाओं को बड़ी संख्या में बनाया जा रहा है। अध्ययनों से पता चला है कि इन परियोजनाओं के हरित ऊर्जा के दावे सही नहीं हैं। ये 'जोखिम भरे ढांचे' हैं जो सामाजिक और पारिस्थितिक रूप से अन्यायपूर्ण साबित हुए हैं।

विभिन्न शोध यह भी बताते हैं कि उत्तराखंड में 2013 और 2021 की बाढ़ जैसी आपदाओं को पैदा करने और बढ़ाने में इन परियोजनाओं की भूमिका है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित 'रवि चोपड़ा विशेषज्ञ समिति' ने भी ये पाया था। समिति ने तर्क दिया था कि ग्लेशियरों के घटने से बनी जोशीमठ जैसी कच्ची जमीनों पर ऐसी परियोजनाओं का निर्माण आपदा को निमंत्रण देने जैसा है।

जोशीमठ में 'तपोवन-विष्णुगाड परियोजना' 2005 में अपने शुरू होने के बाद से ही पूरे क्षेत्र में सामाजिक-पारिस्थितिक समस्याओं का कारण बनी है। 2021 की बाढ़ में सैकड़ों श्रमिक इसकी सुरंग में जिंदा दफन हो गए थे। यहां आपदा से आगाह करने के लिए कोई अलार्म सिस्टम तक नहीं लगाया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह परियोजना जोशीमठ शहर के साथ-साथ आसपास के कई गांवों में भी नुकसान के लिए जिम्मेदार है। वे करीब दो दशकों से इसका विरोध कर रहे हैं।

वर्ष 1976 की 'एमसी मिश्रा समिति' की रिपोर्ट ने यह सिफ़ारिश की थी कि यहां भारी मशीनरी का प्रयोग, ब्लास्टिंग, ड्रिलिंग और पेड़ों की कटाई नहीं होनी चाहिए। फिर भी इस परियोजना ने यहां सुरंगों का एक जाल बनाया, बोरिंग मशीन और विस्फोटकों का उपयोग करके इस नाजुक भूगोल और इलाके की स्थिरता पर प्रतिकूल प्रभाव डाला। यह परियोजना भूवैज्ञानिक रूप से सही नहीं है। बार-बार आने वाली आपदाओं के कारण इस परियोजना का काम भी खटाई में पड़ता रहा है। यही वजह है कि इसके कार्यान्वयन में एक दशक से भी ज्यादा की देरी हो चुकी है। ऐसी परियोजना से होने वाले विनाश का बोझ स्थानीय लोग क्यों और कब तक झेलते रहेंगे?

दूसरा सवाल, स्थानीय लोगों को इलाके की सुरक्षा के बारे में अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है, जबकि वे अपने क्षतिग्रस्त घरों में जागकर रातें काटने को मजबूर हैं। सात महीने के बाद भी जोशीमठ में भूमि धंसाव के कारणों, प्रभावों और भविष्य के खतरों के बारे में कोई व्यापक रिपोर्ट सामने नहीं आई है। सरकार ने जनवरी में सभी विशेषज्ञ संस्थाओं को भूस्खलन के बारे में कुछ भी जानकारी देने पर रोक लगा दी थी और अब तक आपदा का अध्ययन करने के लिए अपने द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट साझा नहीं की है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आपदा की स्थिति से निपटने का यह तरीका कभी नहीं होता।

तीसरा सवाल, यदि सरकार सभी जोखिमों के बावजूद ऐसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर आमादा है तो उसे प्रभावित लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित क्यों नहीं करना चाहिए? हिमालयी राज्यों में ऐसी परियोजनाओं को चलाते बरसों हो गए हैं, लेकिन सरकार ने इनके प्रभावों और प्रभावितों के पुनर्वास के प्रति जिम्मेदारियों को परिभाषित करने के लिए कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं।

पर्वतीय जगहों पर ऐसी परियोजनाओं का प्रभाव तुरंत नहीं दिखता, बल्कि उनके प्रभाव दीर्घकालिक और व्यापक होते हैं। वे कुछ अंतराल के बाद भी प्रकट होते हैं और उन क्षेत्रों को भी प्रभावित करते हैं जो परियोजना से एकदम सटे हुए नहीं होते। इसलिए ऐसी परियोजनाओं के 'प्रभावितों' की पहचान और पुनर्वास के प्रति परियोजना की जिम्मेदारियों को सही ढंग से परिभाषित करना जरूरी है।

विकास परियोजनाओं द्वारा अनैच्छिक विस्थापन की स्थिति में एक उचित पुनर्वास नीति बनाने का उत्तराखंड सरकार द्वारा कोई प्रयास नहीं किया गया है। पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, सरकार के प्रयास 'एकमुश्त निपटान' तक ही सीमित हैं। जोशीमठ में तो मुआवजे का भुगतान केवल घरों के लिए ही किया जा रहा है। यह राशि अपर्याप्त है और अधिकांश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। चूंकि लोग कहीं और जाकर बस पाने की स्थिति में नहीं हैं इसलिए अधिकांश लोग असुरक्षित घरों में रहने के लिए वापस आ गए हैं।

सरकार का ज़ोर आपदा के बाद भी यात्रा पर्यटन को सुचारू रूप से चलाने पर ही रहा, इसलिए आपदा को कम करके भी दिखाया जाता रहा। आपदा के बावजूद पर्यटकों की संख्या पर कोई सीमा नहीं रखी गई। इससे बड़ा सवाल उठता है- इस तरह अगर पहाड़ रहने के लिए अनुपयुक्त स्थानों में तब्दील कर दिये जाएंगे तो पहाड़ के निवासी आखिर कहां जाएंगे? ऐसे 'विकास' की उत्तराखंड के लोगों के लिए क्या प्रासंगिकता रह जाती हैं जिसने उनके घरों को रहने लायक नहीं छोड़ा है।

*(लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। फिलहाल वे हिमालय की पारिस्थितिकी पर शोध कर रही हैं।)*

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## फ्रांसीसी मंत्रालय, स्वीडिश दूतावास पर अलकायदा ने हमला करने की दी धमकी

**पेरिस,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। फ्रांस में मंत्रालय और स्वीडिश दूतावास पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन अल-कायदा आतंकवादी समूह के सदस्यों ने हमला करने की धमकी दी है। ले फिगारो ने शुक्रवार को समूह के बयान के हवाले से यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अरब प्रायद्वीप में अल-कायदा (एक्यूएपी) ने अपनी पत्रिका सदा अल-मलाहिम के नवीनतम अंक में दूतावास पर हमला करने की योजनाओं के बारे में बताया। इसमें आतंकवादी समूह ने स्वीडन में हाल ही में कुरान जलाने की घटना का जिक्र किया।

# देश विदेश

# चीन यात्रा के दौरान शी से मिलेंगे नेपाल के पीएम प्रचंड

**काठमांडू,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' ने शुक्रवार को कहा कि वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। प्रचंड ने संसद को संबोधित करते हुए कहा, 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा। नेपाल और चीन के बीच सदियों से लंबे, सौहार्दपूर्ण और नजदीकी संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में ये संबंध बहुआयामी और गहरे हो गए हैं। चीन नेपाल का विकास भागीदार बन गया है और नेपाल के समग्र विकास प्रयासों में सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में प्रचंड की यह तीसरी चीन यात्रा है। वह इससे पहले 2008 और 2017 में पद पर रहते हुये पड़ोसी देश जा चुके हैं।

उन्होंने कहा, 'इस यात्रा से नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत तथा गहरे होंगे।' हांगझाऊ में प्रचंड शी से मुलाकात करेंगे और 19वें एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

वह बीजिंग में 25 सितंबर को अपने चीनी समकक्ष ली कियांग से मुलाकात करेंगे जहां दोनों नेता प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इस दौरान कुछ समझौतों और समझ पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है। बीजिंग में कार्यक्रम पूरा करने के बाद प्रचंड अपने कार्यक्रम के अनुसार चोंगकिंग शहर का दौरा करेंगे जहां वह चोंगकिंग कृषि विज्ञान अकादमी और अन्य संस्थानों की दौरा करेंगे।



वह 22 सितम्बर को चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे जहां वह राष्ट्रपति शी जिनपिंग और कई अन्य शीर्ष नेताओं से मुलाकात करेंगे। 'संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में भाग लेने के बाद, मैं सीधे चीन के हांगझाऊ शहर के लिए रवाना हो जाऊंगा :–पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', प्रधानमंत्री, नेपाल

उन्होंने कहा, 'चोंगकिंग में यात्रा पूरी करने के बाद हम तिब्बत के लिए रवाना होंगे जहां हम चीनी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलेंगे क्योंकि तिब्बत के साथ नेपाल एक लंबी सीमा है। फिर हम काठमांडू लौटेंगे।'

संसद में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि नेपाल के बुनियादी ढांचे के विकास, कृषि, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में चीनी सहयोग और सहायता की मांग पर चर्चा होगी।

हिमालयी राष्ट्र नेपाल-चीन सीमा बिंदुओं को भी खोलने की मांग करेगा जो कोविड-19 महामारी के मद्देनजर बंद थे। वर्ष 2015 के भीषण भूकंप और महामारी के बाद नेपाल और चीन के बीच कई सीमा बिंदु या तो पूरी तरह से बंद हो गए थे या केवल आंशिक रूप से फिर से शुरू हुए थे। प्रचंड ने कहा, 'नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में, यह मेरा विश्वास है कि मेरी यात्रा चीन के साथ पारंपरिक, मैत्रीपूर्ण संबंधों को मजबूत और गहरा करेगी, जहां हम द्विपक्षीय सहयोग के और रास्ते भी तलाशेंगे।'

## विकासशील देशों का सामूहिक उदय अपरिहार्य युगांतर धारा: शी चिनफिंग

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने शुक्रवार को यात्रा पर आये जांबिया के राष्ट्रपति हाकैनदे हिचिलेमा के साथ वार्ता की। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने चीन-जांबिया संबंध चौतरफा रणनीतिक सहयोग साझेदारी तक उन्नत करने की घोषणा की। शी चिनफिंग ने कहा कि चीन और जांबिया के बीच परंपरागत मित्रता दोनों देशों की पुरानी पीढ़ी के नेताओं से स्थापित की गयी, जो अंतरराष्ट्रीय परिवर्तन की कसौटी पर खरी उतरी है। चीन जांबिया के साथ द्विपक्षीय संबंध निरंतर नयी मंजिल पर पहुंचाने को तैयार है। शी चिनफिंग ने कहा कि वर्तमान में विकासशील देशों का सामूहिक उदय हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। यह अपरिहार्य युगांतर धारा बन चुकी है। हमें एकजुटता व समन्वय मजबूत कर सच्चा बहुपक्षवाद लागू कर अंतरराष्ट्रीय न्याय व निष्पक्षता की डटकर सुरक्षा करनी, विकासशील देशों की आवाज बुलंद करना और दोनों देशों तथा व्यापक विकासशील देशों के समान हितों की रक्षा करनी चाहिए। चीन, अफ्रीका सहयोग दक्षिण-दक्षिण सहयोग और अफ्रीका के साथ अंतरराष्ट्रीय सहयोग में नेतृत्वकारी भूमिका निभा रहा है। चीन अफ्रीकी देशों का विश्व में एक महत्वपूर्ण ध्रुव बनने का समर्थन करता है। हिचिलेमा ने बताया कि जांबिया दोनों देशों की मित्रता को मूल्यवान समझता है। चीन के विकास से वैश्विक दक्षिण देशों के विकास को बढ़ावा मिला है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में वैश्विक दक्षिण देशों का प्रतिनिधित्व व आवाज भी उन्नत हुई है और अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था अधिक न्याय वाली दिशा में बढ़ रही है। जांबिया चीन के विकास के अनुभव से सीखना चाहता है और चीन के साथ बेल्ट एंड रोड सहयोग गहराने और खनिज, कृषि, व्यापार, विज्ञान व तकनीक समेत विभिन्न क्षेत्रों का सहयोग बढ़ाने को तैयार है। वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने बेल्ट एंड रोड, हरित विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था, पूंजी सहयोग जैसे कई क्षेत्रों के सहयोग दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किये।



## सुडोकू 6318

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 2 | 8 | 1 | | | | 3 |
| | | | 4 | | | 5 | 1 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | | 4 | | 9 | | | 6 | |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| | 6 | | | 7 | | 1 | | |
| | | | | | | 6 | | |
| | 8 | 9 | | | 1 | | | |
| 5 | | | | 3 | 9 | 4 | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 16 सितम्बर, 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 2

### राशिफल

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। वैचारिक तूफानों से मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। अत्यधिक भावनाशीलता आपकी दृढ़ता को कमजोर करेगी।

कर्क - शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों एवं स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी। दोस्तों से लाभ होगा। शुभ काम का आरंभ करने के लिए आज का दिन अनुकूल है।

सिंह - पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। स्त्री मित्रों से विशेष मदद मिल सकेगी। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे।

कन्या - आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी।

तुला - आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें। वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे- संबंधियों के साथ अनबन होगा।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

धनु - आज आपकी यश, कीर्ति और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा।

मकर - बौद्धिक काम या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कामों को नया स्वरूप देंगे। शारीरिक थकान महसूस होगी। संतान की समस्या आपको परेशान करेगी।

कुंभ - आज आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। झगड़े-विवाद से बचें, क्रोध और वाणी पर संयम रखें। पारिवारिक वातावरण दूषित रहेगा। आर्थिक तंगी का अनुभव होगा।

मीन - दैनिक कामों से बाहर आकर आज आप बाहर घूमने-फिरने और मनोरंजन प्रवृत्तियों के लिए समय निकालेंगे। इसमें परिजनों और मित्रों को भी शामिल करेंगे, जो उनके लिए भी आनंदप्रद रहेगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## किम जोंग उन का नाम यूक्रेनी वेबसाइट पर देश के दुश्मन की सूची में

**कीव,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम जोंग उन को यूक्रेनी नव-नाजी वेबसाइट मायरोटवोरेट्स (पीसमेकर) पर दुश्मनों की सूची में शामिल किया गया है जो कथित तौर पर रूस समर्थक व्यक्तियों की हत्या का आह्वान करती है। यह जानकारी वेबसाइट के आंकड़ों से मिली है। वेबसाइट पर लिखा गया है कि परमाणु ब्लैकमेल, अवैध परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, साइबर अपराध आदि गतिविधियों में संलिप्तता के कारण उत्तर कोरियाई नेता का नाम शामिल किया गया है। उत्तर कोरियाई शीर्ष नेता किम को छह सितंबर को 'रूस समर्थक आतंकवादियों, अलगाववादियों, भाड़े के सैनिकों, युद्ध अपराधियों और हत्यारों' की सूची में जोड़ा गया था। मायरोटवोरेट्स वेबसाइट पत्रकारों, डोनेट्स्क और लुहान्स्क के अलग हुए गणराज्यों की सेना और अन्य लोगों का व्यक्तिगत डेटा प्रकाशित करती है, जिन्हें वेबसाइट के निर्माता 'यूक्रेन के दुश्मन' मानते हैं।

## अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार व निवेश संबंधों को बढ़ावा देना प्राथमिकता: मोमेन

**ढाका,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। बंगलादेश के विदेश मंत्री एके अब्दुल मोमेन ने 'राष्ट्रमंडल व्यापार और निवेश फोरम बंगलादेश 2023' कार्यक्रम में आयोजित एक प्रश्नोत्तर सत्र में कहा कि ढाका तथा अफ्रीकी देशों के बीच व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ावा देना देश की प्राथमिकता है। डॉ. मोमेन ने अपने संबोधन में अफ्रीकी देशों के साथ विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कपड़ा, ऊर्जा, नीली अर्थव्यवस्था और सूचना तथा संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत व्यापार और निवेश संबंध स्थापित करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। सत्र में बंगलादेश की दूरदर्शी 'लुक अफ्रीका' नीति पर भी प्रकाश डाला गया जो अफ्रीकी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने की रणनीतिक प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।



इसमें व्यापार, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, आईटी, आईसीटी, हवाई व समुद्री कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य देखभाल, अनुबंध खेती, लोगों से लोगों के बीच संपर्क तथा राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा छूट सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों की रूपरेखा दी गई। उन्होंने कहा कि यह बहुआयामी दृष्टिकोण अफ्रीकी महाद्वीप के साथ गहरे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए बंगलादेश के समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

अफ्रीकी देशों के साथ जुड़ाव बढ़ाने पर देश का ध्यान उसके महत्वाकांक्षी आर्थिक और सामाजिक विकास प्रक्षेप पथ के अनुरूप है जिसका उद्देश्य विजन 2041 को प्राप्त करना और एक 'स्मार्ट बंगलादेश' बनाना है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि नए अफ्रीकी बाजारों ने बंगलादेशी उद्यमों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं जिससे निर्यात स्थलों में विविधता आई है। चुनौतियों के बावजूद बंगलादेश और अफ्रीकी देशों के बीच आर्थिक सहयोग की संभावना आशाजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा, जनवरी 2024 की शुरुआत में होने वाले हमारे आगामी राष्ट्रीय संसद चुनाव में बंगलादेश अफ्रीकी देशों के किसी भी चुनाव पर्यवेक्षकों का स्वागत करेगा।' इस कार्यक्रम में कई अफ्रीकी देशों के मंत्रियों, उच्च-स्तरीय सरकारी प्रतिनिधियों और व्यापारिक संस्थाओं ने भी भाग लिया।

## वर्ग पहेली 6318

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १६ | १७ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. धीरे-धीरे
३. बाधाओं को दूर करने वाला, गणेश
५. राहगीर, बटोही
६. कड़वी बात
७. हवा में इधर-उधर हिलाना
९. बंदरगाह, पोताश्रय, नगर
१०. आवागमन
१२. जलावन, जलाने की वस्तु
१३. बिलकुल, नितांत
१४. पैरों की धूल
१७. समस्त, संपूर्ण
१८. लेने वाला
२०. बागी
२१. विवेचक, समीक्षक
२३. मनुष्य की खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. चंद्रकला
२. चंद्रमा के समान सुंदर मुखवाली
३. किसी के खाते में खर्च की ओर कोई रकम लिखना
४. वधिक
५. फिर से स्वस्थ होना, पल्लवित होना
८. हाव-भाव (उर्दू)
१०. स्वतंत्र, मुक्त (उर्दू)
११. उपपति से उत्पन्न संतान
१२. आयताकार सांचे में ढाल कर पकाया गया मिट्टी का टुकड़ा
१३. आवश्यक रकम लेकर वांछित वस्तु देने या काम पूरा करने का लिखित वादा
१४. विकसित, प्रस्फुटित
१५. नीरस
१७. हिम्मत
१८. धन-संबंधी, माली
१९. आज्ञापालन, अमल करना (उर्दू)
२२. तकलीफ

### वर्ग पहेली-6317

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | रा | २ का | ष्ठा | ■ | ■ | 3 बे | ल | ४ गा | म |
| रि | ■ | न | ■ | ५ अ | द्दा | ई | ■ | यि | ■ |
| ६ प | ता | का | ■ | वि | ■ | ७ मा | र | का | ८ ट |
| क्व | ■ | क | ■ | ९ भ | वा | नी | ■ | ■ | र |
| ■ | १० उ | च्चा | ११ यु | क्त | ■ | ■ | १२ अ | ट्ट | ट |
| ■ | जा | ■ | द्ध | ■ | १३ अ | चं | भा | ■ | रा |
| १४ ना | ला | १५ या | क | ■ | पि | ■ | १६ व | १७ र | ना |
| स | ■ | ज | ■ | १८ आ | तु | १९ र | ■ | सा | ■ |
| २० म | हि | मा | ■ | लं | ■ | २१ ज | हा | ल | २२ त |
| झ | ■ | २३ न | क | ब | ज | नी | ■ | ■ | म |

यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दक्षिण लेबनान में फ़िलिस्तीनी शरणार्थी शिविर में नया युद्धविराम लागू

**बेरूत,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी लेबनानी शहर सिडोन के पास स्थित ऐन अल-हेलवे फिलिस्तीनी शिविर में पिछले सप्ताह के दौरान हुई झड़पों में लगभग 20 लोगों की जान जाने के बाद गुरुवार को संघर्ष विराम समझौता हुआ। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।



स्थानीय एल 'ओरिएंट टुडे समाचार वेबसाइट की रिपोर्ट के अनुसार लेबनानी संसद के अध्यक्ष नबीह बेरी द्वारा शुरू की गई एक दिन की बातचीत के बाद यह बात सामने आई। सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएनए) ने गुरुवार शाम को बताया कि स्थानीय समयानुसार शाम छह बजे से प्रभावी युद्धविराम ने शिविर के भीतर बंदूकों को तुरंत शांत कर दिया। एनएनए ने कहा कि रात में अलग-अलग समय पर दागे गए कई गोले से शांति टूट गई, और कहा कि संघर्ष विराम समझौते का सीमित उल्लंघन था। शिविर में बुधवार दोपहर और रात को हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें आरपीजी और स्वचालित हथियारों जैसे भारी गोला-बारूद का इस्तेमाल किया गया, जिसमें सात लोग मारे गए और 24 घायल हो गए। स्पीकर बेरी ने झड़पों पर चर्चा करने के लिए गुरुवार को फिलिस्तीन के हमास प्रतिनिधियों, फतह केंद्रीय समिति के सदस्य और लेबनान में फिलिस्तीनी राजदूत अशरफ डाबोर से मुलाकात की। स्थानीय मीडिया के अनुसार सात सितंबर से शिविर में हिंसा की नई लहर में लगभग 20 लोग मारे गए और 150 से अधिक घायल हो गए थे।

शिविर में 29 जुलाई और तीन अगस्त के बीच फिलिस्तीनी फतह आंदोलन के सदस्यों और इस्लामी कार्यकर्ताओं के बीच झड़पों में कम से कम 13 लोग मारे गए और 12 से अधिक अन्य घायल हो गए।

## चीन का दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध

बीजिंग, 15 सितम्बर (एजेंसियां)। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने शुक्रवार को बताया कि अमेरिकी लॉकहीड मार्टिन कंपनी की मिसोरी राज्य के सेंट लुइस शहर में स्थित शाखा कंपनी ने मुख्य ठेकेदार के नाते 24 अगस्त को अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में हिस्सा लिया और नोर्थरोप ग्रुमान कंपनी ने कई बार अमेरिका द्वारा थाईवान को हथियार बेचने में भाग लिया है। चीन के विदेशी प्रतिबंध विरोधी कानून के मुताबिक चीन ने इन दो अमेरिकी सैन्य कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। प्रेस वार्ता में माओ निंग ने संबंधित सवाल के जवाब में बताया कि अमेरिकी सरकार चीन के विरोध के बावजूद चीन के थाईवान क्षेत्र को हथियार की सप्लाई करने पर अड़ा रहता है, जिसने एक चीन सिद्धांत, चीन-अमेरिका तीन संयुक्त वक्तव्यों और अंतरराष्ट्रीय कानून व अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मूल सिद्धांतों का गंभीर उल्लंघन किया है और चीन की प्रभुसत्ता और सुरक्षा हितों पर गंभीर नुकसान पहुंचाया है। अमेरिका थाईवान को शस्त्रीकरण करने के खतरनाक और गलत रास्ते पर दूर से चला रहा है। प्रवक्ता ने अमेरिका से थाईवान को हथियार बेचना बंद करने का अनुरोध किया, वरना उसे चीन का डटकर जवाबी प्रहार मिलेगा।

## आज का इतिहास

1810 – निगवेल हिदाल्गो ने स्पेन से मैक्सिको की आज़ादी के लिए संघर्ष शुरु किया।
1821 – मैक्सिको की स्वतंत्रता को मान्यता मिली।
1908 – 'जनरल मोटर्स निगम' की स्थापना की गई।
1947 – टोक्यो के सईतामा में चक्रवाती तूफान कैथलीन से 1,930 लोगों की मौत हो गई।
1975 – केप वर्डे, मोजाम्बिक, साओ टोमे और प्रिंसिप संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1975 – पापुआ न्यू गिनी ने आस्ट्रेलिया से स्वतंत्रता हासिल की।
1978 – जनरल जिया उल हक़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति निर्वाचित।
2003 – भूटान ने भारतीय हितों के ख़िलाफ़ अपनी ज़मीन के इस्तेमाल नहीं होने देने का आश्वासन दिया।
2007 – पाकिस्तान के मुख्य चुनाव आयुक्त ने परवेज मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति पद पर दुबारा चुनाव लड़ने के लिए चुनाव से जुड़े क़ानूनों में संशोधन किया।
2007 – वन टू गो एयरलांइस का विमान थाईलैंड में दुर्घटनाग्रस्त होने से 89 लोगों की मौत।
2008 – भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के कर्मचारियों को विश्वकर्मा पुरस्कार प्रदान किया गया।
2009 – दुनिया भर के समक्ष भारत के एक उत्कृष्ट पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने वाले अतुल्य भारत विज्ञान अभियान को ब्रिटिश पुरस्कार मिला।
2013 – वाशिंगटन में एक बंदूकधारी ने नौसेना के एक शिविर में 12 लोगों की गोली मारकर हत्या की।

**पोल** 2024 जीओपी प्राथमिक मतदाताओं के एक नए सर्वेक्षण

## हेली अपने गृह राज्य में डेसेंटिस से आगे हैं, लेकिन ट्रम्प से काफी पीछे

**वाशिंगटन, 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली अपने पूर्व बॉस डोनाल्ड ट्रंप से 28 अंकों से पीछे हैं, लेकिन अपने गृह राज्य दक्षिण कैरोलिना में संभावित 2024 जीओपी प्राथमिक मतदाताओं के एक नए सर्वेक्षण में फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस के मुकाबले बढ़त में हैं गुरुवार को जारी मॉनमाउथ यूनिवर्सिटी-वाशिंगटन पोस्ट पोल के अनुसार, साउथ कैरोलिना में संभावित जीओपी प्राथमिक मतदाताओं में से केवल 18 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने पूर्व गवर्नर हेली के लिए वोट करने की योजना बना रहे हैं,**

जबकि 46 प्रतिशत ने कहा कि वे ट्रम्प को चाहते हैं। द यूएसए टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, सीनेटर टिम स्कॉट 10 प्रतिशत समर्थन के साथ तीसरे स्थान पर रहे और डेसेंटिस नौ प्रतिशत समर्थन के साथ चौथे स्थान पर रहे।




पिछले महीने की पहली रिपब्लिकन प्राथमिक राष्ट्रपति बहस के बाद, तराजू हेली के पक्ष में झुकना शुरू हो गया, जो फरवरी से एकल अंकों के साथ चुनावों में पिछड़ रही थी।

इस महीने की शुरुआत में जारी सीएनएन/एसएसआरएस पोल में हेली एकमात्र रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में उभरीं, जो 2024 के अमेरिकी चुनावों में राष्ट्रपति जो बाइडेन को हराने में सक्षम हैं।

हेली ने हाल ही में सीबीएस न्यूज को बताया कि ट्रंप नहीं, बल्कि वह पार्टी की 2024 की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार बनने जा रही हैं। हेली ने सीबीएस पर 'फेस द नेशन' को बताया, 'मुझे नहीं लगता कि (पूर्व) राष्ट्रपति ट्रंप उम्मीदवार होंगे। मुझे लगता है कि मैं ही उम्मीदवार बनूंगी। लेकिन मैं आपको बताऊंगी कि जो बाइडेन और कमला हैरिस जो कर रहे हैं, उससे कोई भी रिपब्लिकन बेहतर है।' गत 6 से 11 सितंबर के बीच आयोजित सर्वेक्षण में यह भी पता चला कि ट्रम्प के लिए मतदान करने वालों और साउथ कैरोलिना के अन्य जीओपी मतदाताओं से क्या अंतर है। ट्रम्प समर्थक करीब 81 प्रतिशत मतदाताओं का मानना था कि जो बाइडेन ने 2020 का चुनाव धोखाधड़ी से जीता था। कैलिफोर्निया में 27 सितंबर को दूसरी जीओपी प्राथमिक बहस से दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति समरविल में साउथ कैरोलिना में एक बार फिर अभियान करेंगे। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, हाल के दिनों में न्यू हैम्पशायर में दक्षिण कैरोलिना के पूर्व गवर्नर के कार्यक्रमों में शामिल हुए रिपब्लिकन ने उन्हें 'बहुत स्मार्ट' और 'स्वाभाविक नेता' बताया।

## दुनिया को जानें

## नीलामी में एक मिलियन डॉलर से अधिक में बिका प्रिंसेस डायना का स्वेटर

**न्यूयॉर्क,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। दिवंगत राजकुमारी डायना द्वारा पहना गया सफेद पंक्तियों के बीच काली भेड़ की तस्वीर वाला लाल स्वेटर न्यूयॉर्क के सोथबी में एक नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर से अधिक में बिका। गुरुवार को एक ट्वीट में, नीलामी घर ने कहा कि राजकुमारी डायना के ऐतिहासिक ब्लैक शीप वार्म एंड वंडरफुल स्वेटर फैशन आइकॉन नीलामी में 1.1 मिलियन डॉलर में बिका। सोथबी के अनुसार, डायना ने यह स्वेटर 1981 में प्रिंस चार्ल्स के पोलो मैच में पहना था।

बोली 31 अगस्त को शुरू हुई थी और नीलामी के अंतिम मिनट तक शीर्ष बोली दो लाख डॉलर से कम रही। सोथबी ने स्वेटर की कीमत 50,000 डॉलर से 80,000 डॉलर आंकी थी। स्वेटर खरीदने वाले की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। बीबीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि राजकुमारी डायना से जुड़ी कई अन्य वस्तुओं की तुलना में स्वेटर को अधिक कीमत पर बिका। स्वेटर के डिज़ाइन को अक्सर शाही परिवार में डायना के स्थान के प्रतीक के रूप में वर्णित किया जाता रहा है।

# प्रादेशिकी

## 'ड्रग फ्री' हरियाणा के महायज्ञ में सभी को आहुति डालते की जरूरत : कांडा

**सिरसा,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की सोच के अनुरूप 'ड्रग फ्री' हरियाणा के उद्देश्य को लेकर चल रही साइक्लोथॉन (साईकिल रैली) शुक्रवार को ऐलनाबाद से भारतीय जनता पार्टी के नेता गोबिंद कांडा ने हरी झंडी दिखाने के बाद स्वयं भी साइकिल चलाकर यात्रा को डबवाली के लिए रवाना किया। इस मौके पर श्री गोबिंद कांडा ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से सभी लोगों विशेषकर युवा शक्ति से ड्रग फ्री हरियाणा के निर्माण में नशा के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को ड्रग फ्री बनाने का संकल्प जो लिया है, उसमे युवा शक्ति की सबसे बड़ी भूमिका रहने वाली है और हम सभी को मिलकर इस काम को पूरा करना है।

## कृत्रिम मेधा सहित नए पाठ्यक्रम होंगे शुरू : सुक्खू



**शिमला,** 15 सितंबर (एजेंसियां) हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है। राज्य के सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध ढंग से राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं, ताकि ग्रामीण स्तर पर बच्चे भविष्य की चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास से कर सकें। श्री सुक्खू ने कहा कि वह स्वयं भी सरकारी स्कूल से पढ़े हैं और आत्मविश्वास व मजबूत इच्छाशक्ति से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

इससे पहले श्री सुक्खू ने शुक्रवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह-2023 की अध्यक्षता की और 12वीं और 10वीं के 260 मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा घर से शुरू होती है और माता-पिता ही हमारे प्रथम गुरू होते हैं जो हमें हर तरह से शिक्षित और प्रशिक्षित करने के साथ ही अच्छे संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कड़ा परिश्रम आवश्यक है तथा व्यक्ति की सोच ही उसके भविष्य को तय करती है।

उन्होंने कहा कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), डाटा साईंस, रोबोटिक इंजीनियरिंग जैसे नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि बच्चों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए इस वर्ष नवंबर तक 6000 अध्यापकों की भर्ती भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि आपदा के कारण राहत शिविरों में रहने वाले परिवारों को राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पांच हजार रुपये और शहरी क्षेत्रों में 10 हजार रुपये प्रति माह किराया देने का निर्णय लिया है, ताकि पीड़ित परिवारों की मुश्किलों को कुछ कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि आपदा से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हुई है और पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए शनिवार और रविवार को कक्षाएं लगाने पर विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करने का प्रयास कर रही है और सरकार की नीतियां और योजनाएं शीघ्र ही धरातल पर नजर आएंगी। प्रदेश सरकार का लक्ष्य हिमाचल को आने वाले चार वर्षों में आत्मनिर्भर और 10 साल में देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' का दर्जा देकर उनके लिए कानून बनाया, जिसके तहत 27 वर्ष तक की आयु तक अनाथ बच्चों की जिम्मेदारी राज्य सरकार उठाएगी। उनकी उच्च शिक्षा का पूरा खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी और इस दौरान उन्हें 4000 रुपये प्रति माह जेब खर्च भी प्रदान किया जाएगा।

श्री सुक्खू ने कहा कि हिमाचल हाल ही के इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है और प्रदेश सरकार ने प्रथम दिन से ही प्रभावितों के बीच रहकर उनकी हर संभव मदद सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन और बारिश के कारण प्रदेश भर में बिजली की लाइनें टूट गईं, पानी की योजनाएं बह गई और 1500 से ज्यादा सड़कों को नुकसान पहुंचा, लेकिन राज्य सरकार ने 48 घंटे के भीतर ही अस्थाई तौर पर जरूरी सेवाओं को बहाल किया और 75 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। उन्होंने कहा कि आपदा के कारण आज लगभग 3000 परिवार राहत शिविरों में रहने को मजबूर हुए और प्रदेश सरकार इन परिवारों को बसाने की जिम्मेवारी का बखूबी निर्वहन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आपदा का राज्य के लोग दृढ़ता से सामना कर रहे हैं और सभी वर्ग बढ़-चढ़कर योगदान दे रहे हैं। विशेष रूप से स्कूली बच्चों ने अपने जेब खर्च से धन एकत्र कर आपदा राहत कोष में अंशदान दिया, जिसके लिए वह सभी के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान इस आपदा के कारण अभी तक लगभग 12 से 15 हजार करोड़ रुपये का नुकसान आंका गया है, जिसका एक कारण जलवायु परिवर्तन भी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इसे 'राष्ट्रीय आपदा' घोषित करेगी, क्योंकि राज्य में बहुत भारी नुकसान हुआ है।

प्रदेश पर लगभग 75 हजार करोड़ रुपये का कर्ज होने के बावजूद राज्य सरकार अपने सीमित संसाधनों से हर प्रभावित की मदद कर रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हिमाचल इस आपदा से निपटने के बाद प्रगति व आत्मविश्वास के एक नए दौर में प्रवेश करेगा।

## समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत प्रत्येक छात्रों को मिलेगी डिजिटल आईडी



समर्थ पोर्टल से प्रदेश के युवाओं को सुगम, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा के अवसर प्राप्त होंगे। यह पहल उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है जो निश्चत ही छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक साबित होगी: **डॉ. धन सिंह रावत**

- स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल शुरू, मिलेगी सभी जानकारियां
- ऑनलाइन देख सकेंगे परीक्षा, परीक्षाफल एवं क्रेडिट स्कोर

देहरादून। सूबे के उच्च शिक्षण संस्थानों में स्नातक स्तरीय प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत प्रत्येक छात्र-छात्राओं को डिजिटल पहचान पत्र उपलब्ध करायें जायेंगे, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके साथ ही समर्थ पोर्टल पर स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल शुरू कर दिया गया है। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालयों एवं महिविद्यालयों की तमाम शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ऑनलाइन मिलेगी। इसके अलावा छात्र-छात्राएं स्टूडेंट लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से परीक्षा, परीक्षाफल, क्रेडिट स्कोर के साथ ही अपनी तमाम शैक्षिक उपलब्धियों की सूचनाएं भी प्राप्त कर सकेंगे।

राज्य सरकार द्वारा सूबे में उच्च शिक्षा के अंतर्गत कई पहलें शुरू की गई हैं। जिसमें समर्थ पोर्टल के माध्यम से महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तरीय प्रवेश प्रक्रिया भी शामिल है। समर्थ पोर्टल पर वर्तमान शैक्षणिक सत्र से कुमाऊं विश्वविद्यालय, श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय एवं सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यलायों के लिये ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की गई। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत अब समर्थ पोर्टल पर पंजीकृत प्रत्येक नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को डिजिटल पहचान पत्र उपलब्ध करा दिये गये हैं। साथ ही पोर्टल पर 'स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल' शुरू कर एक नये डिजिटल युग की शुरूआत कर दी है। इस नये मॉड्यूल के माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक क्लिक पर सभी सूचनाएं मिलेंगी। 'स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल' के अंतर्गत पंजीकृत छात्र स्टूडेंट लॉगिन क्रेडेंशियल के माध्यम से अपनी समस्त शैक्षणिक उपलब्धियों से सम्बंधित जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे साथ ही वह अपने क्रेडिट स्कोर, परीक्षा परिणाम भी ऑनलाइन देख सकेंगे। इसके अलावा स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल पर एक्जाम फार्म, एडमिट कार्ड सहित परीक्षा व प्रवेश संबंधी तमाम सूचनाएं छात्रों को समय पर मिलेंगी। 'स्टूडेंट लाइफ साइकल मॉड्यूल' के माध्यम से पहली पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्रवेश के तुरंत पश्चात विश्वविद्यालय नामांकन संख्या भी उपलब्ध कर दी गई है, जबकि इससे पहले छात्र-छात्राओं को नामांकन संख्या परीक्षा फार्म भरने के उपरांत ही मिल पाता था। इस नये मार्डयूल के शुरू होने से छात्र-छात्राओं की तमाम समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया गया है ताकि छात्र-छात्राओं के अमूल्य समय को बर्बाद होने से बचाया जा सके।

### सार संक्षेप

### आंगनवाड़ी वर्कर होंगी हाईटेक, मिलेंगे स्मार्टफोन

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार नौनिहालों एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए जल्द ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्मार्टफ़ोन वितरित करने जा रही है जिसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्मार्टफोन खरीद को मंजूरी दे दी है। श्री खट्टर ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए 28,484 स्मार्ट फोन खरीदे जाएंगे जिसके 28 करोड़ 19 लाख रुपये के बजट को मंजूरी दी है। अगले तीन माह के अंदर प्रक्रिया पूरा करते हुए कार्यकर्ताओं को फोन दे दिए जाएंगे। इस सम्बंध में विभाग की ओर से स्मार्ट फोन चलाने के लिए 15 दिन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। फोन के लिए सिम और रिचार्ज सरकार की ओर से ही उपलब्ध कराया जाएगा। फोन के अंदर पोषण ट्रैकर ऐप और बाल संवर्धन एप मौजूद होंगी। इन एप के ज़रिए नौनिहालों की स्थिति पर नजर रहेगी। नवजात शिशुओं से लेकर छह साल तक के बच्चे और गर्भवती महिलाओं से लेकर दूध पिलाने वाली माताओं तक का सारा डाटा पोषण ट्रैकर ऐप पर मिलेगा। पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से कुपोषण जैसी गंभीर बीमारियों की भी मैपिंग की जा रही है। वहीं बाल संवर्धन एप से जीरो से पांच साल तक के बच्चों के कुपोषण की जांच की जा रही है।

### नेपाली यात्रियों से भरी बस नदी में फंसी, रेस्क्यू कर बाहर निकाला

**हरिद्वार।** भारी बारिश के बीच श्यामपुर क्षेत्र में चिड़ियापुर चेक पोस्ट के पास एक बस नदी में फंस गई। चारों तरफ पानी ही पानी नजर आने से यात्रियों की सांस अटक गई और उन्हें साक्षात मौत नजर आने लगी। इस दौरान बस से उतरकर छह यात्री अपनी जान बचाने के लिए पुल के पिलर पर चढ़ गए। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंच कर सभी यात्रियों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जिस पर इन यात्रियों व स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस व एसडीआरएफ टीम की सराहना की गयी है। बताया जा रहा है कि नेपालगंज रुपेड़िया से हरिद्वार आ रही बस में 53 लोग सवार थे, जो नेपाल मूल के निवासी हैं। अचानक मार्ग पर बरसाती नदी में पानी ज्यादा आ जाने के कारण बस मय सवारियों के बीच नदी में ही फंस गयी। सूचना मिलने पर श्यामपुर थानाध्यक्ष विनोद थपलियाल टीम सहित मौके पर पहुंचे और आला अधिकारियों को सूचना दी। सिटी कण्ट्रोल रूम की सूचना पर एसडीआरएफ एडिशनल उप निरीक्षक परविंदर धस्माना के हमराह मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और एक एक कर बस में सवार लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पहुंचाया गया।

### सुडोकू 6318 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 3 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 9 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 8 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 |
| 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 9 | 4 | 8 | 1 |

## अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क घटाने से देश के बागवानों को भारी नुकसान : नेगी



- अमेरिकी सेब के आयात शुल्क को 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया
- केंद्र को अपने फैसले पर फिर से विचार करने की जरूरत

**शिमला,** 15 सितंबर (वार्ता) हिमाचल के राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत करने के निर्णय की कड़ी आलोचना करते हुए कहा की अमेरिकी सेब के आयात शुल्क घटाने से हिमाचल प्रदेश के बागवानों को भारी नुकसान होगा।

श्री नेगी ने शुक्रवार को यहां कहा की केंद्र सरकार द्वारा जी-20 सम्मिट के दौरान अमेरिकी सेब के आयात शुल्क को 15 प्रतिशत करने का निर्णय लिया गया, जिस पर केंद्र सरकार को पुन: विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार द्वारा पहले सेब आयात शुल्क को 75 प्रतिशत से कम कर 50 प्रतिशत किया गया और अब 15 प्रतिशत किया जा रहा है, जो हिमाचल प्रदेश व अन्य क्षेत्रों के बागवानों की आर्थिकी के लिए नुकसानदायक है।

बागवानी मंत्री ने कहा की केंद्र सरकार के इस निर्णय से देश की मंडियां विदेशी सेब से भर जायेगी और राज्य के बागवानों की आर्थिकी को क्षति पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हिमाचल सहित अन्य सेब उत्पादक राज्य के बागवानों के लिए अपने निर्णय पर पुन: विचार करना चाहिए।

राजस्व मंत्री ने कहा कि निगुलसरी में बाधित हुए राष्ट्रीय उच्च मार्ग-05 की बहाली का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है तथा इसकी बहाली के कार्य में जुटे जवान दिन-रात बहाली का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला के बागवानों की सेब की फसल को नुकसान न हो इसके लिए निगुलसरी में रज्जू-मार्ग लगाया गया जिसके माध्यम से जिला के किसानों व बागवानों की सेब व मटर की फसलों को मंडियो तक पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने कहा कि इस सड़क के बाधित होने से जिला अन्य जिलों से कट चुका है तथा आवश्यक खाद्य वस्तुओं व पेट्रोल डीजल की आपूर्ति वाया काजा-किन्नौर मार्ग तथा ढुलाई के माध्यम से करवाई जा रही है।

## सीएम धामी ने आरोही संस्था को किया सम्मानित



**नैनीताल,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। कुमाऊं मंडल के दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने हेतु आरोही संस्था को यूएनडीपीए सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एवं नियोजन विभाग उत्तराखंड द्वारा देहरादून में आयोजित एसडीजी एचीभर्स अवार्ड समारोह 2022 में सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा सम्मानित किया गया।

इस दौरान आरोही संस्था की ओर से स्मृति चिह्न एवं प्रमाण पत्र डॉ. पंकज तिवारी अधिशासी निदेशक, समिरन त्रिपाठी संचालक स्वास्थ्य कार्यक्रम तथा डॉ. जनरल विवेक शर्मा रेडियोलॉजिस्ट ने प्राप्त किया। इस अवसर पर आरोही के अधिशासी निदेशक डॉ. पंकज तिवारी ने बताया कि आरोही संस्था स्वास्थ्य तथा शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में विगत 31 वर्षों से सक्रिय रूप से कुमाऊँ मंडल के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में कार्यरत है। संस्था द्वारा संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत आरोही आरोग्य केन्द्र अस्पताल तथा सचल चिकित्सा वाहनष् के माध्यम से सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अल्ट्रासाउंड, एक्स.रे, लैब जांच, ईसीजी एवं मातृ.शिशु स्वास्थ्य जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं जिसमें 150 गांवों की लगभग 1,50,000 जनसंख्या लाभान्वित हो रही है। सचल स्वास्थ्य शिविर अपने आप में एक अनूठी पहल है जिसको आरोही के अध्यक्ष डॉ.कर्नल चन्द्र शेखर पन्त टैड द्वारा प्रारंभ किया गया जिसके द्वारा दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों में समुदाय एवं गर्भवती महिलाओं को जांच एवं अल्ट्रासाउण्ड सुविधा के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही है। आरोही संस्था के अधिशासी निदेशकए डॉ पंकज तिवारी द्वारा आयोजकों एवं शुभचिन्तकों का आभार जताया गया।

## चार धाम यात्रा में स्वास्थ्य प्रणाली होगी मजबूत: डॉ. धन सिंह

■ **अमरनाथ तिवारी**

- विश फाउण्डेशन तथा स्वास्थ्य विभाग के बीच हुआ अनुबंध
- आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों का होगा उपयोग

**देहरादून,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। सूबे में चार धाम यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं विश फाउण्डेशन के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस अनुबंध के अनुसार विशेषकर चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों को आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों का उपयोग करते हुये स्वास्थ्य सेवाओं उपलब्ध कराई जायेंगी।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़करण एवं विस्तार को लेकर लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग एवं विश फाउंडेशन के मध्य राज्य में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत एवं गुणवत्ता प्रदान करने के उद्देश्य से एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये हैं। इस अनुबंध के अनुसार नवीन मॉडलों का उपयोग करत हुये सुलभ प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली विकसित कर चार धाम यात्रा में आने वाले यात्रियों एवं आस-पास के लोगों को आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल संसाधनों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायेगी। इसके अलावा चार धाम यात्रा में तैनात चिकित्सकों, पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टॉफ को आपात स्थिति से निपटने के लिये प्रशिक्षित किया जायेगा। चार यात्रा काल के लिये सम्बंधित संस्था विभागीय अधिकारियों से विचार-विमर्श कर विस्तृत रोड मैप तैयार करेगी, जिसकी आगामी चार धाम यात्रा में लागू किया जायेगा। द्विपक्षीय समझौता ज्ञापन में उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग की महानिदेशक डॉ. विनीता शाह एवं विश फाउण्डेशन के सीईओ पूर्व आईएएस डॉ. राकेश कुमार ने हस्ताक्षर किये हैं।

## सेवा पखवाड़ा दौरान दो लाख चश्मे वितरित करेगी भाजपा, लगेंगे 2000 हेल्थ शिविर : धनखड़



**रोहतक,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 73वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाने के लिए विशेष तैयारियां की हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने आज यहां सर्किट हाउस में प्रदेश महामंत्री, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, सभी मोर्चों के प्रदेशाध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी तथा सेवा पखवाड़े की प्रदेश की समिति और जिला संयोजक और सहसंयोजकों की संगठनात्मक बैठक ली जिसमें तय किया गया कि पखवाड़े के जरिये भाजपा केंद्र सरकार की उपलब्धियां लेकर जनता के बीच पहुंचेगी और बूथ स्तर तक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री डॉ पवन सैनी, मोहन लाल बड़ौली, सांसद कृष्ण पंवार, मोर्चा अध्यक्ष राहुल राणा, सुनीता दांगी, प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डॉ संजय शर्मा, रोहतक जिला अध्यक्ष रणवीर ढाका, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख शमशेर सिंह खरक, जिला मीडिया प्रमुख तरूण सन्नी सहित सभी जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के बाद प्रेसवार्ता में श्री धनखड़ ने बताया कि श्री मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हरियाणा भाजपा ने प्रदेश भर में 17 सितम्बर से गांधी जयंती तक 'सेवा पखवाड़ा' के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का फैसला किया है। इन 16 दिनों में भाजपा के कार्यकर्ता सभी जिलों में समाज सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन कर सीधे आम जनता से संवाद करेंगे। कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि 17 से 23 सितम्बर तक हर विधानसभा में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। पार्टी ने इस बार 18 हजार इकाई रक्तदान का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में 2000 से अधिक हेल्थ कैंप लगाए जाएंगे और दो लाख लोगों को चश्मा वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। 23 सितम्बर को शहीदी दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत गांव-गांव से मिट्टी एकत्रित करेंगे। 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक पार्टी ने दो लाख लाभार्थियों से बूथ स्तर पर सम्पर्क करने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर मनाई जाएगी। पंडित दीनदयाल जी के विचार, दर्शन और जीवन हमारी पार्टी के लिए प्रेरणा है। भाजपा उनके एकात्मक मानव दर्शन और अंत्योदय के विचार पर काम करती है। अल्पकालीन विस्तारकों को नेकर उन्होंने कहा कि 2500 विस्तारक फील्ड में काम करते हुए संगठन को और अधिक मजबूती दे रहे हैं। राज्य में इस तरह का बड़ा अभियान पहली बार चलाया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य जोकि एक-एक मंडल के पालक भी हैं, वे भी 20 से 25 सितम्बर के बीच चार दिन का समय अपने-अपने मंडल में देंगे और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। गांधी जयंती पर भाजपा स्वच्छता अभियान चलाएगी और इसमें पार्टी की सभी इकाईयां शामिल होंगी।

## उत्तराखंड में 3854 महिलाएं व 1134 बालिकाएं हुईं गायब

- 2961 गुमशुदा महिलाएं तथा 1042 बालिकाएं बरामद भी हुई
- सूचना के अधिकार में हुआ खुलासा
- पुलिस मुख्यालय की सूचना पर मामला आया सामने




**देहरादून,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में महिला सुरक्षा तथा महिला अधिकार संरक्षण के कितने भी दावे कर लिये जायें लेकिन हकीकत इससे दूर नजर आती है। राज्य में जनवरी 2021 से मई 2023 तक मात्र 29 माह में 3854 महिलायें तथा 1134 बालिकायें गुमशुदा दर्ज की गयी है। हालांकि इस अवधि में 2961 गुमशुदा महिलाएं तथा 1042 बालिकाए बरामद भी हुई है।

यह चैकानें वाला खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को पुलिस मुख्यालय की उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ है। सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय के लोक सूचना अधिकारी से उत्तराखंड में गुमशुदा व्यक्तियों, महिलाओं, बालक तथा बालिकाओं के आंकड़ों की सूचना मांगी थी। इसके उत्तर में पुलिस मुख्यालय की लोक सूचना अधिकारीध्अपर पुलिस अधीक्षक (कार्मिक) शाहजहां जावेद खान ने पत्रांक 135 के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो सेंथिल अबूदई कृष्ण राज. एस. द्वारा उपलब्ध कराये गये विवरणों की सत्यापित फोटो प्रतियां उपलब्ध करायी गयी हैं।

उपलब्ध सूचना के अनुसार उत्तराखंड के 13 जिलों तथा रेलवे (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 3854 महिलायें गुमशुदा दर्ज की गई है। इनमें 2021 में 1494, वर्ष 2022 में 1632 तथा वर्ष 2023 में मई तक 728 महिलायें शामिल है। इसी अवधि में कुल 1132 बालिकायें गुमशुदा दर्ज हुई है जिसमें 2021 में 404 वर्ष 2022 में 425 तथा 2023 में मई तक 305 बालिकायें शामिल है। हालांकि उपलब्ध गुमशुदा महिलाओं की बरामदगी के आंकड़ों के अनुसार जनवरी 2021 से मई 2023 तक कुल 2961 महिलायें बरामद हुई है। इसमें 2021 में 1271, वर्ष 2022 में 1281 तथा 2023 में मई तक 409 महिलायें शामिल है जबकि इसी अवधि में कुल 1042 गुमशुदा बालिकायें भी बरामद हुई है जिसमें 2021 में 393, वर्ष 2022 में 403 तथा 2023 में मई तक 246 बालिकाएं शामिल है।

### जिलेवार गुम हुई महिलाओं व बालिकाओं की जानकारी

गुमशुदा महिलाओं के जिलावार विवरण के अनुसार नैनीताल जिले में 2021 में 168 वर्ष 2022 में 165 तथा 2023 में मई तक 53 महिलायें गायब हुई हैं। उधमसिंह नगर जिले में क्रमश: 343, 415, तथा 183, पिथौरागढ़ जिले में 14, 18 तथा 7, अल्मोड़ा जिले में 25, 44 तथा 23, टिहरी जिले में 59, 49 तथा 35, बागेश्वर जिले में 34, 26 तथा 12, पौड़ी जिले में 43, 58 तथा 19, उत्तरकाशी जिले में 34, 23 तथा 15, देहरादून जिले में वर्ष 2021 में 364, वर्ष 2022 में 430 तथा 2023 में मई तक 163 महिलायें, हरिद्वार जिले में क्रमश: 339, 314 तथा 169, चमोली में 31, 26 तथा 14, चम्पावत जिले में 23, 48 तथा 25, रूद्रप्रयाग जिले में 14, 15 तथा 10 तथा रेलवे क्षेत्र (जी.आर.पी. अन्तर्गत) में वर्ष 2021 में 3, 2022 में 1 तथा 2023 में मई तक शून्य गुमशुदा महिला दर्ज हुई है।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था का निकला दिवाला : अत्री

**शिमला,** 15 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में कानून व्यवस्था का पूरी तरह से जनाजा निकल गया है। आज आलम ऐसा हो गया है कि असमाजिक तत्व बेखौफ होकर दिन-दिहाड़े अपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। यह कहना है प्रदेश भाजपा के सचिव नरेंद्र अत्री का। मुख्यमंत्री के गृहजिले हमीरपुर के भोरंज इलाके में महिला से हुई बदसलूकी पर सवाल उठाते हुए अत्री ने कहा कि आखिर सुक्खू सरकार में यह सब क्या चल रहा है। एक महिला को दिन-दिहाड़े अमानवीय असंवेदनशील व्यवहार कर बेइज्जत किया जा रहा है। क्या देवभूमि मे इस तरह से अब महिलाओं का सम्मान होगा ? उन्होंने कहा कि भाजपा इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करती है और सरकार के अनुरोध करती है कि इस मामले में जो भी दोषी हैं उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई अमल में लाई जाए अन्यथा महिलाओं में हो रहे ऐसे अत्याचार के खिलाफ भाजपा सड़कों पर उतरने से भी गुरेज नहीं करेगी। भाजपा प्रदेश सचिव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के अब तक के 9 माह के कार्यकाल में लॉ एंड आर्डर की जो स्थिति बनी है ऐसी प्रदेश में पहले कभी नहीं देखी। चंबा में युवक की निर्मम हत्या, बद्दी-बरोटीवाला में दिन-दिहाड़े गोलियां चल रही हैं। ऊना हो, कांगड़ा हो, चंबा हो, सिरमौर या प्रदेश का कोई भी जिला आज अपराधिक वारदातों से अछूता नहीं रहा है। नरेंद्र अत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मांग की है कि आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं।

# प्रादेशिकी

## कोषागार में रिसीविंग रजिस्टर बनाया जाए : सुरेश कुमार

**फर्रुखाबाद,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। मंत्री वित्त एवं संसदीय कार्य विभाग उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश कुमार खन्ना द्वारा कोषागार फतेहगढ़ फर्रुखाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय मंत्री जी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि एक रिसीविंग रजिस्टर बनाया जाए किस-किस विभाग के कितने बिल दाखिल किए गए हैं उनका अंकन किया जाए उसके पश्चात संबंधित पटेल सहायकों को बिल ट्रांसफर किए जाएं यही प्रक्रिया बिल वापसी के दौरान अमल में लाई जाए। मंत्री द्वारा समस्त पटलो, सिंगल लॉक कक्ष एवं डबल लॉक कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कार्यालय में गंदगी देख एवं पत्रावलियों का अभिवस्थित रखरखाव देख नाराजगी व्यक्त और वरिष्ठ कोषाधिकारी को कार्यालय की बेहतर साफ सफाई करने के निर्देश दिए।

# उप्र में युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगा डेविस कप का आयोजन : योगी



- भारत व मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी में लिया हिस्सा
- मुख्यमंत्री ने ड्रॉ खोलकर मैचों के आयोजन का किया ऐलान

**लखनऊ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के लिए यह अत्यंत स्मरणीय क्षण है कि लगभग 23 वर्षों के बाद डेविस कप के रूप में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी, जिसमें लीग मैच भारत और मोरक्को के बीच 16 और 17 सितम्बर को विजयंत खंड गोमती नगर में जो टेनिस कोर्ट बनाया गया है वहां पर संपन्न होंगे। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं। पूरा विश्वास है कि भारत के अलग-अलग क्षेत्रों से और मोरक्को से आए हुए खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश के अंदर इस आयोजन के साथ जुड़ने में आनंद की अनुभूति होगी और आपके खेलों के माध्यम से देश और प्रदेश के युवाओं को खेल के प्रति जागरूक होने और इसके माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा प्राप्त होगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर डेविस कप वर्ल्ड ग्रुप-2 में भारत और मोरक्को के बीच होने वाले मैचों की ड्रॉ सेरेमनी के अवसर पर कहीं। इससे पूर्व सीएम योगी ने ड्रॉ खोलकर मैचों के शेड्यूल का भी ऐलान किया।

इस अवसर पर सीएम योगी ने डेविस कप के लिए लखनऊ आए विशिष्ट अतिथियों को ओडीओपी उपहार देकर सम्मानित किया। सीएम योगी के साथ ग्रुप फोटो शूट भी कराया।

खेल इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो हर ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाने, हर ग्राम पंचायत में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने, सभी जनपदों में खेल के स्टेडियम, ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम पर कार्य किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा खर्च की जाने वाली राशि से गांव में ओपन जिम के निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। उसी का परिणाम है कि आज प्रदेश में 83 स्टेडियम, 12 सिंथेटिक टेनिस कोर्ट, 67 बहुद्देशीय हॉल, 38 तरणताल, 15 सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम, 3 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 16 छात्रावास भवन, 2 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, 42 अत्याधुनिक जिम, 2 जूडो हॉल, 11 कुश्ती हॉल, 6 शूटिंग रेंज, 2 इंडोर वॉलीबाल हॉल, 12 वेटलिफ्टिंग हॉल और 15 सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट का निर्माण प्रदेश में अब तक हो चुका है।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का किया जिक्र

योगी ने प्रदेश में खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के खेलो इंडिया खेलो के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम रहा हो या फिर फिट इंडिया मूवमेंट के माध्यम से खेल की गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्यक्रम, इन सभी ने पूरे देश के अंदर खेल का एक बेहतरीन माहौल दिया है। खेल सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा इस बात पर विश्वास करती रही है कि शरीर माध्यम खलु धर्म साधन... यानी जीवन के जो भी साधन होते हैं वो एक स्वस्थ शरीर से ही संभव हो सकते हैं और स्वस्थ शरीर के लिए खेलकूद की प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं। प्रधानमंत्री मोदी की ही प्रेरणा से पिछले 6 वर्ष में इन सभी कार्यक्रमों को प्रदेश में आगे बढ़ाने का कार्य किया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश के अंदर खेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर बेहतरीन प्रयास प्रारंभ हुए हैं। उत्तर प्रदेश आज देश के अंदर इन कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने वाला एक अग्रणी राज्य है।

## रामगंगा में उफान से ग्रामीणों की चिंता बढ़ी

**फर्रुखाबाद,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। रामगंगा में अचानक उफान आ गया। जिससे रामगंगा का पानी कई गांवों में घुस गया। जिससे ग्रामीणों को एक बार फिर चिंता सतानें लगी है। तहसीलदार कर्मवीर सिंह नें मौके पर जाकर हालत का जायजा लिया। रामगंगा में खो, हरेली, रामनगर बैराज 20,397 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। वहीं रामगंगा का जलस्तर 135.00 सेंटीमीटर पर दर्ज किया गया। रामगंगा में बाढ़ का पानी अधिक आ जाने से क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ है। भावन, हीरानगर, गुडेरा, चपरा, अमैयापुर, हरपालपुर, कोला सोता, सिकंदरपुर, मोकुलपुर, मोहलिया, लभेडा, अलादपुर भटौली आदि गांव में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। बाढ़ कम होनें से कई ग्रामीणों नें अपनी बेटियों के विवाह की तैयारी भी की थी। जिसमे अब समस्या आ रही है। प्रधान अनिल शाक्य के द्वारा ग्राम वासियों को नाव की व्यवस्था कर दी गई।

## आमजन को प्राथमिकता पर उपलब्ध हो योजनाओं का लाभ : केशव



- गरीब को छेड़ेंगे नहीं, माफिया को छोड़ेंगे नहीं हो प्रशासन का मूल मंत्र

**लखनऊ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शासन की मंशा के अनुरूप विकास योजनाओं का लाभ आम जनमानस को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों को सचेत किया कि कार्यकर्ताओं/जनप्रतिनिधियों द्वारा रखी गई समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए जो समस्या निस्तारण योग्य न हो, उसके बारे में शिकायतकर्ता को उचित तथ्यों से अवगत कराते हुए उसे संतुष्ट करें। किसी भी हालत में वे असंतुष्ट नहीं होने चाहिए। समस्याओं को प्राथमिकता पर सुना जाए और उसके निस्तारण के साथ ही संबंधित व्यक्ति को हर हालत में संतुष्ट किया जाए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रशासन का मूलमंत्र होना चाहिए कि गरीब को छेड़ेंगे नही, माफिया को छोड़ेंगे नहीं। उन्होंने अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के प्रकरण में वैकल्पिक व्यवस्था होने के पश्चात ही गरीबों को विस्थापित किया जाए। सरकार हर गरीब परिवार के साथ खड़ी है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को आयुक्त सभागार, वाराणसी में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

### जल संरक्षण के व्यापक प्रचार-प्रसार पर दिया जोर

जल संरक्षण के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनजागरण पर जोर दिया। उन्होंने चक मार्गो को अतिक्रमण मुक्त कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने दाखिल खारिज के प्रकरण निर्धारित अवधि में न करने व बिनावजह विलंब करने पर नाराजगी जतायी। ऐसे लंबित प्रकरण की जांच कराकर संबंधितों के विरुद्ध कार्यवाही करने का निर्देश दिया। विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को आवास निर्माण के लिए मानचित्र स्वीकृत करने के कार्य मे तेजी लाने पर जोर दिया। उन्होंने अवैध निर्माण के नाम पर किसी का कत्तई भयादोहन न करने व दलालों से संलिप्तता करने वाले विभागीय लोगों को चिन्हित कर ऐसे लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

## सार संक्षेप

### भाजपा के नए महानगर व जिलाध्यक्ष की घोषणा

**मेरठ।** भाजपा ने शिवकुमार राणा को जिलाध्यक्ष और सुरेश जैन रितुराज को मेरठ महानगर का जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही पूरे पश्चिम क्षेत्र के अन्य जिलों के महानगर अध्यक्षों और जिलाध्यक्षों की लिस्ट भी जारी कर दी गई है। शिवकुमार राणा पूर्व में जिलाध्यक्ष रह चुके हैं। सुरेश जैन रितुराज भी पूर्व में महानगर अध्यक्ष रह चुके हैं। दोनों ने अपने पूर्व के कार्यकाल में अच्छा प्रदर्शन किया और पार्टी ने फिर से भरोसा जताया। भाजपा ने एक ठाकुर और एक बनिया को अध्यक्ष पद की कमान देकर जातीय समीकरणों को बेहतरी से साधने का प्रयास किया है। शिवकुमार राणा को भाजपा मेरठ जिलाध्यक्ष पद की कमान दी है। शिवकुमार राणा वेस्ट यूपी में ठाकुर चेहरा हैं, उन्हें बनाकर ठाकुरों को साधा है। वहीं मेरठ महानगर में अध्यक्ष का पद बनियों के लिए माना जाता है।

### गिरफ्तारी को लेकर एएसपी दरबार पहुंचा अधिवक्ता

**मवाना।** नगर स्थित पक्का तालाब के समीप जमीन विवाद को लेकर हुआ विवाद थमता नजर नहीं आ रहा। गुरुवार को से रंगदारी और बलवा आदि की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर शुक्रवार को पीड़ित ने एसएसपी से मिल आरोपियों के गिरफ्तारी की गुहार लगाई।। अधिवक्ता ने एसएसपी से कहा यदि पुलिस मौके पर नहीं पहुंचती तो आरोपी उन्हें जान से मार देते।

### सुभारती साइंस कॉलेज में एलुमनाई कनेक्ट प्रोग्राम आयोजित

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफसाइंस में एलुमनाई कनेक्ट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के सभी अंतिम वर्ष के छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय अधिष्ठाता प्रो. डा. रेनू मावी एवं समस्त विभागाध्यक्ष द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पन द्वारा किया गया।

### स्पेयर पार्ट्स की दुकान में लगी आग

**मेरठ।** खरखोदा में शुक्रवार को बस स्टैंड के सामने स्पेयर पार्ट्स की दुकान में अचानक आग लग गई। जिसके बाद दुकान व आसपास के लोगों में भगदड़ मच गई। जानकारी मिलने पर फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आसपास के लोगों की मदद से मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का माल जलकर राख हो गया।

### लापता युवक की हत्या

**मेरठ।** लापता युवक की हत्या का मामला सामने आया है। उसका शव खेत में दबा हुआ मिला है। बताया जा रहा है कि लाश दो से तीन दिन पुरानी है। वह तीन दिन से लापता था। घरवालों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। मवाना के फलावदा थाना क्षेत्र बहजादका गांव निवासी उत्तमवीर पुत्र अजय 12 सितम्बर से लापता था। फलावदा थाने में परिजनों ने गुमशुदगी भी दर्ज कराई हुई थी।

## शैक्षणिक यात्रा करने राष्ट्रपति भवन पहुंचे छात्र



- पुरस्कारों से सुसज्जित संग्रहालय का भ्रमण किया
- विज्ञान का प्रायोगिक अनुभव प्राप्त करना रहा उद्देश्य

**मेरठ,**15 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल (समूह) के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सभी विद्यार्थियों ने नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में स्थित अमृत उद्यान की ग्रीष्मकालीन छटा का आनंद लिया एवं विभिन्न प्रकार की वनस्पतियों की जानकारी ली।

विद्यार्थियों ने राष्ट्रपति भवन में स्थित भूतपूर्व राष्ट्रपतियों की उपलब्धियों एवं पुरस्कारों से सुसज्जित संग्रहालय का भी भ्रमण किया तत्पश्चाप सभी विद्यार्थियों के जिज्ञासु मस्तिष्क को प्रोत्साहित करने, विज्ञान के क्षेत्र में हो रही तकनीकी प्रगति के प्रति जागरूकता पैदा करने तथा विज्ञान का प्रायोगिक अनुभव देने के उद्देश्य से उन्हें राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र (विज्ञान संग्रहालय) ले जाया गया जहां विद्यार्थियों ने पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) व सामुद्रिक जीवन (मरीन लाइफ) पर आधारित शो का आनंद लिया। सभी विद्यार्थियों ने विज्ञान, भूगोल, मानव विकास से जुड़े एक अनेक तथ्यों को मजेदार तरीकों, उपकरणों व नवीनतम तकनीकों के माध्यम से जाना व समझा।

## काव्य संगोष्ठी व साहित्य सम्मान समारोह आयोजित



**मेरठ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित वेंक्टेश्वरा संस्थान में हिन्दी दिवस पर शानदार काव्य संगौष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सो से आये कवियो एवं साहित्यकारो ने हिन्दी के सम्मान में एक से एक बढकर शानदार प्रस्तुतिया देकर सभी से हिन्दी को अपने कामकाज, व्यवहार एवं व्यापार की भाषा बनाने की पुरजोर वकालत की। इस अवसर पर समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी के साथ मिलकर कवियो एंव साहित्यकारो को शॉल एवं स्मृति चिन्ह भैंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थान के रविन्द्रनाथ टैगोर सभागार में काव्य संगोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ.राजीव त्यागी आदि मौजूद रहे।

### यूपी डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ ने रक्तदान शिविर लगाया



**मेरठ।** उप्र. डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ के तत्वाधान में संघ भवन लोनिवि परिसर में स्थित डिप्लोमा इंजीनियर्स के हृदय सम्राट व प्रेरणा स्त्रोत स्व. आर.के. दत्त की पुण्य स्मृति में 28वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसी दिन भारत रत्न इंजीनियर एम.विश्वेश्वरैया के जन्म दिवस/अभियन्ता दिवस का भी आयोजन देशभर में किया जाता है।

रक्तदान दिवस का शुभारम्भ जिलाधिकारी दीपक मीणा, इं.संदीप कुमार मुख्य अभियन्ता, सिचाई विभाग, इं. ओपी सोनकर मुख्य अभियन्ता, मेरठ क्षेत्र एवं उप्र डि.इं.महासंघ के प्रान्तीय अध्यक्ष इं.राकेश कुमार त्यागी की गरिमामयी उपस्थिति में कराया गया।

## मेरठ पब्लिक स्कूल समूह में मनाया गया हिंदी दिवस




**मेरठ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। मेरठ पब्लिक स्कूल की सभी शाखाओं में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस सुअवसर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने हिंदी भाषा के महत्व को दर्शाते हुए, काव्य पाठ, मुहावरे व दोहा उच्चारण पर आधारित विभिन्न गतिविधियां, नुक्कड़ नाटक , अंतर्सदनीय वाद- विवाद प्रतियोगिता आदि को उत्साह पूर्वक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्यगणों ने विद्यालय की प्रबंध समिति की ओर से सभी को हिंदी भाषा का सम्मान करने तथा हिंदी को अपनाने का संदेश देते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं दी।



## एक दिवसीय जागरूकता शिविर आयोजित

**मेरठ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। उप्र माटीकला बोर्ड के द्वारा केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान मेरठ में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरूकता शिविर में उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उक्त योजनाओं से लाभ प्राप्त कर स्वरोजगार की स्थापना हेतु अभ्यर्थियों एवं कारीगरों को प्रोत्साहित किया गया। हाल ही में दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में आए विदेशी डेलीगेट्स द्वारा भारत की परम्परागत हस्तकला के प्रति आकर्षक के विषय में जानकारी प्रदान कर इसके महत्व एवं लोकप्रियता के विषय में प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर माटीकला बोर्ड के सदस्य संजय प्रजापति, उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड से नामित अधिकारी, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव त्यागी एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक केनरा बैंक एस के मजूमदार तथा जिला/परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी सोहन लाल अग्रवाल एवं बडी संख्या में आये माटीकला कारीगरों व अन्य अभ्यर्थियों द्वारा भाग लिया गया।

## शोभित विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग-डे का हुआ आयोजन



**मेरठ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में इंजीनियरिंग डे का आयोजन किया गया । आयोजन की शुरुआत परमपिता परमेश्वर को याद कर की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य वक्ता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ जयानंद के द्वारा की गई। डॉ जयानंद ने वहां उपस्थित सभी छात्रों को महान व्यक्तित्व के धनी और आधुनिक युग के विश्वकर्मा कहे जाने वाले विश्वेश्वरैया के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और समाज में उनके योगदान के बारे में अपना भाव प्रकट किया। विश्वविद्यालय के डीन फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग डॉ विनोद कुमार त्यागी ने भी अपने विचार वहां उपस्थित छात्रों और अपने सहकर्मियों के बीच रखा और छात्रों को समाज में किस तरह से अपनी भागीदारी देनी है और भारत मां के मान सम्मान को टेक्नोलॉजी के मदद से कैसे ऊपर लाना है, इस विषय में अपने विचार व्यक्त किए।

## ए. एस. इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

- प्रथम दिन 165 बच्चों के चश्मों का वितरण

**मवाना,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर स्थित ए एस इंटर कॉलेज में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आरबीएस के तत्वाधान में 10 दिवसीय स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के प्रथम दिन स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की। कैंप का उद्घाटन सीएचसी प्रभारी अरूण कुमार और स्कूल प्रधानाचार्य डॉ मेघराज सिंह ने सयुक्त रूप से फीता काटकर की। कैंप के प्रथम दिन चिकित्सा विभाग की टीम में शामिल में डॉक्टर नरगिस सैफी, स्टाफ नर्स नीता मैसी व ओमेंद्र सिंह प्रभाकर ने छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच कर संचारी रोग बुखार ,चक्कर आना, खुजली ,दांत का दर्द ,कान का संक्रमण, उल्टी, पेट दर्द, सिर दर्द आदि की जांच के बाद दवाईयों का वितरण किया। चिकित्सकों की टीम स्कूल में परीक्षण के दौरान 165 छात्र-छात्राओं की आंखों में कमी पाई जाने के कारण उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवाना पर संदर्भित किया गया स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं के लिए सेनेटरी नैपकिन आर बी एस के द्वारा उपलब्ध कराए गए सभी छात्र-छात्राओं को आयरन की गोलियां का भी वितरण किया गया।

स्वास्थ्य कैंप में स्कूल के प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह व सभी अध्यापकों स्वास्थ्य टीम के विशेष सहयोग का आभार व्यक्त किया। कैंप के प्रथम दिन प्रबंधक पवन कुमार रस्तोगी, सभी अध्यापकों आदि का सहयोग रहा।

# सब कुछ मशीन के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता : बलदेव भाई शर्मा



- आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन
- भविष्य की चुनौतियों को लेकर वक्ताओं ने रखे विचार
- नकारात्मक प्रभावों को लेकर जताई चिंता
- एआई को समझने के लिए छात्रों को किया प्रेरित

**मेरठ,** 15 सितम्बर (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय रांची के कुलपति प्रो0 बलदेव भाई शर्मा पहले सत्र के बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि सब कुछ मशीन के भरोसे नहीं छोडा जा सकता है। क्योंकि मशीन के अंदर संवेदना नहीं होती है। मशीन के पीछे ज्यादा नहीं भागना चाहिए। हमारा हित अहित हमें तय करना होगा। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उतना ही उपयोग करें जितनी जरूरत हो। डाटा और नॉलेज एक पॉवर है, जिसका दुरूपयोग किया जा रहा है। ऐसी चीजों से सतर्क रहना चाहिए।

प्रो0 बलदेव भाई शर्मा ने कहा कि कोरोना काल में मीडिया ने बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभाई थी। पत्रकारिता केवल एक बौद्धिक उपक्रम नहीं है। पत्रकारिता में संवेदना भी हैं। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तय नहीं करेगा कि कौन सा पाठयक्रम तय होगा। समय के हिसाब से जो जरूरत होगी वह शिक्षक ही पाठयक्रम बनाएगा। अध्यक्षता कर रहे सर छोटूराम इंजीनियिरिंग एंड टैक्लोलॉजी के निदेशक डॉ.नीरज सिंघल ने भी विचार रखे। संचालन शोध छात्रा पूजा शर्मा ने किया। प्रोफेसर विक्रांत किशोर ने कहा कि हमें सीखने की प्रक्रिया में सदैव तत्पर रहना पड़ेगा। दूसरे सत्र के मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रशमी वर्मा उपस्थित रहे उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग सबसे ज्यादा शॉपिंग मार्केटिंग में किया जा रहा है। औद्योगिक जगत में ग्राहक को प्रभावित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग किया जा रहा है। सभी क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग बढ़ा है।

मीडिया भी इससे अछूता नहीं रहा है। अध्यक्षता प्रो.संजीव भनावत ने की। संचालन शोध छात्र निशांत ने किया। गोपाल साहू ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अध्यात्म संचार को प्रोत्साहन करने के लिए कर सकते हैं। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर राकेश उपाध्याय ने कहा कि अधिकांश जगह भारतीय ही आविष्कार कर रहे हैं दुनिया प्रतिभाओं को हायर कर रही है सर्वाइवल के लिए भारत की ओर देख रही है भारत प्रकृति खेती का सबसे बड़ा केंद्र कहां है ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए प्राकृतिक खेती की ओर देख रही है दूध के लिए भारतीय गायों का संवर्धन किया जा रहा है। मनुनाथ कोंड ने कहा कि जब भी कोई नई तकनीक आती है तो उसका विरोध होना स्वाभाविक है क्योंकि भारतीय समाज परिवर्तन को धीरे-धीरे स्वीकारता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें सोने की नए विचारों को अपनाने की सीख देता है तभी हम सूचना क्रांति के युग में सफल हो सकते हैं। समापन सत्र के मुख्य वक्ता प्रोफेसर उमेश उपाध्याय ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर आशंका जो मन में है वह स्वाभाविक है नई तकनीक जब आती है तो इस बात का वह रहता है वह आक्रांत होने की आवश्यकता नहीं है बदलाव बहुत तेजी से आया है कल्पना शीलता सपना आगे का सोचना मशीन नहीं कर सकती है। प्रोफेसर राजीव सिजेरियन में कहा की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानवीय आधार पर जो भी अभाव है उसकी पूर्ति कर सकती है। इस दौरान 27 शोध पत्र पढे गए। तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार के निदेशक प्रो. प्रशांत कुमार ने सभी स्वागत किया। डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी का धन्यावाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर लव कुमार, बीनम यादव, मितेंद्र कुमार गुप्ता, उपेश दीक्षित, शोध छात्र एवं विभाग के सभी छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

## 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' के साथ ओटीटी डेब्यू करेंगे मिलन लुथरिया

**मुंबई।** 'कच्चे धागे', 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'बादशाहो' जैसी फिल्म को लेकर जाने जाने वाले फिल्म निर्माता मिलन लूथरिया पावर-पैक सीरीज 'सुल्तान ऑफ दिल्ली' के साथ अपने ओटीटी निर्देशन की शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ओटीटी सीरीज अर्नब रे की किताब 'सुल्तान ऑफ दिल्ली एसेंशन' पर आधारित है। इस बारे में बात करते हुए मिलन ने कहा कि सुल्तान ऑफ दिल्ली मेरी पहली वेब सीरीज है। 1960 के दशक में स्थापित, इसमें ग्लैमर, एक्शन, संगीत, दमदार वन लाइनर्स और मनोरंजन जैसे तत्व है। उन्होंने कहा कि सीरीज में मल्टी-स्टारर फिल्म अर्जुन भाटिया (ताहिर राज भसीन) की जर्नी को दिखाया जाएगा।

# स्तन कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकता है ब्रेस्ट मिल्क



**लंदन,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। स्पेनिश शोधकर्ताओं ने पहली बार पाया कि ब्रेस्ट कैंसर के रोगियों के दूध में ट्यूमर डीएनए होता है, और यह दुनिया भर में महिलाओं को प्रभावित करने वाले सबसे आम प्रकार के कैंसर का जल्द पता लगाने में मदद कर सकता है। ट्यूमर डीएनए, जिसे सर्कुलेटिंग ट्यूमर डीएनए (सीटीडीएनए) के रूप में जाना जाता है, ब्रेस्ट मिल्क में लिक्विड बायोप्सी से पता लगाया जा सकता है, पारंपरिक इमेजिंग का उपयोग कर स्तन कैंसर का निदान करने से पहले भी। कैंसर डिस्कवरी जर्नल में प्रकाशित शोध से पता चलता है कि प्रसव के बाद ब्रेस्ट कैंसर के शीघ्र निदान के लिए यह एक नया उपकरण बन सकता है। यह निष्कर्ष स्पेन के वैल डीहेब्रोन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल के शोधकर्ताओं द्वारा तब निकाला गया जब एक महिला को अपनी तीसरी बेटी के साथ गर्भवती होने के दौरान स्तन कैंसर का पता चला और उसके दूध से उसकी दूसरी बेटी में ट्यूमर के फैलने के संभावित खतरे के बारे में चिंता व्यक्त की गई। विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (वीएचआईओ) में स्तन कैंसर समूह की प्रमुख डॉ. क्रिस्टीना सौरा ने कहा कि रोगी हमारे लिए ब्रेस्ट मिल्क का। सैंपल लेकर आई जिसे उसने अपने फ्रीजर में संग्रहीत किया था। यहीं से हमारी रिसर्च शुरू हुई। हालांकि हम जानते हैं कि स्तन कैंसर ब्रेस्ट मिल्क से नहीं फैलता है, हमने सैंपल का विश्लेषण करने का फैसला किया। और वास्तव में, जब हमने मरीज के ब्रेस्ट मिल्क का विश्लेषण किया, तो हमें उसी म्यूटेशन के साथ डीएनए मिला जो उसके ट्यूमर में मौजूद था। मरीज के कैंसर के निदान से एक साल से अधिक समय पहले स्तन का दूध जमा कर दिया गया था। इसके बाद शोधकर्ताओं ने गर्भावस्था या प्रसव के बाद निदान किए गए 15 स्तन कैंसर रोगियों के साथ-साथ स्तनपान कराने वाली स्वस्थ महिलाओं से ब्रेस्ट मिल्क और ब्लड के सैंपल एकत्र किए। दो तकनीकों, नेक्स्ट जेनरेशन सीक्वेंसिंग (एनजीएस) और ड्रॉपलेट डिजिटल पीसीआर का उपयोग किया गया।


**शोधकर्ताओं का दावा, स्तन कैंसर के रोगियों के दूध में ट्यूमर डीएनए**

# पृथ्वी की कक्षा छोड़कर 19 को सूरज की ओर रवाना होगा आदित्य-एल1

**चेन्नई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। देश की अंतरिक्ष-आधारित सौर वेधशाला आदित्य-एल1 को 19 सितम्बर को सूर्य की ओर रवाना किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, शुक्रवार तड़के 2.15 बजे आदित्य एल-1 की कक्षा का चौथा सफल उन्नयन किया गया।

अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि मॉरीशस, बेंगलुरु, श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया, जबकि वर्तमान में आदित्य-एल 1 के लिए फिजी द्वीप समूह में एक परिवहनीय टर्मिनल पोस्ट-बर्न ऑपरेशन का समर्थन करेगा।

इसरो के अनुसार, आदित्य एल-1 अब 256 किमी गुना 1,21,973 किमी की अपनी नई कक्षा में है। इसरो ने कहा कि अगले मैनोवर में 19 सितम्बर को लगभग दो बजे तड़के पृथ्वी की कक्षा से विदा होकर वेधशाला लैंगरेंजियन प्वाइंट-1 (एल-1) की ओर बढ़ेगी। आदित्य-एल1 भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला है जिसे 2 सितम्बर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान-एक्सएल (पीएसएलवी-




एक्सएल) रॉकेट द्वारा पृथ्वी की निचली कक्षा (एलईओ) में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा को चार बार बढ़ाया गया है। एल-1 की ओर यात्रा के दौरान पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण से बाहर निकलने के बाद क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल-1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा - वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों - सूर्य और पृथ्वी - का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान अपनी कक्षा में बना रहेगा। लॉन्च से एल-1 तक की कुल यात्रा में अंतरिक्ष यान को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 15 लाख किलोमीटर होगी।



# टेरेंस लुईस ने उन्हें कंटेम्परेरी डांस स्टाइल से परिचित कराया : मानुषी छिल्लर

**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। 'मिस वर्ल्ड 2017' मानुषी छिल्लर 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' शो में आई और उन्होंने मशहूर कोरियोग्राफर टेरेंस लुईस की जमकर तारीफ की। डांस रियलिटी शो के अपकमिंग एपिसोड में विक्की कौशल और मानुषी अपनी अपकमिंग फिल्म 'द ग्रेट इंडियन फैमिली' का प्रोमोशन करते नजर आएंगे। फिनाले के करीब शो के कंटेस्टेंट्स ने कम्पीटिशन का लेवल बढ़ा दिया है। इस कड़ी में कंटेस्टेंट समर्पण लामा ने 'अभी मुझ में कहीं' पर शानदार परफॉर्मेंस दी। मानुषी ने एक्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि समर्पण, आपकी बॉडी गाने की बदलती लय और ताल के साथ तालमेल करती है, जो धुन को पकड़ने की आपकी क्षमता को दर्शाती है। अपनी गति और बदलने की आपकी क्षमता वास्तव में प्रभावशाली थी।

उन्होंने कहा कि डांसर्स में जिस चीज की मैं सबसे अधिक प्रशंसा करती हूं, वह है उनका न्यूरोमस्कुलर कोऑर्डिनेशन और उनके बॉडी पर प्रीसाइस कंट्रोल। समर्पण आप न केवल एक इंक्रेडिबल डांसर हैं, बल्कि सुंदर और मनमोहक भी हैं। जब हम किसी का बहुत आदर करते हैं, तो हम अक्सर उन्हें एक सिंबल गिफ्ट करते हैं, और आज, मैं आपको एक गुलाब गिफ्ट कर रही हूं।

मानुषी ने कहा कि मैंने टेरेंस को टीवी पर कंटेम्परेरी डांस करते देखा है और उन्होंने मुझे इस डांस फॉर्म से परिचित कराया। और आज, समर्पण के परफॉर्मेंस ने टेरेंस की कलात्मकता की यादें ताजा कर दीं।

# एक्स पर 'लाइक्स' टैब को पब्लिक व्यू से छिपा सकते हैं यूजर्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने एक नया फीचर पेश किया है, जो प्रीमियम सब्सक्राइबर्स को अपने 'लाइक्स' टैब को पब्लिक व्यू से छिपाने की अनुमति देगा। 'हाइड लाइक्स टैब' को इनेबल करने पर, टैब एक्स प्रीमियम यूजर्स की प्रोफाइल से पूरी तरह से गायब हो जाएगा। एक्स ने गुरुवार को कहा कि अपने लाइक टैब को छिपाकर निजी रखें। प्रीमियम सब्सक्राइबर्स के लिए उपलब्ध है।

मस्क ने एक्स पर नए अपडेट के बारे में भी साझा किया, लेकिन उन्होंने यूजर्स को लाइक टैब ओपन रखने की सलाह दी और दिलचस्प पोस्ट के लिए 'बुकमार्क' का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अब आप अपने लाइक्स छिपा सकते हैं, लेकिन मैं उन्हें ओपन रखने और दिलचस्प पोस्ट के लिए केवल बुकमार्क का इस्तेमाल करने की सलाह देता हूं।

इसके अलावा, कई यूजर्स ने इस डेवलपमेंट पर अपने विचार साझा किए। एक यूजर ने लिखा कि धन्यवाद, एलन! मैं कुछ भी लाइक कर सकता हूं और अब किसी के चेक करने की चिंता नहीं है। इस बीच, एक्स ने अपनी नए सर्विस टर्म में पहले ट्वीट का नाम बदलकर 'पोस्ट' और रीट्वीट का नाम 'रीपोस्ट' कर दिया है, जो 29 सितम्बर को प्रभावी होगा।

अन्य उल्लेखनीय परिवर्तनों में 'ट्विटर' शब्द को पूरी तरह से हटा दिया गया है और इसके जगह पर एक्स का प्रयोग किया गया है।

# 'आपातकालीन चेतावनी प्रणाली' का फिर परीक्षण

## सरकार ने कई लोगों को भेजा टेस्ट मैसेज

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कई स्मार्टफोन यूजर्स को एक टेस्ट मैसेज भेजकर अपनी 'आपातकालीन चेतावनी प्रणाली' का फिर से परीक्षण किया। देश भर के यूजर्स के फोन पर 'आपातकालीन चेतावनी गंभीर' शब्दों के साथ एक तेज़ बीप और फ्लैश आया।

फ्लैश संदेश में लिखा था, 'यह भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से भेजा गया एक सैंपल टेस्टिंग मैसेज है। कृपया इस संदेश को अनदेखा करें क्योंकि आपकी ओर से कुछ भी करने की आवश्यकता नहीं है। यह संदेश राष्ट्रव्यापी इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम के परीक्षण के लिए भेजा गया है जिसे राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाना और आपात स्थिति के दौरान समय पर अलर्ट प्रदान करना है। इसे दोपहर के आसपास दूरसंचार विभाग द्वारा सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम के माध्यम से सभी एंड्रॉइड फोन पर भेजा गया। कई लोगों ने एक से ज्यादा बार संदेश आने की बात कही। अपने स्मार्टफ़ोन पर अलर्ट प्राप्त करने के बाद, कई यूजरों ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी राय साझा की। एक यूजर ने लिखा कि अभी मेरे फोन पर आपातकालीन अलर्ट प्राप्त हुआ। यह एक बेहतरीन तकनीक है, आशा है कि वे इसे भूकंप के साथ एकीकृत कर सकते हैं।

एक अन्य उपयोगकर्ता ने कहा कि आपमें से कितने लोगों को यह अलर्ट मिला है? इस संदेश के साथ एक बीप बीप ध्वनि! क्या यह वास्तव में भारत सरकार द्वारा आपातकालीन चेतावनी के लिए की गई एक पहल है या कुछ और? सेल ब्रॉडकास्टिंग सिस्टम ने बताया कि मोबाइल ऑपरेटरों और सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम की आपातकालीन चेतावनी प्रसारण क्षमताओं की दक्षता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नियमित आधार पर ऐसे परीक्षण आयोजित किए जाएंगे। सरकार भूकंप, सुनामी और आकस्मिक बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयारियों में सुधार के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ काम कर रही है। देश भर के फ़ोन यूजर्स को जुलाई और अगस्त में इसी तरह के परीक्षण अलर्ट प्राप्त हुए थे।

# हेड कांस्टेबल ने चलती ट्रेन में लटकी महिला की बचाई जान



**देहरादून/काठगोदाम,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। ट्रेन लखनऊ एक्सप्रेस काठगोदाम से 14 सितम्बर को अपने गंतव्य के लिए समय 11.15 बजे रवाना हुई जिसमें अपने परिजनों को रेलगाडी तक छोड़ने आई महिला नीचे उतरने के दौरान पैर फिसलने के कारण चलती ट्रेन में नीचे की ओर लटक गई।

वह प्लेटफार्म पर रगड़ते हुए लटकी हुई जा रही थी। इसी दौरान रेलवे प्लेटफार्म ड्यूटी पर नियुक्त हेड कांस्टेबल जीआरपी अनिल कुमार ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तुरन्त महिला का हाथ पड़कर चलती ट्रेन से सुरक्षित बाहर खींच लिया और महिला की जान बचा ली। उत्तराखण्ड पुलिस के जांबाज अनिल के इस साहस एवं त्वरित निर्णय की हर ओर सराहना हो रही है।

# फिक्की होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस 2023 में आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग के भविष्य पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने दिल्ली स्थित फिक्की हाउस में विवेकानंद इंटरनेशनल फाउंडेशन (VIF) के सहयोग से फिक्की होमलैंड सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस 2023 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम ने गहन चर्चा व आंतरिक सुरक्षा और पुलिसिंग रणनीतियों में अत्याधुनिक प्रगति की खोज के लिए एक अमूल्य मंच प्रदान किया।




कॉन्फ्रेंस का मुख्य आकर्षण प्रतिष्ठित फिक्की स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड्स की प्रस्तुति थी। ये पुरस्कार होमलैंड सिक्योरिटी और पुलिसिंग के क्षेत्र में राज्य पुलिस विभागों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और केंद्रीय पुलिस संगठनों (सीपीओ) के उल्लेखनीय योगदान के लिए दिए गए। ये पुरस्कार हमारे देश की सुरक्षा में इन संगठनों के समर्पण और इनोवेशन को मान्यता दिलाने के लिए दिए गए।

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के पूर्व महानिदेशक एवं उत्तर प्रदेश और असम के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रकाश सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ते डिजिटलीकरण से साइबर जोखिम बढ़ गया है। उन्होंने विशेषकर आंतरिक सुरक्षा अनुप्रयोगों में एआई से जुड़ी संभावनाओं और जोखिमों पर प्रकाश डाला।


श्रीमती मंजरी जरुहर, फिक्की कमेटी ऑन प्राइवेट सिक्योरिटी इंडस्ट्री सलाहकार और पूर्व विशेष महानिदेशक सीआईएसएफ, भारत सरकार ने 'स्माइल' और 'मुस्कान' पहल में राज्य पुलिस विभागों के प्रयासों की सराहना की, जिसका सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उन्होंने जी-20 कार्यक्रम के प्रभावी प्रबंधन के लिए दिल्ली पुलिस की भी सराहना की।

# नार्वे में डुओ अवॉर्ड से सम्मानित हुए मधुर भंडारकर



**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार मधुर भंडारकर को नार्वे में डुओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मधुर भंडारकर को सिनेमा में उनके योगदान के लिए नॉर्वे में सम्मानित किया गया है। मधुर भंडारकर को उनकी फिल्म बबली बाउंसर और इंडिया लॉकडाउन के लिए यह सम्मान मिला है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में हुए फिल्म फेस्टिवल में मधुर भंडारकर को डुओ अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मधुर भंडारकर ने कहा कि मेरी दोनों फिल्में फेस्टिवल में दिखाई गयीं। अवॉर्ड भी मिला। इस अवॉर्ड को मैं पूरी टीम को मैं समर्पित करता हूं। विदेशों में हमारी इंडियन फिल्मों के कद में लगातार इजाफा हो रहा है। ओस्लो में एशिया के कई मुल्कों के लोग मिले। खुशी हुई कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और मिडिल ईस्ट के लोगों में इंडियन फिल्मों को लेकर अलग क्रेज है।

# 86 साल बाद इतिहास के पन्नों में गुम हो जाएंगी मुंबई की प्रसिद्ध डबल-डेकर बसें



**मुंबई,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। मुंबई में कई मार्गों पर 86 साल तक राज करने के बाद प्रतिष्ठित गैर-वातानुकूलित डबल-डेकर बेस्ट बसें आधिकारिक तौर पर शुक्रवार रात सेवा से 'रिटायर' हो जाएंगी। अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण मुंबई में कुछ मार्गों पर चलने वाली पांच ऐसी बसें भी शनिवार से सड़कों पर नहीं दिखेंगी। इसके बाद कुछ ओपन-डेक डबल-डेकर पर्यटक बसों को भी 5 अक्टूबर को बंद कर दिया जायेगा। हालांकि, बेस्ट ने 2022 में 16 वातानुकूलित, इलेक्ट्रिक डबल-डेकर बसें उतारी थीं जिनका अनावरण केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने किया था। अगले चरण में 18 और एसी डबल-डेकर बसें शामिल होंगी।

इन 18 में से 10 बसों को दक्षिण मुंबई में तैनात किया जाएगा और बाकी उपनगरों में सेवा देंगी। वर्तमान में बेस्ट के बेड़े में तीन हजार से अधिक सिंगल-डेकर बसें हैं जिनमें रोजाना औसतन 30 लाख से अधिक लोग यात्रा करते हैं। इन्हें मुंबई की विश्वसनीय, हर मौसम में चलने वाली जीवन-रेखा माना जाता है।

जुलाई 1926 में शहर में बेस्ट बस सेवा शुरू होने के 11 साल बाद 1937 में यहां पहली बार नॉन-एसी डबल-डेकर बसों की शुरुआत की गई थी।

दूर से ही दिख जाने वाली इन बसों में लंबी दूरी के यात्री ऊपर की मंजिल पर यात्रा करना पसंद करते थे जबकि कम दूरी की यात्रा करने वाले नीचे के डेक पर ही बैठना पसंद करते थे।

किशोर और बच्चे ऊपरी डेक की ओर भागते थे, और आगे की पंक्ति की दो सीटों के लिए वस्तुतः हाथापाई हो जाती थी क्योंकि वहां से मुंबई के दर्शनीय स्थलों को ऊंचाई से बिना बाधा देखा जा सकता था। साथ ही ऊपरी डेक पर हर मौसम में अच्छी हवा मिलती थी, हालांकि मानसून के समय खिड़की बंद करनी पड़ती थी।

किसी समय शहर भर में 240 से अधिक डबल-डेकर बसें चलती थीं। धीरे-धीरे 2010 में उनकी संख्या घटकर 122 और 2019 तक केवल 48 रह गईं। आखिरी पांच बसें भी अब इतिहास बनने जा रही हैं।

# अंग्रेजों के खिलाफ लोगों को एकजुट करने का साधन था दधिकांदो मेला

**प्रयागराज,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 16 -29 सितम्बर के बीच होने जा रहे दधिकांदो मेले का बड़ा ऐतिहासिक महत्व है। यह मेला हिंदुस्तानी क्रांतिकारियों ने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने के लिए 1890 में अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में शुरू किया था। धार्मिक दिखने वाले इस मेला आयोजन से क्रांतिकारियों ने इलाहाबाद में अंग्रेजी हुकूमत से बगावत की शुरुआत की थी। इस मेले को अंग्रेजी हुकूमत के विरोध में आम जनमानस को एकजुट करने के लिए शुरू किया गया था। देश में ब्रितानी शासकों द्वारा लगातार क्रांतिकारियों का दमन किया जा रहा था। क्रांतिकारी अखबारों और सभाओं पर रोक थी। क्रांतिकारी गुपचुप कहीं बैठक करते थे तो फिरंगी उन्हें प्रताड़ित कर जेल में डाल देते थे। ब्रितानी शासकों के क्रूर कार्रवाई से कोई भी जनमानस घर के बाहर निकलने से डरता था। बात उस उस समय की है जब इलाहाबाद के कैंट इलाके में अंग्रेजो द्वारा हिन्दुस्तानियो के किसी प्रकार के उत्सव पर प्रतिबन्ध था। तब सन् 1890 में इलाहबाद में इस मेले की नींव रखने के लिए क्रांतिकारियों की बैठक हुई थी। प्रयाग के तीर्थ पुरोहित रामकैलाश पाठक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विजय चंद्र, सुमित्रादेवी ने इसकी रूपरेखा तैयार की थी।

**150 साल पहले शुरू हुआ था मेला**

लोग क्रांति के नाम पर उस समय बमुश्किल ही एकत्रित होते लेकिन धार्मिक उत्सव के नाम पर उन्हें नजदीक लाया जा सकता था। समस्या थी कि अंग्रेज कही इस मेले को न होने दें तब क्या होगा। लेकिन मामला धर्म से जुड़ा था तो इतना तो साफ था कि अंग्रेज जबरन कोई कदम नहीं उठाएंगे। निर्णय हुआ कि अगर बहुत सारे लोग एकसाथ एक जगह एकत्रित हो तो उनमें आजादी की लड़ाई के लिए जोश भरा जा सकता है। अगर ज्यादा लोग एकत्रित हो तो तो उनमें संगठित होने की भी भावना घर करती है।



सलोरी दधिकांदो मेला समिति के अध्यक्ष राकेश शुक्ल ने बताया कि प्रयागराज में लगने वाला दधिकांदो मेला उसी का हिस्सा है। प्रयागराज में दधिकांदो मेले का आयोजन 16 सितम्बर से 29 सितम्बर तक होगा। इसकी शुरूआत सलोरी से हुई। इसे शुरू करने वाले क्रांतिकारी ब्रह्मचारी बाबा थे। बाबा ने 150 साल से पहले जब इस मेले को शुरू किया था तब संसाधनों का अभाव था। मेले में लोगों को एक साथ मिलने का अवसर मिलता था जिससे वे एक दूसरे से अपने क्रांतिकारी विचार आदान प्रदान कर सकते थे। अंग्रेजों के खिलाफ रणनीति भी तैयार की जाती थी। मेले से लोगों में जहां देश भक्ति की भावना पैदा होने लगी वहीं धीरे धीरे अंग्रेजों के खिलाफ मन में विद्रोह पनपने लगा। सलोरी मेला के अध्यक्ष राकेश शुक्ल ने बताया कि फिरंगियों ने लोगों में बढ़ते आक्रोश को देखते हुए 1922 से 1927 के बीच मेले पर रोक लगा दी। बावजूद इसके लोगों का कार्यक्रम जारी रहा। लोगों के भारी विरोध के बाद वर्ष 1928 में उन्हें मेले पर से रोक हटानी पड़ी। अंग्रेज चाहकर भी फिर मेले पर रोक नहीं लगा सके। उन्हे धार्मिक भावना पर रोक लगाने से विद्रोह भड़कने का डर था। फिरंगियों के पूर्ण कब्जे वाले कैंट क्षेत्र में आने वाले मुहल्लों सलोरी, तंलियरगंज, सुलेमसराय और कीडगंज में आज भी मेले का आयोजन किया जाता है। शुरूआती दौर में उचित संसाधन के अभाव में मशाल एवं लालटेन से रोशन की जाती थी। तब भगवान श्रीकृष्ण-बलदाऊ की सवारी को पुजारी भगवान की मूर्तियों को अपने सिर पर रख निकलते थे। पीछे-पीछे भक्तों का छोटा कारवां चलता था लेकिन समय के साथ अब इसमें बड़ा विस्तार हुआ और आज यह पूर्ण विस्तार तथा पूर्ण लाइटिंग के साथ होता है। मेले में राजसी वेशभूषा में सजे हाथी पर रखे चांदी के हौदे पर आसीन श्रीकृष्ण-बलदाऊ के दिव्य स्वरूप के दर्शन करने हजारों की भीड़ सड़कों पर रात में जुटती है।

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 2.37 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.23 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.66 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.57 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.51 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट | 1.32 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 1.26 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.80 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.69 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.49 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 58415 |
| बिटुर | 53723 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**चावल**

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## रुपया 11 पैसे लुढ़का



**मुंबई,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे लुढ़ककर 83.15 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.04 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरूआत में रुपया तीन पैसे की गिरावट लेकर 83.07 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली से 83.18 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 82.99 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा।

## भारत में इस साल त्योहारी महीने में 90 हजार करोड़ रुपये की ई-कॉमर्स बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली, 15 सितंबर (एजेंसियां)। लगभग 140 मिलियन खरीदारों के कारण, भारत में इस साल त्योहारी महीने में 90 हजार करोड़ रुपये का ऑनलाइन कारोबार की संभावना है, जो पिछले साल के त्योहारी महीने से 18-20 प्रतिशत अधिक है। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। मार्केट रिसर्च फर्म रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स त्योहारी सीज़न की बिक्री के 10वें वर्ष को चिह्नित करते हुए, उद्योग को पूरे वर्ष के लिए 5 लाख 25 हजार करोड़ रुपये का जीएमवी हासिल करने की उम्मीद है।



पिछले 10 वर्षों में, भारतीय ई-टेलिंग लगभग पूरी तरह से बदल गई है, क्योंकि समग्र ई-टेलिंग उद्योग का वार्षिक जीएमवी इस अवधि में लगभग 20 गुना बढ़ गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि खपत में हालिया मंदी और अर्थव्यवस्था पर लगभग 3 साल के बाहरी झटकों को देखते हुए इस साल 10वें त्योहारी सीजन की बिक्री अवधि और भी महत्वपूर्ण है। रेडसीर के पार्टनर मृगांक गुटगुटिया ने कहा, पिछली कई तिमाहियों में, हम इलेक्ट्रॉनिक्स से परे श्रेणियों में जीएमवी योगदान में वृद्धि देख रहे हैं। यह पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अच्छा है, क्योंकि यह उपभोक्ताओं की कई श्रेणियों को ऑनलाइन खरीदने की इच्छा दिखाता है और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिक ब्रांड आ रहे हैं।

गुटगुटिया ने कहा, इस प्रवृत्ति को जारी रखते हुए, हम इस त्योहारी अवधि में फैशन, सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल, घरेलू और सामान्य माल व अन्य जैसी गैर-इलेक्ट्रॉनिक्स श्रेणियों से जीएमवी योगदान में वृद्धि की उम्मीद करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, लगातार प्रीमियमाइजेशन के कारण औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) बढ़ रहा है, और बढ़ते विज्ञापन और प्रचार राजस्व संभवत: इस साल के त्योहारी सीजन को मार्जिन के नजरिए से सबसे कुशल बना देंगे। डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डी2सी) ब्रांड व्यापक ई-टेलिंग बाजार की तुलना में 1.6 गुना तेजी से बढ़ने की संभावना है। शहर-स्तरीय विकास के मामले में, पिछली कुछ तिमाहियों में महानगर टियर 1 और 2 की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, हमें इस त्योहारी सीजन में सभी शहरों में मजबूत वृद्धि की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, बिक्री अवधि के दौरान कई उपयोग-मामलों में जेनेरिक एआई जैसे नए युग के प्रौद्योगिकी समाधानों को अधिक व्यापक रूप से अपनाया जा रहा है, इससे बेहतर और नवीन उपभोक्ता अनुभव प्राप्त होंगे और मजबूत विकास गति को बढ़ावा मिलेगा।

## टाइम की वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में इंफोसिस शामिल, टॉप-100 में एकमात्र भारतीय कंपनी

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (आईएएनएस)। आईटी की दिग्गज कंपनी इंफोसिस टाइम मैगजीन की वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की सूची में टॉप-100 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय कंपनी है। बेंगलुरु बेस्ड इंफोसिस कंपनी को टॉप 100 की सूची में 64वां स्थान दिया गया है। इंफोसिस ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट शेयर कर लिखा, इंफोसिस को टाइम वर्ल्ड की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों 2023 की सूची में शामिल किया गया है।




हम टॉप-3 ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विसेस फर्म में से एक हैं और टॉप-100 ग्लोबल रैंकिंग में भारत से एकमात्र ब्रांड हैं। टाइम और स्टेटिस्टा द्वारा तैयार की गई वर्ल्ड बेस्ट कंपनीज 2023 की लिस्ट में टॉप 4 कंपनियों में माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, अल्फाबेट ( गूगल की पैतृक कंपनी है) और मेटा प्लेटफॉर्म्स जैसी तकनीकी कंपनियां शामिल हैं।

सूची में अन्य टॉप कंपनियां एक्सेंचर, फाइजर, अमेरिकन एक्सप्रेस, बीएमडब्ल्यू ग्रुप, डेल टेक्नोलॉजीज, लुइस वुइटन, डेल्टा एयरलाइंस, स्टारबक्स, फॉक्सवैगन ग्रुप, जनरल मोटर्स, फोर्ड और अन्य हैं। यह रैंकिंग राजस्व वृद्धि, कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण और कठोर पर्यावरण, सामाजिक और कॉरपोरेट प्रशासन (ईएसजी, या स्थिरता) के आधार पर की गई है। बिग टेक के लिए यह वर्ष कठिन रहा, जनवरी से अब तक हजारों कर्मचारियों की छंटनी हुई है।

टाइम ने बताया कि वैश्विक रैंकिंग में टॉप कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने सबसे हालिया फाइनेंशियल ईयर में 72 बिलियन डॉलर कमाए, जो 2020 से 63 प्रतिशत की ग्रोथ है, जबकि कंपनी के ओवरऑल एमिशन में 0.5 प्रतिशत की कमी आई है।

## पंजाब सीएम ने केंद्र से बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने की मांग की

**लुधियाना,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध, किसानों के हितों के खिलाफ है। सीएम ने इस मनमाने फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग की। मुख्यमंत्री ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय (पीएयू) में आयोजित किसान मेले के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, यह विसंगत फैसला किसानों के साथ व्यापारियों की आर्थिक स्थिति को भी काफी नुकसान पहुंचाएगा। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने बासमती का न्यूनतम निर्यात मूल्य 1,200 रुपये प्रति टन तय किया है, जिससे फसल की घरेलू कीमत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। केंद्र सरकार को किसानों के हितों की रक्षा के लिए सभी प्रतिबंध हटाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कड़ी मेहनत करने वाले किसान पहले ही कृषि लागतों की बढ़ती कीमत और कम एमएसपी के कारण चौराहे पर हैं। पंजाब देश में सबसे ज्यादा बासमती चावल पैदा करता है। केंद्र के फैसले से किसानों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। एक तरफ राज्य सरकार किसानों को मूंग, बासमती और अन्य वैकल्पिक फसलों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करके फसल विविधीकरण के लिए ठोस प्रयास कर रही है, दूसरी तरफ केंद्र सरकार के ऐसे कदमों से उसे बड़ा झटका लग रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय किसान और राज्य विरोधी है। राज्य सरकार इस कदम का विरोध करेगी। इन प्रतिबंधों के मद्देनजर सरकार बासमती की फसल केरल, पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों को बेचने पर विचार कर रही है।

## 'भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करें ओटीटी आपरेटर'

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। सेल्युलर मोबाइल नेटवर्क आपरेटर कंपनियों के मंच सीओएआई ने गुरुवार को कहा कि भारत में ऐसे समय जबकि टेलीकॉम कंपनियां नेटवर्क और सेवा को अंतिम छोर तक पहुंचाने के कनेक्शन की तैनाती के लिए बड़े पैमाने पर निवेश का बोझ उठा रही हैं, उनके कंधे पर बैठक कर इंटरनेट आधारित सेवाएं देकर कमाई कर रहे ओवर-दी-टाप (ओटीटी) आपरेटर नेटवर्क खर्चों में कोई योगदान नहीं कर रहे हैं! सीओएआई ओटीटी प्लेटफर्मों (व्हाट्ऐप, फेसबुक, एक्स आदि) के कारोबार और दायित्व से जुड़े इस विषय को इससे पहले भी कई बार उठा चुका है। सीओएआई का कहना है कि वैश्विक ओटीटी आपरेटरों की विज्ञापन तथा ग्राहक से होने वाली कमाई का एक बड़ा हिस्सा भारत से हो रहा है, उन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था में योगदान करना चाहिए।




सीओएआई के महानिदेशक ले. जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ एस पी कोचर ने गुरुवार को यहां मीडिया के साथ एक ऑनलाइन चर्चा में कहा कि वैश्विक इंटरनेट ट्रैफ़िक का करीब 81 प्रतिशत ट्रैफिक एलटीजी (तीव्र इंटरनेट प्रौद्योगिकी नेटवर्क) के ओटीटी प्लेटफार्म उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन एलटीटी ओटी इनका स्वामित्व बड़े पैमाने पर कमाई करने वाली बड़ी वैश्विक कंपनियां हैं जो उपभोक्ताओं और विज्ञापनदाताओं से मोटी कमाई कर रही हैं। सीओएआई महानिदेशक ने कहा, भारत में कमाया उनका राजस्व भारतीय अर्थव्यवस्था के किसी काम नहीं आ रही है, क्योंकि यह उनके मूल देश में पास चला जाता है।

सीओएआई का मानना है कि इन ओटीटी प्लेटफार्म को इस भारतीय बाजार में योगदान करने की जरूरत है।


ले.जनरल कोचर ने कहा, भारत में यहां तक की ग्रामीण इलाकों में भी जहां कि दूससंचार सेवा प्रदाताओं के लिए नेटवर्क फैलाने का कोई व्यावहारिक व्यावसायिक लाभ नहीं है, वहां भी ओटीटी प्लेटफार्मों के कारण डाटा सेवाओं और तेज इंटनेट की मांग बढ़ गयी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से नेटवर्क कंपनियों की प्रति व्यक्ति औसत मासिक आय इतनी कम है कि उससे वहां नेटवर्क विस्तार का कोई अर्थिक औचित्य नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ दरें दुनिया में सबसे कम बनी हुई हैं । सीओएआई के महानिदेशक ने कहा कि दूरसंचार नेटवर्क सेवा क्षेत्र डिजिटल इंडिया की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है।

## दूरसंचार, ऑटो, आईटी व टेक समूहों में लिवाली से बाजार गुलजार

**मुंबई** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दुनिया के सबसे बड़े केंद्रीय बैंक के दरों में वृद्धि के लंबे चक्र को समाप्त करने के करीब पहुंचने के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर सीडी, वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत दस समूहों में हुई लिवाली से शेयर बाजार में आज ग्यारहवें दिन भी तेजी रही। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.63 अंक की छलांग लगाकर 67838.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 89.25 अंक की तेजी लेकर 20192.35 अंक पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.09 प्रतिशत की बढ़त लेकर 32,505.37 अंक और स्मॉलकैप 0.27 प्रतिशत चढ़कर 37,828.56 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3786 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1932 में लिवाली जबकि 1701 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 32 कंपनियां हरे जबकि 18 लाल निशान पर रही।

बीएसई के दस समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान दूरसंचार 1.67, ऑटो 1.48, सीडी 0.61, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.37, इंडस्ट्रियल्स 0.12, आईटी 0.76, बैंकिंग 0.42, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.41 और टेक समूह के शेयर 1.07 प्रतिशत मजबूत रहे। विदेशी बाजारों का रुख सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 1.10 और हांगकांग के हैंगसेंग में 0.75 प्रतिशत की मजबूती रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट 0.28 प्रतिशत उतर गया।




कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी लेकर 67,659.91 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 67,614.42 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं लिवाली की बदौलत यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,927.23 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 67,519.00 अंक के मुकाबले 0.47 प्रतिशत उछलकर 67,838.63 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 53 अंक बढ़कर 20,156.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,129.70 अंक के निचले जबकि 20,222.45 अंक के ऊंचे स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,103.10 अंक की तुलना में 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,192.35 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 20 कंपनियों में से भारती एयरटेल ने सबसे अधिक 2.37 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.23, एचसीएल टेक 1.66, टाटा मोटर्स 1.57, टेक महिंद्रा 1.51, एचडीएफसी बैंक 1.24, टीसीएस 1.14, विप्रो 1.07, एक्सिस बैंक 0.60, नेस्ले इंडिया 0.59, सन फार्मा 0.53, आईसीआईसीआई बैंक 0.51, अल्ट्रासिमको 0.42, इंफोसिस 0.37, रिलायंस 0.37, मारुति 0.37, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.30, टाटा स्टील 0.30, एसबीआई 0.20 और बजाज फाइनेंस के शेयर 0.05 प्रतिशत मजबूत रहे।

वहीं, एशियन पेंट 1.32, हिंदुस्तान यूनीलीवर 1.26, बजाज फिनसर्व 0.80, एनटीपीसी 0.69, इंडसइंड बैंक 0.49, पावरग्रिड 0.46, कोटक बैंक 0.40, टाइटन 0.38, आईटीसी 0.34 और एलटी के शेयरों ने 0.27 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## स्पाइसजेट ने क्रेडिट सुइस को किया 1.5 मिलियन डॉलर का किया भुगतान

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। स्पाइसजेट ने शुक्रवार को कहा कि उसने क्रेडिट सुइस को 1.5 मिलियन डॉलर ट्रांसफर करके सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का अनुपालन किया है। एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा, स्पाइसजेट लिमिटेड ने क्रेडिट सुइस को 1.5 मिलियन डॉलर भेजकर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन किया है। भुगतान गुरुवार को किया गया। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने वैश्विक निवेश बैंक और वित्तीय सेवा फर्म को बकाया भुगतान करने में चूक के लिए स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह को कड़ी चेतावनी जारी की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बजट एयरलाइन को डिफ़ॉल्ट राशि में से अतिरिक्त 1 मिलियन डॉलर के साथ 15 सितंबर तक पांच लाख डॉलर की मासिक किस्त जमा करने का आदेश दिया था। पिछले साल, स्पाइसजेट द्वारा क्रेडिट सुइस को हर महीने पांच लाख डॉलर का भुगतान करने का वादा करने के बाद शीर्ष अदालत ने एयरलाइंस को परिसमापन से वापस ले लिया था। पिछले साल मई में दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते के अनुसार, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने समर्थन दिया था, स्पाइसजेट को प्रत्येक महीने की 15 तारीख तक पांच लाख डॉलर की राशि का भुगतान करना होगा।

**सार संक्षेप**

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.99 अरब डॉलर घटकर 593.9 अरब डॉलर पर आ गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 4.04 अरब डॉलर बढ़कर 598.9 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 08 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.3 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 526.4 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 55.4 करोड़ डॉलर कम होकर 44.4 अरब डॉलर पर आग गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 13.4 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.1 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 3.9 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर पर आ गई।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर अमेरिकी क्रूड 0.32 प्रतिशत उबलकर 90.45 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 93.94 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

### वैट कटौती की मांग को लेकर राजस्थान में पेट्रोल पंप अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**जयपुर।** पेट्रोल और डीजल पर वैट कम करने की मांग को लेकर पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के साथ राजस्थान में पेट्रोल पंपों ने शुक्रवार सुबह से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। डीलरों ने एक बयान में कहा, शुक्रवार से आउटलेट पूरी तरह से बंद हो जाएंगे। वे न तो खुदरा बिक्री करेंगे न ही डिपो से ईंधन खरीदेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को केंद्र पर ईंधन पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दरें बढ़ाना केंद्र सरकार पर निर्भर है, इससे पता चलता है कि राज्य सरकार का उन करों को कम करने का कोई इरादा नहीं है, जो राज्य में दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा हैं।

## सोया रिफाइंड व वनस्पति तेल सस्ता

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में आई तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के दाम 1000 रुपये से अधिक गिर गये।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा 30 रिंगिट बढ़कर 3690 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट की बढ़त के साथ 61.76 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सोया रिफाइंड 220 रुपये और वनस्पति तेल 1081 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 8150-8250, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान बाजार में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज, तेजी से बिक रहे प्रीमियम फोन

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय तकनीकी उपभोक्ता सामान (टीसीजी) बाजार में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में इस साल की पहली छमाही में मूल्य में 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जर्मन मार्केट रिसर्च कंपनी जीएफके की रिपोर्ट में कहा गया है कि टेलीकॉम (स्मार्टफोन / मोबाइल) सेगमेंट में वॉल्यूम में मामूली 4 फीसदी की कमी आई है, लेकिन कुल मूल्य में 12 फीसदी की बढ़ोतरी से इसकी भरपाई हो गई।

2022 की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान कई क्षेत्रों में मात्रा और मूल्य में महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई। जीएफके, टीसीजी-इंडिया के बाजार विशेषज्ञ सौम्या चटर्जी ने कहा, यह पर्याप्त वृद्धि बदलती गतिशीलता के सामने भारतीय उपभोक्ता बाजार के लचीलेपन और अनुकूलन क्षमता को उजागर करती है। इस बीच उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स (सीई) क्षेत्र, यानी ऑडियो-वीडियो कैटेगिरीज में वॉल्यूम में 13 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो एक मजबूत बाजार उपस्थिति को दर्शाता है। स्मार्टफोन सेगमेंट में वॉल्यूम में 3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जिसके चलते मूल्य में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई।



डेटा से सबसे महत्वपूर्ण टिप्पणियों में से एक पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2023 की पहली छमाही के दौरान प्रीमियम स्मार्टफोन (30,000 रुपये से ऊपर की कीमत) में तेजी से वृद्धि है। प्रीमियम स्मार्टफोन की बिक्री की मात्रा में 50 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, साथ ही मूल्य में 54 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उपभोक्ता प्राथमिकताओं में बदलाव एडवांस फीचर्स, इनोवेटिव टेक्नोलॉजी और बेहतर स्मार्टफोन एक्सपीरियंस की मांग को रेखांकित करता है। भारतीय उपभोक्ताओं के बीच एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति अधिक गहन मनोरंजन अनुभव की बढ़ती इच्छा है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में, ऑडियो होम सिस्टम की मात्रा में 21 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, साथ ही मूल्य में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो एक मजबूत बाजार उपस्थिति को उजागर करता है। रिपोर्ट में उल्लेख है कि पीटीवी/एफएलएटी टेलीविजन ने 13 प्रतिशत वॉल्यूम वृद्धि के साथ विकास प्रक्षेपवक्र प्रदर्शित किया, जबकि मूल्य वृद्धि 2 प्रतिशत पर मामूली रही। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र में, डेस्कटॉप कंप्यूटिंग सेगमेंट ने स्थिर वृद्धि बनाए रखी, वॉल्यूम में 7 प्रतिशत की वृद्धि और मूल्य में 9 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की, जो इसकी लगातार बाजार स्थिति को दर्शाता है।

# खेल जगत

## ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टुअर्ट मैकगिल ड्रग डील में बुरे फंसे

**सिडनी,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई स्टार स्पिनर स्टुअर्ट मैकगिल पर पहले कथित अपहरण की पुलिस जांच के बाद बड़े पैमाने पर कोकीन आपूर्ति में उनकी कथित भूमिका का आरोप लगाया गया है। एबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस ने 52 वर्षीय मैकगिल को मंगलवार रात चैट्सवुड पुलिस स्टेशन से गिरफ्तार किया और उस पर ड्रग डील में शामिल होने का आरोप लगाया। मैकगिल की जांच अप्रैल 2021 में शुरू हुई जब कथित तौर पर उन्हें किडनैप किया गया था। मैकगिल ने अप्रैल 2021 में एक शिकायत दर्ज करने के बाद सुर्खियां बटोरीं, जिसमें उन्होंने पुलिस को बताया कि उनका अपहरण किया गया। इस क्रिकेटर ने खुलासा किया था कि उन्हें अज्ञात लोगों ने गाड़ी में बैठाया और जमकर पीटा। कथित अपहरण का आरोप उसके तत्कालीन साथी के भाई सहित छह लोगों पर लगाया गया है, जो अप्रैल 2021 में सिडनी के निचले उत्तरी तट पर हुआ था।



# बांग्लादेश ने भारत को जीत के लिए दिया 266 का लक्ष्य



## पांच बदलाव के साथ बांग्लादेश के खिलाफ उतरा भारत

एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में भारत ने शुक्रवार को टॉस जीत कर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। भारत एशिया कप के फाइनल में पहले ही पहुंच चुका है। 17 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में चुस्त दुरुस्त रहने के लिये विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या को आराम दिया गया है। बांग्लादेशी टीम से भी एक डेब्यू है। तंज़ीब शाकिब को अंतिम एकादश में जगह मिली है। भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर आज का भी मुक़ाबला नहीं खेल रहे हैं। बीसीसीआई ने एक प्रेस रिलीज़ जारी कर कहा है कि वह पहले से बेहतर हो रहे हैं लेकिन मैच के लिए अभी भी पूरी तरह से फ़िट नहीं हैं।

**कोलंबो** 15 सितंबर (एजेंसियां)। एशिया कप में सुपर फोर चरण के आखिरी मैच में कोलम्बो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में बंगलादेश ने भारत को जीत के लिए 266 लक्ष्य दिया है। इससे पहले भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेशी टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रन बनाए।

भारतीय टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय है। भारत ने इस मुकाबले के लिये टीम में पांच बदलाव किये हैं। तिलक वर्मा की इस मुकाबले के जरिये एक दिवसीय मैच में पदार्पण हुआ है, उनके अलावा सूर्य कुमार यादव, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और प्रसिद्ध कृष्णा टीम में आए हैं। टीम इंडिया 17 सितंबर को इसी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले फाइनल से पहले बंगलादेश के साथ मैच को तैयारी के तौर पर देखेगी।

बंगलादेश ने एक समय 10 ओवर के बाद तीन विकेट गंवाकर 44 रन बनाए थे, लेकिन बाद में महेंदी हसर मिराज और शाकिब हसन ने पारी को संभाला। दसवें ओवर में शार्दुल ठाकुर की तीसरी गेंद पर मिड विकेट पर खड़े तिलक ने मेहदी हसन मिराज का आसान कैच छोड़ दिया। इसके बाद आखिरी गेंद पर सूर्यकुमार यादव ने भी मेहदी का कैच छोड़ा। 14वें ओवर में 59 के स्कोर पर बंगलादेश को चौथा झटका लगा। अक्षर पटेल ने मेहदी हसन मिराज को रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। मिराज ने 23 गेदों पर 13 रन ही बनाए। इसके बाद मिडिल ऑर्डर ने टीम को संभाला और बंगलादेश का पांचवां विकेट 161 रन पर शाकिब के रूप में गिरा। शाकिब शतक बनाने से चूक गये। शाकिब ने 85 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के की मदद से 80 रन की पारी खेली। शाकिब ने तौहिद ह्रदोय के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 101 रन की साझेदारी निभाई।

इसके ठीक अगले ओवर (35वें) में रवींद्र जडेजा ने शमीम हुसैन को पगबाधा आउट किया। वह एक रन बना सके। इस विकेट के साथ वनडे में जडेजा के 200 विकेट पूरे हो गए हैं। वह इस मुकाम को हासिल करने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले अनिल कुंबले (337), जवागल श्रीनाथ (315), अजीत अगरकर (288), जहीर खान (282), हरभजन सिंह (269) और कपिल देव (253) ऐसा कर चुके हैं।

बंगलादेश की टीम में सबसे ज्यादा 80 रन का योगदान कप्तान शाकिब अल हसन ने दिया। उसके बाद तौहिद ह्रदोय ने 54, नसुम अहमद ने 44 और महेदी हसन ने 29 रन बनाए।

भारत के लिए शार्दुल ठाकुर ने तीन और मोहम्मद शमी ने दो विकेट लिए। प्रसिद्ध, अक्षर और जडेजा के खाते में एक-एक विकेट आया।

# इंग्लैंड की नट साइवर-ब्रंट ने अपने 100वें वनडे में रिकॉर्ड शतक लगाया



**लीसेस्टर,** 15 सितम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट ने गुरुवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में 31 ओवर के बारिश से प्रभावित मैच में सिर्फ 74 गेंदों में 120 रनों की शानदार पारी खेली। साइवर-ब्रंट की शानदार पारी और माइया बाउचियर की 65 गेंदों में 95 रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिलाएं 50 ओवरों में 272/8 के विशाल स्कोर तक पहुंच सकीं। श्रीलंका इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा।

आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिंग में नंबर 1 रैंक की बल्लेबाज और ऑलराउंडर साइवर-ब्रंट गुरुवार को शीर्ष फॉर्म में थीं और उन्होंने अपने 100वें वनडे में शानदार शतक की राह पर कुछ आक्रामक स्ट्रोक लगाए। लगातार बारिश के कारण, लीसेस्टर में टॉस में देरी हुई, लेकिन जब बारिश कम हुई, तो श्रीलंका ने इंग्लैंड को बल्लेबाजी के लिए बुलाया और पहले पांच ओवरों के अंदर उन्हें 18/2 पर रोक दिया।

साइवर-ब्रंट माइया बाउचियर के साथ आयी और दोनों ने तेजी से आगे बढ़ते हुए शुरुआती झटके के बावजूद टीम को 10 ओवर में 72/2 पर पहुंचा दिया। मंच अच्छी तरह से सेट होने और कार्ड पर एक छोटी पारी के साथ, साइवर-ब्रंट और बाउचियर ने गति को और अधिक बढ़ाया। बाउचियर ने साइवर-ब्रंट को पीछे छोड़ते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया, इसके लिए उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों का सामना किया।

इसके बाद साइवर-ब्रंट ने 15वें ओवर में चौके की हैट्रिक ली। 193 रनों की साझेदारी केवल 20 ओवरों में ही पूरी हो गई और तभी टूटी जब बाउचियर को कविशा दिलहारी ने सामने फंसा लिया। तब तक, साइवर-ब्रंट ने 66 गेंदों पर अपना शतक पूरा कर लिया था, जिससे यह इंग्लैंड की किसी महिला खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज वनडे शतक बन गया। हालाँकि, विकेट से इंग्लैंड की ऑलराउंडर पर कोई असर नहीं पड़ा और उन्होंने एक ही ओवर में लगातार तीन चौके मारे। वह अगले ओवर में 120 रन के शानदार स्कोर पर आउट हो गईं, लेकिन वह पहले ही इंग्लैंड को विशाल स्कोर देने के लिए काफी कुछ कर चुकी थीं। श्रीलंका की टीम इसके जवाब में 24.5 ओवर में 112 रन पर सिमट गयी और उसे 161 रन से हार का सामना करना पड़ा। चार्लोट डीन ने 31 रन पर पांच विकेट लिए और इंग्लैंड की सबसे सफल गेंदबाज रहीं। इंग्लैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से जीती।

**संक्षिप्त स्कोर : इंग्लैंड-महिला** : 50 ओवर में 273/8 (नैट साइवर-ब्रंट 120, माइया बाउचर 95; कविशा दिलहारी 3-42), **श्रीलंका महिला :** 112 (24.5) इंग्लैंड ने 161 रनों से मैच जीता ।

## सीरी ए सीज़न के पहले मिलान डर्बी में इंटर का एसी से मुकाबला; लाज़ियो का सामना जुवेंटस से होगा

**मिलान (इटली),** 15 सितंबर (एजेंसियां)। इटालियन सीरी ए सीजन के पहले मिलान डर्बी के साथ एक्शन में आएगी, जिसमें शीर्ष दो टीमें और क्रॉस-टाउन प्रतिद्वंद्वी- इंटर और एसी शुरुआती जीत की तलाश में भिड़ेंगी।। प्रतिष्ठित मिलान डर्बी एक शानदार मैच का गवाह बनेगा जब इंटर और एसी मिलान शनिवार को टेबल के शीर्ष सीरी ए मुकाबले में आमने-सामने होंगे। दोनों टीमों ने सीजन के अपने पहले तीन मैचों में तीन जीत दर्ज की हैं। दिग्गज क्लबों के बीच आखिरी मुकाबला यूईएफए चैंपियंस लीग सेमीफाइनल में हुआ था, जहां इंटर ने पहला चरण 2-0 से और दूसरा चरण 1-0 से जीतकर इस साल की शुरुआत में फाइनल में प्रवेश किया था। इंटर ने फरवरी में 1-0 से विजेता बनकर अपना आखिरी सीरी ए मैच भी जीता था। दोनों टीमें पिछले सीजन में सीरी ए खिताब पर कब्ज़ा करने में नाकाम रहीं और मौजूदा चैंपियन नेपोली को हराने की कोशिश करेंगी। उनकी नजरें दिन की शुरुआत में होने वाले मुकाबले पर भी होंगी क्योंकि पिछले सीज़न के उपविजेता लाजियो का मुकाबला जुवेंटस से होगा, जो इस समय तालिका में तीसरे स्थान पर है। मिलान की दोनों टीमें शुरुआती दौर में उच्चतम स्कोरिंग टीमों के रूप में बराबरी पर हैं, उनके पहले तीन मुकाबलों में प्रति मैच औसतन 2.7 गोल हैं। पिछले पांच आमने-सामने के मुकाबलों में इंटर मिलान 4-1 से आगे है। दिन के तीसरे मैच में नेपोली जेनोआ की यात्रा करेगा, इस उम्मीद में कि वह सीज़न की शुरुआत में पूरे अंक हासिल करेगा और सीज़न में बाद में खिताब के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेगा। इस सप्ताह के अंत में मिलान डर्बी सहित बहुप्रतीक्षित सीरी ए क्लैश का एक्शन जियोसिनेमा और स्पोर्ट्स 18 - 1 पर लाइव और एक्सक्लूसिव रूप से उपलब्ध होगा।

# नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति पर बाबर ने कहा, अभी हम अपना प्लान बी नहीं बता सकते

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने भारत में अगले महीने शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए महत्वपूर्ण तेज गेंदबाज नसीम शाह और हारिस रऊफ की फिटनेस स्थिति के बारे में कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया है। एशिया कप में भारत के खिलाफ पाकिस्तान के सुपर फोर मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जोड़ी को मामूली चोटें आईं और गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट से हार (डीएलएस) झेलने के बाद जब टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वे किनारे पर बैठे थे।



ज़मान खान और शाहनवाज़ दहानी उस मैच के दौरान घायल जोड़ी के लिए आगे आए, और अगर नसीम और रऊफ़ समय पर ठीक नहीं होते हैं तो उन्हें विश्व कप में भाग लेने के संभावित विकल्प के रूप में माना जा सकता है। जबकि बाबर को उम्मीद है कि नसीम और रऊफ दोनों 6 अक्टूबर को हैदराबाद में नीदरलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के विश्व कप के पहले मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे, लेकिन जब इस जोड़ी के चूकने की स्थिति में आकस्मिक योजनाओं के बारे में पूछा गया तो कप्तान ने ज्यादा कुछ नहीं कहा।

आईसीसी वेबसाइट ने बाबर के हवाले से कहा, मैं आपको बाद में बताऊंगा। उन्होंने कहा, अभी आपको अपना प्लान बी नहीं बता रहा हूं। लेकिन हां, हारिस रऊफ की स्थिति बुरी नहीं हैं। उन्हें बस थोड़ा सा साइड स्ट्रेन हुआ है, लेकिन वह विश्व कप से पहले ठीक हो जाएंगे।

पाकिस्तानी कप्तान ने कहा, नसीम शाह भी... उन्होंने कुछ मैच मिस किए हैं, मुझे नहीं पता (कब तक) रिकवरी होगी, लेकिन मेरी राय में, नसीम शाह भी बाद में विश्व कप में होंगे। लेकिन देखते है। विश्व कप शुरू होने से पहले पाकिस्तान के पास कोई आधिकारिक 50 ओवर का मैच नहीं है, हालांकि उनके पास न्यूजीलैंड (29 सितंबर) और ऑस्ट्रेलिया (3 अक्टूबर) के खिलाफ दो अभ्यास मैच निर्धारित हैं जो आधिकारिक वनडे दर्जा नहीं रखते हैं।

# रोहित शर्मा में हमेशा लड़ने का जज्बा है : डिविलियर्स

**नई दिल्ली,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की प्रशंसा करते हुए कहा, वह एक फाइटर हैं और कभी किसी चुनौती से पीछे नहीं हटते।

मौजूदा एशिया कप में रोहित ने खुद को शानदार फॉर्म में पाया है क्योंकि उन्होंने नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ एक-एक अर्धशतक जमाया है। श्रीलंका के खिलाफ मुकाबले में, रोहित शर्मा ने वनडे में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की, जिसने उन्हें एलीट वर्ग के क्लब में पहुंचा दिया। वह वनडे में 10000 रन पूरे करने वाले छठे भारतीय बन गए। इसके साथ ही वह सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, सौरव गांगुली, ब्रायन लारा, क्रिस गेल, एमएस धोनी और भारत के वर्तमान



कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़कर विराट कोहली के बाद इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज सदस्य बन गए। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, रोहित 2000 रन बनाने में चौथे सबसे धीमे थे, लेकिन 10000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज़ खिलाड़ी थे। यह वापसी कैसी है? मेरे मन में उनके लिए बहुत सम्मान है। पहली बार जब मैंने उन्हें खेलते हुए देखा, तो मुझे लगा कि इस आदमी के पास देने के लिए कुछ खास है। मुझे उसके बारे में सबसे ज्यादा पसंद है - बहुत कम उम्र से ही, उसमें हमेशा लड़ने की भावना थी। वह किसी चुनौती से भी पीछे नहीं हटता था। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक मैच को भी याद किया जिसमें रोहित ने डेल स्टेन और मोर्ने मोर्कल जैसे दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों का सामना किया था और कहा, मैं डरबन में एक टेस्ट मैच के बारे में सोचता हूं जहां वह डेल स्टेन या मोर्ने मोर्कल और हमारे किसी भी तेज गेंदबाज के सामने टिक नहीं पाएंगे। वह आंखों से संपर्क करता था। अगर कोई उसे चिढ़ाता था। वह सीधे उन पर अटैक करता था। मुझे यह अंदाज हमेशा पसंद आया।

## बावुमा और नार्टजे के चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीकी की मुश्किलें बढ़ीं

**केप टाउन** 15 सितंबर (एजेंसियां)। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्टजे के बाद कप्तान टेम्बा बावुमा के भी चोटिल होने से दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलों में इजाफा हुआ है। नार्टजे पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी एकदिवसीय श्रृखंला से बाहर हो गए हैं जबकि कप्तान टेम्बा बावुमा भी चोटिल हाने के कारण शुक्रवार को सेंचुरियन में होने वाले चौथे वनडे में नहीं खेलेंगे।


कप्तान बवुमा की मांसपेशियों में खिंचाव है। ऑस्ट्रेलिया को सीरीज में बने रहने के लिए चौथा वनडे हर-हाल में जीतना होगा। दक्षिण अफ्रीका के इन खिलाड़ियों चोटिल होने से उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप से पहले अपने दोनों खिलाड़ियों को लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगी।

एडेन मार्करम अब चौथे वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी करेंगे। वो इस सीरीज में बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। टी20 सीरीज पहले ही दक्षिण अफ्रीका 3-0 से हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया की टीम पांच मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से आगे है। अगर दक्षिण अफ्रीका को सीरीज में बने रहना है तो फिर ये मुकाबला हर-हाल में जीतना होगा। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम चाहेगी कि ये मैच जीतकर सीरीज अपने नाम कर ले। मिचेल मार्श की अगुवाई में टीम ने अभी तक काफी अच्छा खेल दिखाया है।

नॉर्टजे पीठ में खिंचाव के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में पोटचेफस्ट्रूम में तीसरा वनडे नहीं खेल पाए थे। सीएसए की एक विज्ञप्ति में कहा, इस सप्ताह उनका स्कैन कराया गया और एक विशेषज्ञ से परामर्श लिया गया और वह प्रोटियाज मेडिकल टीम की देखरेख में इस सप्ताह के अंत में फिर से गेंदबाजी करना शुरू करेंगे। नॉर्टजे ने ब्लोमफोंटेन में सिर्फ दूसरा वनडे खेला जहां ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट पर 392 रन बनाए और नॉर्टजे ने 58 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे।

# वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बने रवींद्र जड़ेजा

**कोलंबो,** 15 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जड़ेजा वनडे में 200 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। जडेजा ने शुक्रवार को यहां आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप में बांग्लादेश के खिलाफ भारत के सुपर फोर मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। दस ओवरों में 1-53 के अपने स्पैल के दौरान शमीम हुसैन को टर्न और बाउंस के साथ एलबीडब्ल्यू करके जडेजा वनडे में 200 विकेट के जादुई आंकड़े तक पहुंच गए। वह वनडे में 200 विकेट लेने वाले भारत के एकमात्र बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं, उनके अलावा अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, अजीत आगरकर, जहीर खान, हरभजन सिंह और कपिल देव इस क्लब में शामिल हैं। 2023 एशिया कप में छह विकेट लेने वाले जडेजा, 1983 वनडे विश्व कप विजेता कप्तान और महान तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर कपिल देव के बाद 2500 रन और 200 विकेट का डबल पूरा करने वाले दूसरे भारतीय क्रिकेटर हैं। इस प्रारूप में, जहां वह इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनने वाले दुनिया के 14वें खिलाड़ी हैं। 34 वर्षीय जडेजा ने सात बार चार विकेट लिए हैं, जबकि वनडे में उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5-36 है, जो उन्होंने 2013 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के दौरान ओवल में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। जडेजा ने 67 टेस्ट में 275 विकेट और 64 टी20 में 51 विकेट भी लिए हैं।



## पाकिस्तान के खिलाफ जीत से मिली ज्यादा संतुष्टि : रवींद्र जड़ेजा

भारत के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का मानना है कि एशिया कप के सुपर फोर चरण में पाकिस्तान पर जीत से टीम को अधिक संतुष्टि मिली। साथ ही उन्होंने कहा कि श्रीलंका पर जीत भी शानदार थी। भारत पाकिस्तान और श्रीलंका पर क्रमश- 228 रन और 41 रन से जीत हासिल कर 17 सितंबर को होने वाले एशिया कप के फाइनल में पहुंच गया। सुपर फोर चरण का उनका आखिरी मैच शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ है, जिसके बाद वे रविवार को फाइनल में श्रीलंका से खेलेंगे। जडेजा ने प्रसारकों के साथ मैच चैट पर कहा, जब भी हम मैदान पर उतरते हैं, हम हमेशा भारत के लिए खेलने पर गर्व महसूस करते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ जीत ने हमें अधिक संतुष्टि दी, लेकिन साथ ही श्रीलंका के खिलाफ मैच भी एक शानदार खेल था। जड़ेजा ने कहा कि भारत ने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया, हमने अच्छी गेंदबाजी की और अच्छी फील्डिंग की। हम अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और हमें वहां जाने और अपने देश के लिए खेलने पर गर्व है। मैं अपनी गेंदबाजी पर काम कर रहा हूं। 34 वर्षीय ऑलराउंडर ने कई मैचों में पांच विकेट लिए हैं, जो बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के साथ एक मजबूत स्पिन जोड़ी साबित हुई है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, जब भी मैं मैदान पर उतरता हूं तो मैं स्टंप्स पर गेंदबाजी करने की कोशिश करता हूं और उन्हें जगह नहीं देने की कोशिश करता हूं। मैं फील्ड प्लेसमेंट को देखता हूं और इन सभी को ध्यान में रखते हुए, मैं बल्लेबाज के अनुसार गेंदबाजी करता हूं।

## सार संक्षेप

### कैलम विल्सन ने न्यूकैसल यूनाइटेड के साथ एक साल का अनुबंध बढ़ाया

**न्यूकैसल (इंग्लैंड)।** पिछले तीन सीजन में न्यूकैसल यूनाइटेड के प्रमुख गोल स्कोरर, कैलम विल्सन ने क्लब के साथ एक साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर किए, जो उन्हें 2025 तक सेंट जेम्स पार्क में बनाए रखेगा। इंग्लैंड इंटरनेशनल ने 2020 में बोर्नमाउथ से आने के बाद से 79 लीग मैचों में 40 गोल किए हैं, जिसमें इस सीज़न में चार मैचों में से दो शामिल हैं। जिससे वो क्लब के सर्वकालिक प्रीमियर लीग गोल स्कोरर चार्ट में पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह महान लेस फर्डिनेंड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं और आठ और गोल के साथ ये खिलाड़ी महान एलन शियरर के बाद सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। कुल मिलाकर, विल्सन ने 205 प्रीमियर लीग मैचों में 81 गोल किए और 22 गोलों में मदद की है। कैलम विल्सन ने कहा, मुझे यहां अपना समय बढ़ाने में खुशी हो रही है। यह एक शानदार फुटबॉल क्लब है। इसलिए अपना भविष्य इसके लिए प्रतिबद्ध करना अच्छा है। हमारे पास आगे देखने के लिए कुछ बेहतरीन चीजें हैं और मुझे लगता है कि यहां, शहर, प्रशंसक आधार के आसपास रहना खिलाड़ियों का सपना होता है। इसलिए, मैं अगले कुछ वर्षों तक यहां रहने का इंतजार नहीं कर सकता।

### शूटिंग विश्व कप में सागर डांगी छठे, सौरभ चौधरी 30वें स्थान पर रहे

**रियो डी जनेरियो।** सागर डांगी ने यहां खेली जा रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप राइफल/पिस्टल चरण के पहले दिन गुरुवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में छठा स्थान हासिल किया है। भारत के इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 157.4 का स्कोर अर्जित किए। शीर्ष आठ चरण में जगह बनाने वाला वह एकमात्र भारतीय है। इस स्पर्धा में इटली के फेडेरिको मालदिनी ने स्वर्ण पदक जीता। रियो विश्व कप में 16 सदस्यीय भारतीय टीम सात ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा ले रही है। कल दूसरा स्वर्ण महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में अर्मेनिया को मिला। इस प्रतिस्पर्धा में भारत को कोई खिलाड़ी नहीं था। सागर ने 60-शॉट क्वालिफिकेशन राउंड में 581 का स्कोर किया। पदक की दौड़ में शामिल अन्य भारतीयों में श्रवण कुमार 576 अंक के साथ 15वें स्थान पर रहे, जबकि सौरभ चौधरी 572 अंक के साथ 30वें स्थान पर रहे। केवल रैंकिंग अंकों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे केदारलिंग उचागांवे ने 576 अंक हासिल किए।